* ओड़िशा संस्करण

01 जून, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 221

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही










# दुमका, राजमहल और गोड्डा में मतदान आज

- 52.32 लाख मतदाता करेंगे 52 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** देश में सातवें यानी अंतिम चरण के लिए मतदान शनिवार को होगा। इस आखिरी चरण में झारखंड के संताल क्षेत्र की तीन सीटें दुमका, गोड्डा और राजमहल भी शामिल हैं। इन तीन सीटों पर कुल 53 लाख 23 हजार 886 मतदाता हैं। उनमें 27,00,538 पुरुष, 26,23,315 महिला और 33 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इन तीनों क्षेत्रों से 52 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां कुल 6258 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। मतदाता अपना वोट सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक डाल सकेंगे।

**तीनों सीटों पर प्रमुख प्रत्याशी :** संताल की तीन सीटों पर मुख्य रूप से एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच संघर्ष है। गोड्डा से भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे, कांग्रेस से प्रदीप यादव, बसपा से बजरंगी महथा प्रत्याशी हैं। दुमका से भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन उम्मीदवार हैं। वहीं, राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो के विजय हांसदा, भाजपा के ताला मरांडी और निर्दलीय (झामुमो के बागी) लोबिन हेंब्रम मैदान में हैं।

| राजमहल लोकसभा क्षेत्र | दुमका लोकसभा क्षेत्र | गोड्डा लोकसभा क्षेत्र |
|---|---|---|
| कुल मतदाता: 17,04,671 | कुल मतदाता: 15,91,061 | कुल मतदाता: 20,28,154 |
| पुरुष मतदाता: 8,51,165 | पुरुष मतदाता: 7,99,045 | पुरुष मतदाता: 10,50,328 |
| महिला मतदाता: 8,53,496 | महिला मतदाता: 7,92,010 | महिला मतदाता: 9,77,809 |
| थर्ड जेंडर मतदाता: 10 | थर्ड जेंडर मतदाता: 6 | थर्ड जेंडर मतदाता: 17 |
| कुल मतदान केंद्र: 2020 | कुल मतदान केंद्र: 1891 | कुल मतदान केंद्र: 2347 |

## प्रधानमंत्री, दो केंद्रीय मंत्री और चार अभिनेताओं के भाग्य का फैसला

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार को सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी।

इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दो केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और अनुराग ठाकुर मैदान में हैं। चार फिल्मी हस्तियां कंगना रानौत, रवि किशन, पवन सिंह और काजल निषाद के भी भाग्य का फैसला इसी चरण में होगा। वहीं, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, अफजाल अंसारी, विक्रमादित्य सिंह भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

सातवें फेज में 904 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 809 पुरुष और 95 महिला उम्मीदवार हैं।

### किन-किन राज्यों में कितनी सीटों पर मतदान

पंजाब-13, उत्तरप्रदेश-13, पश्चिम बंगाल-नौ, बिहार-आठ, ओड़िशा-छह, हिमाचल प्रदेश-चार, झारखंड-तीन, चंडीगढ़-एक

# प्रधानमंत्री मोदी की मौन साधना का दूसरा दिन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कन्याकुमारी।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिए चुनाव प्रचार थमने के बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में मौन साधना में चले गये हैं। इस साइलेंट आवर में प्रधानमंत्री तमिलनाडु के कन्याकुमारी में 45 घंटे की मौन साधना कर रहे हैं। शुक्रवार को उनके ध्यान का दूसरा दिन रहा। प्रधानमंत्री ने सुबह सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी साधना की शुरुआत की। प्रशासन की ओर से भी उनकी सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये हैं। इसके बाद वह विवेकानंद रॉक मेमोरियल के पास तमिल संत तिरुवल्लुवर की प्रतिमा को माल्यार्पण भी करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री की यह साधना 1 जून की शाम तक चलेगी।

# महागठबंधन की बैठक में चंपाई और कल्पना आज होंगे शामिल

## मुख्यमंत्री ने होटवार जेल में हेमंत से की मुलाकात

- मुख्यमंत्री ने हेमंत सोरेन को चुनाव में महागठबंधन के प्रयासों के बारे में दी जानकारी, भविष्य की रणनीति पर हुई बातचीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइएनडीआइए गठबंधन की शनिवार शाम को नयी दिल्ली में बैठक हो रही है। इस बैठक में झारखंड से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल होंगी। इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रांची के होटवार जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की। चर्चा है कि लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को लेकर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई है। साथ ही गठबंधन की बैठक को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शुक्रवार सुबह होटवार जेल पहुंचे। वहां पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लंबी बातचीत की। हालांकि दोनों के बीच क्या बातचीत हुई है, इसका खुलासा नहीं हो पाया। चर्चा है कि लोकसभा चुनाव को लेकर झामुमो और इंडी गठबंधन की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री ने हेमंत सोरेन को इनपुट दिया है। चंपाई ने इसके पहले भी 4 अप्रैल को हेमंत सोरेन से होटवार जेल में मुलाकात की थी। गौरतलब है कि इडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की शाम गिरफ्तार किया था, तब से वह हिरासत में ही हैं।



### कांग्रेस ने बुलायी है गठबंधन की बैठक

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस ने 1 जून को विपक्षी गठबंधन की बैठक बुलायी है। चर्चा है कि इस निमंत्रण को सभी दिग्गजों ने स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि ममता बनर्जी चुनावी व्यस्तताओं के कारण बैठक का हिस्सा नहीं होंगी, लेकिन उनकी पार्टी का प्रतिनिधि मौजूद रहेगा। बैठक में राहुल गांधी, शरद पवार, सपा के अखिलेश यादव, राजद से तेजस्वी यादव, पीडीपी से महबूबा मुफ्ती, नेकां से फारूख अब्दुल्ला, डीएमके से टीआर बालू, झामुमो के चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन शरीक होंगे। शिवसेना यूबीटी से उद्धव ठाकरे देश से बाहर हैं, लिहाजा उनका प्रतिनिधि शामिल होगा।?वहीं, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आम आदमी पार्टी से अरविंद केजरीवाल के अलावा सहयोगी पार्टियां हिस्सा होंगी। बैठक में मतगणना तैयारियों और फार्म 17 सी को लेकर कार्यकर्ताओं को सचेत किया जायेगा।

# लपेटे में आ सकते हैं ग्रामीण विकास विभाग के दो पूर्व सचिव भी

- मंत्री आलमगीर आलम ने अधिकारियों के नाम लिये, बयान की समीक्षा कर रही इडी
- मंत्री के दो रिश्तेदार और एक करीबी को समन करने की तैयारी

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग में ठेका आवंटित करने के एवज में कमीशन वसूलने के खेल में राज्य सरकार के दो अन्य आइएएस अधिकारी भी लपेटे में आ सकते हैं। ये दोनों अधिकारी ग्रामीण विकास विभाग में पहले सचिव रह चुके हैं। रिमांड पर लिये गये सरकार के मंत्री आलमगीर आलम ने इन दो अधिकारियों के नाम लिये हैं। साथ ही राज्य प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारी भी इडी की रडार पर आ सकते हैं। इडी के अधिकारी मंत्री के बयान की समीक्षा कर रहे हैं। वर्ष 2019 के बाद ग्रामीण विकास विभाग में कितना ठेका-टेंडर हुआ है, इसकी सूची विभाग से मांगी गयी है। साथ ही इडी ने सरकार से ग्रामीण विकास में वर्ष 2019 से 2024 तक कितने अधिकारी पदस्थापित हुए, इसकी सूची मांगी है।

मंत्री ने इडी के अधिकारियों को बता दिया था कि किस तरह से ठेका-टेंडर का आवंटन होता है। मंत्री और उनके रिश्तेदारों की संपत्ति का पता लगाया जा रहा है। मंत्री के दो रिश्तेदारों को जल्द इडी समन कर सकती है। संथाल इलाके का एक करीबी मो हाशिम को भी नोटिस भेजा जा सकता है। चार साल में उसकी संपत्ति में कई गुना वृद्धि हुई है। 3 जून को फिलहाल पूर्व सचिव मनीष रंजन से पूछताछ होगी, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। टेंडर कमीशनखोरी में विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल, नौकर जहांगीर आलम, मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम सहित अन्य की गिरफ्तारी हो चुकी है। नौकर के यहां से करीब 34 करोड़ रुपये कैश मिले थे। दो डायरी भी बरामद हुई थी। प्रोजेक्ट भवन के ओएसडी के कार्यालय से कई सिफारिशी पत्र बरामद हुए हैं। उनकी जांच अलग से की जा रही है।

**कर्नाटक सेक्स स्कैंडल**

## प्रज्ज्वल 6 जून तक एसआइटी की हिरासत में

**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु कोर्ट ने शुक्रवार को 6 दिन की एसआइटी की कस्टडी में भेजा है। वे गुरुवार रात 35 दिन बाद जर्मनी से भारत पहुंचे थे। बेंगलुरु के कैम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के बाद रात करीब 1 बजे एसआइटी ने उन्हें हिरासत में लिया था। प्रज्वल को टीम एसआइटी ऑफिस ले गयी। जहां उन्हें रातभर रखा गया था। प्रज्वल को गिरफ्तार करने के लिए महिला पुलिस भेजी गयी थी। गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार सुबह पूछताछ से पहले प्रज्वल को बॉरिंग और लेडी कर्जन हॉस्पिटल में मेडिकल के लिए ले जाया गया था। वहीं, उनके वकील अरुण भी एसआइटी ऑफिस में मौजूद थे। मेडिकल के बाद प्रज्वल को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया था। प्रज्वल हासन लोकसभा सीट से जेडीएस के उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ तीन महिलाओं से यौन उत्पीड़न के तीन मामले दर्ज हैं।

## न्यूज रील्स

### आरबीआइ ने ब्रिटेन से 100 टन सोना वापस मंगाया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने ब्रिटेन से अपना 100 टन (करीब 1 लाख किलो) सोना वापस मंगा लिया है। यह 1991 की शुरुआत के बाद पहली बार है, जब इतना अधिक सोना भारत के भंडार में वापस आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च 2024 के अंत तक आरबीआइ के पास कुल 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेशों में जमा था। आरबीआइ पिछले कुछ सालों में सोना खरीदने वाले केंद्रीय बैंकों में से एक है। पिछले वित्त वर्ष में रिजर्व बैंक के सोने के भंडार में 27.5 टन सोना बढ़ा है। आरबीआइ केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी सोना रखता है। सभी देशों के केंद्रीय बैंक सोने को अलग-अलग जगहों पर रखना चाहते हैं, ताकि जोखिम कम हो सके। अगर भारत में आपदा या राजनीतिक अस्थिरता से आर्थिक स्थिति खराब होती है, तो इससे उबरने में विदेशों में रखा सोना काम आता है।

### मेरे प्राण चले जायें तो गम मत करना : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 21 दिन की जमानत शनिवार को खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को वीडियो जारी कर केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर खुद को प्रताड़ित करने के आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मैं रविवार को 3 बजे सरेंडर करूंगा। इस बार मेरे प्राण चले जायें तो गम मत करना। जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी। इन्होंने मुझे झुकाने की कोशिश पहले भी की है, लेकिन ये सफल नहीं हुए। दरअसल, शराब नीति घोटाले के आरोपों को लेकर इडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल में सरेंडर करने को कहा गया था।

# सात राज्यों में हीटवेव से 79 लोगों की मौत

- झारखंड में 15, बिहार में 44 लोगों ने दम तोड़ा
- केरल पहुंचा मानसून, झारखंड में 15 जून तक आने की उम्मीद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश के सात राज्यों में हीटवेव के कारण गुरुवार को 79 लोगों की मौत हुई। इनमें सबसे ज्यादा बिहार में 44 लोगों की जान गयी। झारखंड में 15 लोगों की मौत की खबर है। ओड़िशा के राउरकेला में छह घंटे के दौरान 10 लोगों ने दम तोड़ दिया। राजस्थान में पांच लोगों की मौत हुई। छत्तीसगढ़ में तीन और उत्तर प्रदेश-दिल्ली में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। हालांकि मौत के आंकड़े अभी आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किये गये हैं। लोगों को गर्मी से अभी अधिक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हालांकि मानसून केरल पहुंच गया। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में भी मानसून की एंट्री हो गयी। दिल्ली में मानसून 27 जून तक आने का अनुमान है। झारखंड में 15 जून तक मानसून पहुंचने की उम्मीद है।



### मिर्जापुर में चुनाव ड्यूटी पर लगे 13 कर्मियों की मौत

**मिर्जापुर (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए ड्यूटी पर तैनात 13 चुनावकर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। यहां स्थित मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन सभी कर्मियों की मौत के सटीक कारण का पता अभी नहीं चल सका है। मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजबहादुर कमल ने बताया कि मृतकों में 7 होमगार्ड जवान, तीन सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी और होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है। मिर्जापुर में शनिवार को आखिरी चरण के तहत लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।


१ੳ

''घल्ले आवे नानका, सद्दे उठ्ठे जाये''



**सरदारनी बलवंत कौर खनूजा**

हमारी पूज्य माता जी सरदारनी बलवंत कौर खनूजा (धर्मपत्नी स्वर्गीय सरदार हरजीत सिंह खनूजा) का 31.05.2024 शुक्रवार अपराह्न 3 बजे निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा हमारे पैतृक आवास 14/407, काशीडीह, साकची (साकची गुरुद्वारा पेट्रोल पंप के सामने) दिनांक 02.06.2024 दिन रविवार को सुबह 10:00 गुरुद्वारा साहिब साकची होते हुए स्वर्णरेखा बर्निंग घाट, भुइयांडीह पहुँचेगी।

शोकाकुल :-
पुत्र :-
त्रिलोचन सिंह 'पम्मी', दलजीत सिंह 'राज़े', अमरप्रीत सिंह 'काले'
रणबीर सिंह 'बब्बू' एवं समस्त खनूजा परिवार

# मोदी कुछ बोलें, तो मुश्किल, कुछ न बोलें, तब भी मुश्किल

## ■ कहीं मोदी ने जोर से सांस ले ली, तो विपक्ष कहने लगेगा-ज्यादा ऑक्सीजन खींच रहे हैं

## ■ प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान का प्रचार मीडिया क्या करेगी, विपक्ष ही चिल्ला-चिल्ला कर कर रहा

## ■ विपक्ष की बेचैनी बताती है कि चुनावी ऊंट किस करवट बैठने वाला है

**आजाद सिपाही विशेष**

**जैसे ही लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की प्रचार अवधि खत्म हुई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी पहुंच गये। अचानक खबर आयी कि पीएम मोदी समंदर में बनी विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में 45 घंटे यानी 1 जून की शाम तक ध्यानमग्न रहेंगे। यह सूचना आते ही विपक्ष या यूं कहें इंडी गठबंधन वाले बेचैन हो गये। उन्हें समझ में ही नहीं आया कि उनके साथ यह हुआ क्या। वैसे भी आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते ही हैं। 2019 के चुनाव प्रचार के बाद वह केदारनाथ गये थे और साल 2014 में भी वह शिवाजी महाराज से संबंधित प्रतापगढ़ गये थे। यह पीएम की ताकत ही है कि जब वह बोलते हैं, तब तो विपक्ष हमलावर रहता ही है, लेकिन जब वह नहीं बोलते हैं, यानी जब उन्होंने मौन व्रत धारण कर ध्यान में लीन हो गये, तब भी विपक्षी नेता बेचैन हो गये हैं। अब तो यही बचा है कि पीएम मोदी एक मिनट में दो बार से अधिक सांस भी ले लेंगे, तब भी विपक्ष यही कहेगा कि देखो-देखो, नरेंद्र मोदी पर्यावरण का दोहन कर रहे हैं। वह दो बार एक्स्ट्रा ऑक्सीजन खींच रहे हैं। यह पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इस दो एक्स्ट्रा ऑक्सीजन पर देश की जनता का हक है। हम देश की जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। जाति आधारित जनगणना करवा कर इस ऑक्सीजन पर पहला हक इनमें अल्पसंख्यकों को देंगे। अरे, क्या हुआ अगर पीएम मोदी ध्यान कर रहे हैं। वह कहीं भी ध्यान कर सकते हैं। विपक्ष वाले भी ध्यान कर सकते हैं, किसने रोका है। अगर ध्यान करने में दिक्कत है, तो नाच सकते हैं, गा सकते हैं, लड्डू का भी ऑर्डर दे सकते हैं, किसने रोका है। वैसे बौखला भी सकते हैं। उन्हें पूरा हक है। यह तो कानून में कहीं नहीं लिखा है कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद कोई भी प्रत्याशी या प्रधानमंत्री ध्यान में नहीं जा सकता। यहां प्रचार तो हो नहीं रहा। ध्यान के समय पीएम मोदी थोड़े भाजपा का पोस्टर लगा कर ध्यान में बैठे हैं। थोड़े न वहां '80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन', 'तीन करोड़ लोगों को मकान' का बैनर लगा हुआ है। वहां तो सिर्फ ओम की तस्वीर है, जिसके सामने पीएम मोदी ध्यान में बैठे हैं। भारत में राजनीति भी गजब की होती है। खुद तो राहुल गांधी भाषण देते-देते सिर पर पानी डाल बोलते हैं कि बहुत गर्मी है। लेकिन वही कार्य अगर पीएम मोदी कर लें, तो विपक्ष बोलेगा कि देश में पीने का पानी नहीं है और पीएम पानी बर्बाद कर रहे हैं। यह गरीबों के साथ अन्याय है। स्वच्छ पानी आरक्षण के तहत मिलना चाहिए। न्याय यात्रा निकालनी पड़ेगी। पीएम पानी बर्बाद नहीं कर सकते। फिलहाल मोदी ध्यान में हैं और इंडी वालों की नींद उड़ी हुई है। लेकिन इस ध्यान मात्र से ही मोदी ने एक ऐसा संदेश दे डाला है, जो समाज के लिए बहुत ही प्रेरणादायी है। इस उम्र में भी 45 घंटे तक ध्यानमग्न कोई मामूली बात नहीं है। यह कार्य कोई संत या योगाचार्य ही कर सकता है। यह कार्य खुद में एक चैलेंज भी है। आखिर मोदी के मौन होने के बाद भी विपक्ष में बौखलाहट क्यों है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

### ज्ञान प्राप्ति का केंद्र

भारत का सबसे दक्षिणी छोर, कन्याकुमारी यानी वह स्थान, जहां भारत की पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाएं मिलती हैं। ये हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का भी मिलन बिंदु है। विवेकानंद से प्रभावित प्रधानमंत्री 70 से ज्यादा दिनों तक चुनाव प्रचार खत्म करने के बाद गुरुवार शाम उस ऐतिहासिक जगह पहुंचे, जहां विवेकानंद को अपनी जिंदगी का मकसद मिला था। लोकसभा चुनाव प्रचार थमते ही पीएम मोदी गुरुवार यानी 30 मई की शाम कन्याकुमारी पहुंचे। उनका कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में 45 घंटे का ध्यान जारी है। यहां से पीएम के ध्यान की तस्वीरें भी सामने आयी, जिसमें वह ओम के सामने बैठ कर ध्यान लगाते नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी यहां 1 जून तक ध्यानमग्न रहेंगे। अपने 45 घंटे के ध्यान के दौरान पीएम मोदी सिर्फ तरल आहार लेंगे और इस दौरान वह केवल नारियल पानी और अंगूर के जूस का सेवन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान पीएम मोदी मौन व्रत का पालन भी करेंगे और ध्यान कक्ष से बाहर नहीं निकलेंगे। इसके पहले कन्याकुमारी पहुंच कर पीएम ने सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। पूजा के दौरान मोदी ने सफेद मुंडु (दक्षिण भारत का एक परिधान) और शॉल पहना था। पुजारियों ने उनसे विशेष आरती करायी। प्रसाद, शॉल और देवी की तस्वीर दी। विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी। कन्याकुमारी कई मायनों में भारत के लिए खास है। यहीं पर भारत की पूर्वी और पश्चिमी तटीय रेखा मिलती है। कन्याकुमारी में ही अरब सागर, हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी का मिलन होता है। कन्याकुमारी जाकर एक तरह से पीएम मोदी ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है।

### विपक्ष में बौखलाहट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कन्याकुमारी में 45 घंटे की ध्यान साधना शुरू किये जाने पर विपक्ष के नेताओं ने तंज कसना शुरू कर दिया है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कन्याकुमारी दौरा सामने आया, तभी से विपक्ष में बौखलाहट साफ दिखने लगी। कन्याकुमार डीएमके यूनिट ने भले ही अब एक याचिका कलेक्टर को दी है, लेकिन कांग्रेस, सीपीआइ और टीएमसी की तरफ से आरोप लगाया जा रहा है कि पीएम का दौरा साधना नहीं है, बल्कि यह चुनावी कैंपेन का तरीका है। उनका आरोप है कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। अगर उनका दौरा होता है तो प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को कवरेज की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव,



राजद नेता तेजस्वी यादव और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे प्रचार पाने का तरीका करार दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि छह चरणों में हुए चुनाव को देख कर भाजपा पूरी तरह लड़खड़ा गयी है। उसको आइएनडीआइए का मतलब समझ में नहीं आ रहा है। वह इतनी घबरायी हुई है कि आइएनडीआइए को इंडी गठबंधन बोल रही है। उन्होंने कहा कि सातवें चरण में काशी की सीट भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हारने वाले हैं। यही वजह है कि अब पीएम तपस्या और ध्यान करने चले गये हैं। कितनी भी तपस्या कर लें, जनता उन्हें छोड़ेगी नहीं। बाद में बतायेंगे कि तपस्या में कुछ कमी रह गयी।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी पीएम मोदी के ध्यान पर हमला बोला है। तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री ध्यान लगाने नहीं, बल्कि फोटो खिंचवाने और फिल्म बनवाने जा रहे हैं। पिछली बार गुफा में बैठ कर फोटो खिंचवा रहे थे। मोदीजी से आग्रह है कि ध्यान लगाने जा रहे हैं तो ध्यान में बाधा उत्पन्न करने वाली चीजें साथ में न लेकर जायें। ध्यान बंटाने वाली चीजों से परहेज करें और कैमरे वगैरह पर रोक लगायें।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी पीएम मोदी के कन्याकुमारी में ध्यान लगाने को लेकर सवाल किया। ममता बनर्जी ने कहा कि 30 मई की शाम को चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद साइलेंट पीरियड होगा। ऐसे में उनके ध्यान को टेलीकास्ट करने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। ममता ने कहा कि प्रधानमंत्री की कुर्सी बहुत मूल्यवान है और इसकी संवैधानिक जिम्मेदारियां हैं, लेकिन उन्हें इसकी परवाह नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर चुनाव में अंतिम चरण के मतदान से 48 घंटे पहले मोदी प्रचार पाने के लिए कहीं ध्यान पर बैठ जाते हैं। पीएम ने 2019 के चुनाव अभियान के बाद केदारनाथ की गुफा में इसी तरह का ध्यान किया था। ममता ने कहा कि वह ध्यान कर सकते हैं, लेकिन कैमरों की मौजूदगी में क्यों? उन्होंने दावा किया कि भाजपा से प्रभावित मीडिया राजनीतिक स्वार्थों के लिए पूरे दिन इसकी फुटेज दिखाती रहेगी।

### आखिर विपक्ष में बौखलाहट क्यों है

इस सवाल का जवाब बहुत ही आसान है। जो व्यक्ति बिना कुछ कहे बहुत कुछ कह जाता है, उसे मोदी कहते हैं। यह हुनर विपक्षी नेताओं में किसी के पास नहीं है। विपक्ष मोदी से इतर कुछ भी नहीं सोच सकता। वहीं मोदी योजनाओं का सृजन करते रहते हैं। मात्र ध्यानमग्न से ही मोदी ने करोड़ों सनातनियों को एक मैसेज दे डाला। बिना कुछ कहे मोदी ने ध्यानमात्र से ही करोड़ों सनातनियों का ध्यान अपनी ओर खिंच लिया है। भले मोदी कुछ न कहें, लेकिन उन्होंने विपक्षियों को बोलने पर मजबूर कर दिया है। भले मोदी ने अपना प्रचार अभियान खत्म कर दिया हो, लेकिन विपक्ष मोदी का झंडा बुलंद किये हुए है। वह चिल्ला-चिल्ला कर लोगों के कान में खुद बता देगा कि देखो-देखो मोदी ध्यान कर रहे हैं। सनातन का प्रचार कर रहे हैं। प्रचार तंत्र तो खुद विपक्ष ही बना हुआ है। टीवी चैनल और मीडिया को मोदी के ध्यान का दृश्य दिखाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। विपक्ष का बयान चला देना है बस हो गया काम। यही तो भाजपा भी चाहती होगी है। यहां विपक्ष को साइलेंट हो जाना चाहिए था। लेकिन भला इन्हें समझाये कौन। इनसे ज्यादा ज्ञानी कोई थोड़े है। बहुत पढ़े-लिखे हैं भाई। बहुत तरबूजा है इन्हें, माफ कीजियेगा तजुर्बा है। मोदी सनातन धर्म का एक ऐसा चेहरा हैं जो हर वक्त इसके उत्थान में लगे रहते हैं। सनातनियों को जोड़ने का काम निरंतर चलता रहता है। ध्यान मग्न होना या मैडिटेशन तो सनातनियों की ऐसी ताकत है, जो नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखती है। सृष्टि को समझने का अनूठा प्रयास है ध्यान। ध्यान मात्र से सृष्टि की अज्ञात ताकतों से संपर्क में आया जा सकता है। जिस तरह से इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के साथ उनके रोड शो और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का आंकड़ा जोड़ा जाये तो यह संख्या 206 है। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान 80 से ज्यादा मीडिया चैनलों, अखबारों, यूट्यूबरों, ऑनलाइन मीडिया माध्यमों को अपना साक्षात्कार दिया। मतलब औसतन हर दिन पीएम मोदी ने दो से ज्यादा रैलियां और रोड शो के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, पीएम मोदी मार्च में चुनाव की घोषणा से पहले फरवरी और मार्च की 15 तारीख तक 15 रैलियां कर चुके थे। इतनी मेहनत के बाद अगर कोई ध्यान या मेडिटेट करना चाहता है तो इसमें किसी को कोई दिक्कत क्यों हो रही है। वैसे भी बहुत नेता हैं, जो चुनाव खत्म होते ही बैंकॉक, थाइलैंड या इटली की यात्रा पर निकल जाते हैं। सबकी अपनी-अपनी स्टाइल है। सब अपने हिसाब से समय का उपयोग करते हैं।

### यह पीएम मोदी का निजी मामला : डीके शिवकुमार

वहीं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कन्याकुमारी में ध्यान करने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह उनका निजी मामला है। इसमें किसी को क्यों हस्तक्षेप करना चाहिए। एक सवाल के जवाब में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि भगवान और भक्ति उनका निजी मामला है। हमें उनकी प्रार्थना और ध्यान में क्यों हस्तक्षेप करना चाहिए।

### चुनावी कानून के तहत कोई रोक नहीं

चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री की ध्यान यात्रा करने पर चुनावी कानून के तहत कोई रोक नहीं है। चुनाव आयोग ने इसी तरह की अनुमति 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पीएम मोदी को दी थी। कांग्रेस ने 29 मई को आरोप लगाया था कि पीएम की ध्यान यात्रा आचार संहिता का उल्लंघन है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि मोदी के ध्यान को मीडिया में प्रसारित नहीं होने दिया जाये। हालांकि, जानकार सूत्रों ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 का हवाला दिया। इसमें मौन अवधि (साइलेंट टाइम) के दौरान जनसभा या चुनाव प्रचार पर रोक का जिक्र है। वोटिंग खत्म होने से 48 घंटे पहले साइलेंट टाइम शुरू हो जाता है। लोकसभा चुनाव में आखिरी फेज का चुनाव प्रचार 30 की शाम 5 बजे खत्म हो चुका है। इस फेज में 1 जून को वाराणसी सीट में भी वोटिंग होगी। जानकारों के मुताबिक, इस कानून में वह क्षेत्र ही आता है, जहां वोटिंग होनी है।

---

# सरकारी नौकरी लगने के बाद पहली बार अपने गांव पहुंची हॉकी खिलाड़ी रोपनी

**नन्हे-मुन्ने खिलाड़ियों को दे रही प्रशिक्षण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत जामबहार की रोपनी कुमारी, जो सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य है, वह नौकरी लगने के बाद पहली बार अपने घर आयी है। नौकरी मिलने के बाद अपने गांव पहुंच कर रोपनी कुमारी सुबह शाम जामबहार के नन्हे मुन्ने हॉकी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी दे रही है। साथ ही इन नन्हे मुन्ने हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी बॉल, स्टिक बैग और मिठाई देकर प्रोत्साहित भी कर रही है। गरीबी की कोख से जन्मी और बचपन में ही पिता का साया खोकर विपरीत परिस्थितियों से पली बढ़ी रोपनी कुमारी ने गांव के




बुजुर्गों को साड़ी और धोती देकर सम्मानित भी किया है। इसी गांव की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी पूर्णिमा कुमारी एवं राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी अंजनी कुमारी भी ग्रीष्म अवकाश में घर आयी हैं और वे भी गांव के बच्चो को खेल के गुर सिखा रही हैं।

हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी अहले सुबह आत्मनिर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र जामबहार में अभ्यास कर रहे इन बच्चों के खेल मैदान पहुंचे और इनका मनोबल बढ़ाया। साथ ही इनके प्रशिक्षण के लिए इनके लिए कुछ नियमावली भी बनायी, ताकि बच्चे नियमित रूप से मैदान आयें। इनका अभ्यास समाप्ति के बाद हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी ने खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और ग्रामीणों के साथ एक बैठक भी की है। उन्हें कहा कि आप लोग अपने बच्चों को नियमित रूप से प्रत्येक दिन सुबह शाम प्रशिक्षण के लिए मैदान भेजे, अपने बच्चों को मोबाइल और विभिन्न कुरीतियों से दूर रखे और उन्हें खेल मैदान की आदत डाले, जिससे कि आगे चल कर आपके बच्चे भी रोपनी कुमारी और पूर्णिमा कुमारी बन सकें। अपने गांव के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा से तत्पर रहने वाले धनबाद में कार्यरत शिक्षक सहदेव मांझी भी अभी छुट्टियों में घर आये हुए है। उन्होंने भी कहा कि आप लोग बस बच्चों को नियमित रूप से मैदान और स्कूल भेजें। मेरा हमेशा की तरह आगे भी सहयोग रहेगा। हम लोग इनको बढ़ाने के लिए दूर रह कर भी नजर बनाये रखेंगे और आवश्यकतानुसार मार्गदर्शकों का सहयोग लेते रहेंगे। 700 से 800 जनसंख्या में और 100 से भी अधिक परिवार वाले इस गांव में रोपनी कुमारी पहली महिला है, जिसे सरकारी नौकरी मिली है।

---

# हाइकोर्ट ने कहा: एक बार मिली जमानत तब तक रद्द नहीं हो सकती, जब तक शर्तों का उल्लंघन न हो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि अगर किसी अभियुक्त को एक बार जमानत दे दी जाती है, उसकी जमानत तब तक रद्द नहीं की जा सकती, जब तक कि वह जमानत की शर्तों का उल्लंघन न करे या निष्पक्ष सुनवाई में बाधा न डाले। दरअसल, जमशेदपुर सिविल कोर्ट ने दीक्षा कुमारी को एक आपराधिक मामले में आपसी समझौते के आधार पर जमानत दी थी, जिसके खिलाफ अमित कुमार ने हाइकोर्ट में क्रिमिनल मिस्लीनियस पिटीशन दाखिल कर जमानत रद्द करने का आग्रह किया था। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान अमित कुमार की ओर से यह बहस की गयी कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते की शर्तों का पालन करने में विफल रहा है। वहीं राज्य सरकार की ओर से यह दलील दी गयी कि समझौते की शर्तों का पालन न करना जमानत रद्द करने का आधार नहीं बन सकता है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जमशेदपुर कोर्ट के द्वारा दीक्षा कुमारी को दी गयी जमानत को रद्द करने से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। जमशेदपुर कोर्ट ने दीक्षा कुमार को वर्ष 2022 में जमानत दी थी। जमशेदपुर कोर्ट में लंबित मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ है।

### मेडिकल और ओरल एविडेंस विरोधाभास हो, तो आइ विटनेस पर भरोसा नहीं: हाइकोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट ने एक क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए कहा है कि जहां भी चिकित्सा साक्ष्य और मौखिक साक्ष्य के बीच विरोधाभास है, वहां प्रत्यक्ष साक्ष्य पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। दरअसल, सरायकेला-खरसावां सिविल कोर्ट ने निराकार महतो को माधो सिंह मुंडा की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। निराकार महतो ने इस फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में इस मामले पर सुनवाई हुई। निराकार महतो की ओर से अधिवक्ता सोनम कुमारी ने बहस की। अधिवक्ता सोनम की ओर से इस केस में की गयी मेहनत की सराहना करते हुए हाइकोर्ट ने उन्हें 11 हजार रुपये फीस के तौर पर देने का निर्देश भी दिया। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने कहा कि कानून में यह अच्छी तरह से स्थापित है कि अभियोजन पक्ष के गवाह के साक्ष्य में मामूली विसंगतियों पर अनावश्यक जोर नहीं दिया जाता, लेकिन जहां प्रत्यक्ष साक्ष्य, चिकित्सा साक्ष्य को गंभीर रूप से चुनौती देता है, वहां अभियोजन पक्ष के मामले को असंगत माना जाना चाहिए। इसलिए जहां भी चिकित्सा साक्ष्य और मौखिक साक्ष्य के बीच घोर विरोधाभास है, वहां प्रत्यक्ष साक्ष्य पर विश्वास नहीं किया जा सकता है।

#### 1991 में हुई थी माधो मुंडा की हत्या

परशुराम महतो के बयान के आधार पर वर्ष 1991 में निराकार महतो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोप लगाया गया कि निराकार महतो ने अन्य लोगों के साथ मिल कर माधो सिंह मुंडा पर हमला किया। इस हमले के बाद माधो सिंह मुंडा की मृत्यु हो गयी।

# इंडिया ने हार स्वीकार ली है, आज की बैठक नेता प्रतिपक्ष चुनने के लिए: वाजपेयी

## विपक्ष अपने आराध्य के सामने ध्यान लगाता, तो अच्छा होता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा है कि दिशाहीन विपक्ष पीएम नरेंद्र मोदी के ध्यान का विरोध करता है। दो महीने के चुनाव प्रचार के बाद विपक्ष भी अपने आराध्य के सामने ध्यान लगाता, तो अच्छा होता। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। विपक्ष 1 जून को नेता प्रतिपक्ष चुनने के लिए बैठक कर रहा है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे।



**झारखंड में 14 और देश में 400 सीटों पर जीत :** लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दावा किया कि एनडीए झारखंड की सभी लोकसभा सीटों और पूरे देश में 400 सीटों पर जीत हासिल करेगा यह चुनाव जनता ने लड़ा है। लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा है। लोगों ने भाजपा के 10 साल के कामों को देख कर वोट दिया है। उन्होंने कहा कि हम विकास के मुद्दे को जनता के बीच लेकर गये हैं। आरक्षण को लेकर सही जानकारी जनता तक पहुंचायी गयी है। विपक्ष अपने ही जाल में फंस गया है। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे दिल से प्रत्याशियों का समर्थन किया है। सभी प्रत्याशी जीतेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा गठबंधन ही सभी 14 सीटों पर जीत हासिल कर सकता है।

### 10 साल में मोदी ने विकास का आयाम गढ़ा

वाजपेयी ने कहा कि पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल में विकास का बड़ा आयाम गढ़ा गया और विकास लोगों तक पहुंचा। कम मतदान को लेकर झारखंड भाजपा प्रभारी ने कहा कि गर्मी के कारण मतदान में थोड़ी कमी आयी है। इस दौरान प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

कांग्रेस आलाकमान ने दिया निर्देश

# कांग्रेस के प्रवक्ता एग्जिट पोल की चर्चा में नहीं होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। सातवें चरण में मतदान समाप्त होने के बाद अलग-अलग टीवी चैनलों, सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाले एग्जिट पोल डिबेट में कांग्रेस पार्टी अपने प्रवक्ताओं को नहीं भेजेगी। पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पार्टी सूत्रों ने एक जून को होने वाले अंतिम दौर के मतदान से ठीक पहले बताया कि कांग्रेस पार्टी ने चुनावी नतीजों से पहले एग्जिट पोल का हिस्सा न बनने का फैसला इसलिए लिया है, क्योंकि ऐसी बहसों से कोई सार्थक नतीजे सामने नहीं आते।



पार्टी सूत्रों का कहना है कि चार जून को होने वाली मतगणना के बाद देश की जनता का जनादेश सामने आएगा। पार्टी इसे स्वीकार करेगी।

### 542 सीटों पर मतगणना 4 जून को

गौरतलब है कि सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव में आठ राज्यों और केंद्र शासित राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। बता दें कि गुजरात की एक सीट पर निर्विरोध भाजपा प्रत्याशी का निर्वाचन हो चुका है। ऐसे में मतदान समाप्त होने के बाद चार जून को 542 लोकसभा सीटों और कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आयेंगे। पूर्वोत्तर के दो राज्यों में विधानसभा चुनाव की मतगणना दो जून को ही होगी।

# मतदान से पहले बंगाल में हुई हिंसा : आइएसएफ समर्थकों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बम फेंका, पांच युवक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले बंगाल में हिंसा हुई है। दरअसल इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आइएसएफ) के समर्थकों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बम फेंक दिया। जिसके विस्फोट से पांच टीएमसी कार्यकर्ता घायल हो गये हैं। घटना दक्षिण 24 परगना जिले के भानगोर इलाके की है। बंगाल पुलिस ने शुक्रवार की इसकी जानकारी दी। हालांकि भानगोर से आइएसएफ विधायक नावेद सिद्दीकी ने आरोपों से इनकार किया है। नावेद सिद्दीकी ने उल्टा टीएमसी कार्यकर्ताओं पर आइएसएफ समर्थकों पर बम से हमला करने का आरोप लगाया। आइएसएफ विधायक ने कहा कि हमले में खुद टीएमसी के कार्यकर्ता घायल हो गये।



**आइएसएफ ने आरोपों से किया इनकार :** भानगोर विधानसभा, जादवपुर लोकसभा सीट के तहत आती है और यहां अंतिम चरण के तहत 1 जून को मतदान होना है। घटना गुरुवार रात की है, जब टीएमसी कार्यकर्ता कथित तौर पर चुनाव प्रचार के बाद अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान उन पर हमला हुआ। घायलों को कोलकाता के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंगाल सरकार के मंत्री अरूप बिस्वास, जादवपुर से टीएमसी उम्मीदवार सयानी घोष और पार्टी के विधायक शौकत मोल्ला ने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। आइएसएफ नेता सिद्दीकी ने आरोपों को यह कहकर खारिज कर दिया कि भानगोर में हार के डर से टीएमसी ने साजिश रची है और उनकी कोशिश है कि इसका आरोप हम पर लगाया जाये। कल शौकत मोल्ला के समर्थकों ने आइएसएफ कार्यकर्ताओं पर बम फेंका। वहीं चुनाव आयोग ने भी टीएमसी नेता शौकत मोल्ला को मतदान के दिन अपने विधानसभा क्षेत्र कैनिंग पूर्व से बाहर न जाने का आदेश दिया है।

### बंगाल की राजनीति में नयी पार्टी है आइएसएफ

आइएसएफ पार्टी की स्थापना साल 2021 में अब्बास सिद्दीकी ने की थी। वहीं अब्बास सिद्दीकी के छोटे भाई नौशाद सिद्दीकी आइएसएफ के चेयरमैन हैं। अब्बास सिद्दीकी अली अकबर के बेटे हैं। अली अकबर फुरफुरा शरीफ छठो हुजूर के नाम से प्रसिद्ध पीर जुल्फिकार अली के बेटे हैं। यही वजह है कि बंगाल में सिद्दीकी परिवार की काफी इज्जत है। बंगाल का सिद्दीकी परिवार कभी टीएमसी समर्थक था, लेकिन अपनी पार्टी बनाने के बाद से आइएसएफ का टीएमसी के साथ तनातनी का रिश्ता बन गया है। आइएसएफ बंगाल में टीएमसी और भाजपा दोनों का विरोध करती है। पार्टी विधायक नौशाद सिद्दीकी को सीएम ममता बनर्जी का आलोचक माना जाता है।

झामुमो ने भाजपा को घेरा

# पहली बार आमचुनाव 82 दिन चला: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में 1 जून को अंतिम चरण का मतदान होगा। उन्होंने चुनाव आयोग को घेरते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला। सुप्रियो ने कहा कि भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि कोई आम चुनाव इतने लंबे समय तक चला हो। वह शुक्रवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे।



सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2024 का आम चुनाव पूरे 82 दिन का चला। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव को लंबा खींचने का मकसद केवल जनता के बीच नफरत फैला कर लोगों को बांटने का काम था। भाजपा के स्टार प्रचारकों ने जिस भाषा का उपयोग किया, वह शर्मनाक है। जनता वोट देकर इसका माकूल जवाब देगी। झारखंड में बची हुई संताल की तीन सीटों गोड्डा, राजमहल और दुमका की जनता भी मन बना चुकी है।

मंत्री बन्ना पर लगाये भ्रष्टाचार के आरोप

# सरयू राय ने इडी को लिखी चिट्ठी, कहा- जांच करें

मंत्री ने बहरागोड़ा में पचास एकड़ जमीन खरीदी है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के आरोप लगाये हैं। इसे लेकर उन्होंने इडी के निदेशक को चिट्ठी लिखी है और कहा है कि बन्ना के भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग की जांच करायें। सरयू ने आरोप लगाया कि बन्ना गुप्ता ने 2021-22 में कोविड प्रोत्साहन राशि का लाभ खुद और अपने कर्मियों को दिलवाया था। वहीं बन्ना गुप्ता की सांठ-गांठ से स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों का दवा घोटाला हुआ है। करोड़ों रुपये की दवाइयां स्वास्थ्य विभाग ने उंची दरों पर खरीदी हैं।



सरयू राय ने बन्ना गुप्ता पर कार्यपालिका नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए डॉक्टरों, सिविल सर्जन और वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारियों का अवैध तरीके से ट्रांसफर करने का भी आरोप लगाया है। कहा है कि इसके जरिये मंत्री ने बड़े पैमाने पर मनी लांड्रिंग की है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री पर आयुष्मान घोटाला का भी आरोप लगाया है। इसके अलावा आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री आरोग्य योजना में भी मंत्री ने गड़बड़ी की है।

सरयू ने कहा कि मंत्री ने पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा प्रखंड में बड़े पैमाने पर कृषि भूमि भी खरीदी है और वहां 50 एकड़ से भी अधिक भूमि में एक फॉर्म हाउस बनाया है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया पलटवार, बोले

# हारना तय है, इसलिए ममता इवीएम पर ठीकरा फोड़ रहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इवीएम वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हारना तय है इसलिए ममता बनर्जी इवीएम पर ठीकरा फोड़ रही हैं। उनकी नौटंकी अभी से शुरू हो गयी है।

इसके साथ ही ममता बनर्जी ने कहा था, प्रधानमंत्री के पद का एक खास महत्व है और इसकी संवैधानिक जिम्मेदारियां हैं, लेकिन उन्हें (भाजपा) इसकी परवाह नहीं है। हर बार मतगणना से पहले वह



48 घंटे तक प्रचार पाने के लिए कहीं न कहीं बैठ जाते हैं। वे ध्यान लगा सकते हैं, लेकिन कैमरों की मौजूदगी में ही ऐसा क्यों?" इधर, ममता बनर्जी के बयान पर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी इवीएम से 2 बार जीतकर मुख्यमंत्री बनी हैं, तब इवीएम ठीक था...सब कुछ पारदर्शी है। हारे हुए हताश लोग इस तरह की बातें कर रहे हैं।

### अगर मतगणना सही ढंग से हुई तो भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी: ममता बनर्जी

बता दें कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार सत्ता में नहीं लौटेगी। यादवपुर और दक्षिण कोलकाता लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 12 किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा, यदि मतगणना प्रक्रिया सही ढंग से हुई तो ऐसी संभावना है कि भाजपा इस बार सत्ता में वापसी नहीं कर पायेगी।

# दुमका, राजमहल और गोड्डा के हर बूथ की होगी कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग: के रवि कुमार

## चुनाव वाले क्षेत्र से जुड़ी बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमा सील

बारिश की आशंका के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर की गयी है हरसंभव व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका, राजमहल और गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शनिवार को मतदान है। राजमहल में 14 और गोड्डा तथा दुमका में 19-19 उम्मीदवार हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि दुमका,



राजमहल और गोड्डा के हर बूथ की कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग की जायेगी। प्रत्येक बूथ पर भीतर और बाहर एक-एक कैमरे लगाये गये हैं। पर्यवेक्षक भी पूरी स्थिति पर अपनी नजर बनाये हुए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर मतदानकर्मी पहुंच गये हैं। सभी मतदानकर्मी मतदान के बाद उसी दिन वापस लौटेंगे। बारिश की आशंका के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हर संभव व्यवस्था की गयी है। मतदान के दिन दूरस्थ इलाके के मतदाताओं को वाहन से मतदान केंद्र तक लाने और ले जाने की व्यवस्था की गयी है। वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान केंद्र तक लाने की व्यवस्था बनायी गयी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस बार दिनभर मतदान है, समय निकाल कर परिवार और पड़ोसी संग मतदान जरूर करें। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के मद्देनजर हर बूथ पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। चुनाव वाले क्षेत्र से जुड़े बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमा सील कर दी गयी है। बाइक सवार क्विक रिस्पांस टीम की भी तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि देवघर में चुनाव कार्य से जुड़े एक प्राइवेट बस के ड्राइवर की मौत हो गयी है। उसके परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 134 करोड़, 75 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

# हिमालय का एक छोटा सा गांव टशीगंग, जो पानी और रोजगार के लिए कर रहा है संघर्ष, 62 हैं मतदाता

आजाद सिपाही संवाददाता

**शिमला।** बर्फीले हिमालय में 15,256 फीट की ऊंचाई पर बसा यह छोटा सा गांव टशीगंग, जिसमें दुनिया का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है, जहां सिर्फ 62 मतदाता हैं, सबसे कठिन परिस्थितियों और जलवायु परिवर्तन की कई अनिश्चितताओं के बीच जीवनयापन की कहानी कहता है। सात चरणों के चुनाव के आखिरी चरण में शनिवार को मतदान करने की तैयारी कर रहे हैं, कृषि में कमी के कारण रोजगार और आजीविका की मांग फिर से बढ़ रही है, पानी और सड़कें उजाड़, ऊबड़-खाबड़ इलाकों में गूंज रही हैं।

**सरकार से स्थायी नौकरी की मांग :** 30 वर्षीय डोलमा ने कहा, मेरी नौकरी चली गयी और खेती में गिरावट आयी, हम इस साल अपनी बेटी की स्कूल फीस मुश्किल से भर पाये। उन्होंने मुस्कुराने की कोशिश की, लेकिन वास्तव में सफल नहीं हो पायी। नौकरी खोने वाली वह अकेली नहीं हैं। उनके जैसे कई अन्य लोग जो संविदा कर्मचारी के रूप में काम करते थे, अनिश्चितता से जूझ रहे हैं और उन्होंने सरकार से उन्हें स्थायी नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि खेती अब व्यवहार्य नहीं रही।

**पानी की कमी ने खेती को बनाया मुश्किल :** टशीगंग में पानी की कमी, जो 2019 से दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र के रूप में रिकॉर्ड बुक में दर्ज है, ने खेती को और भी मुश्किल बना दिया है। टशीगंग स्पीति घाटी का हिस्सा है, जो वर्षा छाया क्षेत्र में स्थित है, इसलिए यहां बहुत कम या बिलकुल भी बारिश नहीं होती है। लोग पानी के लिए ग्लेशियरों और बर्फबारी पर निर्भर हैं। हालांकि, ग्लेशियर तेजी से पीछे हट रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में बर्फबारी कम हो रही है, जिसे विशेषज्ञ जलवायु परिवर्तन का सीधा परिणाम मानते हैं।

**मंडी संसदीय क्षेत्र में आता है टशीगंग :** भारत-चीन सीमा के पास स्थित, स्पीति घाटी मंडी लोकसभा सीट का हिस्सा है, जो हिमाचल प्रदेश के चार संसदीय क्षेत्रों में से एक है और भारत में दूसरा सबसे बड़ा है। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इस निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। टशीगंग और गेटे के 62 मतदाताओं को सेवा प्रदान करने वाले टशीगंग में मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।



### सर्दियों में 6 महीने तक घरों में कैद रहते हैं ये लोग

अपने याक की देखभाल करते हुए, 54 वर्षीय तंजिन टकपा ने कहा कि टशीगंग और पड़ोसी गांवों के निवासी गर्मियों के महीनों में केवल हरी मटर और जौ उगाते हैं, जब तापमान 5 से 20 डिग्री सेल्सियस तक होता है। सर्दियां कठोर और दुर्गम होती हैं, तापमान शून्य से 35 डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। पहाड़ियां बर्फ से दबी रहती हैं और टशीगंग को काजा से जोड़ने वाली एकमात्र कच्ची सड़क बंद हो जाती है, जिससे परिवार छह महीने तक अपने मिट्टी और ईंट के घरों में कैद रहते हैं।

**'नौकरी खो जाने के बाद शुरू की खेती' :** कलजांग डोलमा ने कहा कि राज्य के लोक कल्याण विभाग में अपनी नौकरी खोने के बाद वह अपनी बेटी की स्कूल फीस भरने के लिए संघर्ष कर रही हैं, जहां उन्हें हर महीने 13,000 रुपये का अच्छा वेतन मिलता था। छह सदस्यों वाले उनके परिवार ने खेती करना शुरू कर दिया है, जो उनकी आय का मुख्य स्रोत था। वे मुख्य रूप से मटर उगाते हैं, लेकिन इससे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता है। डोलमा ने बताया कि एक दशक पहले मटर का उत्पादन 100 बोरी से घटकर अब 20-25 बोरी रह गया है। नतीजतन, हम कम राशन खरीदते हैं और कम उपभोग करते हैं। चूंकि टशीगंग के पास स्कूल नहीं है, इसलिए उनकी पांच वर्षीय बेटी लगभग 30 किलोमीटर दूर लाहौल-स्पीति जिले के मुख्यालय काजा में एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ती है।

**'नदियां और तालाब सूख रहे हैं' :** एनजीओ हिमालयन नीति अभियान के गुमान सिंह के अनुसार, टशीगंग और गेटे जैसे ऊंचाई वाले गांवों की सिंचाई और घरेलू जरूरतों के लिए पानी उपलब्ध कराने वाली नदियां और तालाब बढ़ते तापमान और अपर्याप्त बर्फबारी के कारण तेजी से सूख रहे हैं। इस क्षेत्र में वर्षा और बर्फबारी का एकमात्र स्रोत पश्चिमी विक्षोभ है, जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र से आने वाला कम दबाव वाला सिस्टम है।

**'जलवायु परिवर्तन के परेशानियों से जूझ रहे ये गांव' :** केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा, पश्चिमी विक्षोभ की आवृत्ति कम हो गयी है और लोग रिपोर्ट कर रहे हैं कि बर्फबारी सर्दियों के आखिरी हिस्से में चली गयी है, जो कृषि के लिए बहुत देर है। जलवायु परिवर्तन इन गांवों के परिवारों पर भारी पड़ रहा है, जिनके पास आजीविका के बहुत कम विकल्प हैं।

**'टशीगंग के परिवारों का लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का फैसला' :** तकपा, जिनका बेटा पीडब्ल्यूडी की सड़क निर्माण टीम में काम करता था, ने कहा कि एक नियमित नौकरी उन्हें साल भर एक स्थिर आय प्रदान करेगी। अपनी नौकरियों को नियमित करने की उनकी मांग अनसुनी होने के बाद, तकपा ने कहा कि टशीगंग के परिवारों ने लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। हालांकि, कुछ राजनेता आये और कहा कि वे केवल तभी मदद कर सकते हैं जब गांव के निवासी 1 जून के चुनावों के दौरान मतदान करें। उन सभी का कहना है कि अगर वे जीतते हैं तो वे हमें पानी और स्थायी नौकरी प्रदान करेंगे। हमारे पास क्या विकल्प हैं? हम सभी ने इस उम्मीद के साथ अब मतदान करने का फैसला किया है कि सिंचाई और रोजगार के लिए पानी की हमारी मांगें पूरी होंगी।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 जून, 2024
www.azadsipahi.in


## सामूहिक परीक्षा का हुआ आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बच्चों को शिक्षा की ओर हमेशा केंद्रित रहना चाहिए बच्चे अपने लक्ष्य की ओर अग्रेषित रहे इसमें माता-पिता अपनी अहम भूमिका अदा करते हैं, माता-पिता की भूमिका अदा करने के साथ सेवा सहयोग समिति भी उनका साक्षी बन रहा है, झारखंड एकेडमिक काउंसिल माध्यमिक परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग, कटकमसांडी, दारू और सदर प्रखंड शहरी क्षेत्र से उत्कृष्ट हुए विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट पांच बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित का सिलसिला समाप्त के बाद शुक्रवार को आनंद महाविद्यालय के कॉमर्स विभाग में सामूहिक परीक्षा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने आनंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर नीलमणि मुखर्जी का आभार जताया, साथ ही उन्हें शॉल भेंट किया, वही सेवा सहयोग समिति के अन्य पदाधिकारियों के द्वारा डॉक्टर सुभाष कुमार, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ विश्वजीत रंजन को आभार जताया गया, इस परीक्षा में करीब डेढ़ सौ से भी अधिक बच्चे परीक्षा में शामिल हुए, इनमें से तीन सफल विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान किया जायेगा। परीक्षा सुबह करीब 10:00 बजे निर्धारित समय पर प्रारंभ हुआ जो करीब दो घंटे का तक चला, इस बीच सभी विद्यार्थियों ने काफी उत्साह से परीक्षा मे प्रश्न का उत्तर देते हुए नजर आए, तो वही युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा सभी विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए नजर आ रहे थे। परीक्षा ले रहे शिक्षकों में प्रोफेसर नयन नंदी, प्रोफेसर बादल रक्षित, प्रोफेसर अभय गराई, सीनियर शिक्षक राजेश कुमार के द्वारा विद्यार्थियों का परीक्षा लिया गया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग पढ़ाई का जॉन माना जाता है, यहां के विद्यार्थी भविष्य में हजारीबाग का नाम अवश्य रोशन करेंगे इसी दृष्टिकोण से छोटा सा प्रयास हम सभी के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें तीन उत्कृष्ट विद्यार्थियों को आवासीय खर्च छोड़कर शिक्षा से संबंधित सभी खर्च प्रदान की जायेगी, आने वाले समय में तीन की संख्या में वृद्धि की जायेगी ताकि हर लोगों तक हम पहुंच सकें, विद्यार्थी लाभ ले सके, सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं कामना करता हूं। मौके पर सेवा सहयोग समिति के संयोजक डॉक्टर अरविंद सहाय, सचिव अनीश सिंह, समाजिक सलाहकार मिथिलेश सिंह, रवि सिंह, मंदीप यादव, दीपक देवराज सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## जुलाई के प्रथम सप्ताह में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इंदिरा गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हजारीबाग में पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की एक अति महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी जुलाई के प्रथम सप्ताह में हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। झारखंड बोर्ड, सीबीएसई और आइसीएसइ बोर्ड के 10वीं और 12वीं में 70 प्रतिशत और उससे अधिक अंक लाने वाले 5000 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। बहुत जल्द पासवा अपना व्हाट्सएप नंबर और इमेल आइडी जारी करेगी जिसमें ज़िले के विद्यार्थीगण अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा पायेंगे। एफिलिएटिड स्कूल की संस्था सहोदया भी इस कार्यक्रम में सहयोगी की भूमिका निभायेगी। इस छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने की संभावना है जो स्वयं उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगे। पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा सीमित संशाधनों में निजी विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। पासवा प्रतिवर्ष दसवीं और 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित करती है, इस वर्ष 2024 के टॉपर्स को भी राज्य स्तर पर और जिला स्तर पर सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है जिसकी शुरूआत आगमी 15 जून को कोडरमा से होगी, जबकि 24 जून को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हरवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होंगे इसमें राज्य भर से लगभग 20000 प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। आलोक दूबे ने कहा हजारीबाग जिला के 10वीं और 12वीं के वैसे बच्चे जिन्होंने 70 प्रतिशत व उससे अधिक प्राप्तांक हासिल किया है, ऐसे सभी बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जायेगा जबकि हजारीबाग जिला टापर्स को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। सफल संचालन हेतु आगामी 10 जून 2024 को हजारीबाग में एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित होगी जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जायेगी। इस बैठक में पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश पासवा के पदाधिकारी विपिन कुमार सिन्हा, नीरज कुमार, चतरा जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह, हजारीबाग जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल, मिंकु कुमार, मेघाली सेन गुप्ता, उमेश प्रसाद मेहता, चतरा जिला से आदित्य कुमार गुप्ता, पप्पू गौतम समेत अन्य उपस्थित थे।

### मनीष जायसवाल ने केरेडारी के पांडु व बसरिया का किया दौरा

# सरकार बालू और कोयले की तस्करी में मशगूल, जनता बेहाल: मनीष

**नहीं चलेगी कोल कंपनियों की मनमानी, मिलेगा हक अधिकार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सह सादर विधायक मनीष जायसवाल शुक्रवार को केरेडारी प्रखंड के पांडु व बसरिया गांव पहुंचे। बीते 22 मई को यहां एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस में पांडू, आगर टोला में मुआवजा, विस्थापन और पुनर्वास की मांग कर रहें स्थानीय भू-रैयत मीणा देवी, पति-अमरेश प्रजापति के साथ यहां कार्यरत एनटीपीसी की अधिनस्त कंपनी बीजीआर के अधिकारियों द्वारा बिना मुआवजा दिये मारपीट किये जाने, उनके घर को जबरन तोड़े जाने और घर टूटने की स्थिति में टेंट पर रहने के दौरान प्रताड़ित किये जाने के मामले का विडियो वायरल होने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गंभीरता से लिया और बतौर संवेदनशील जनप्रतिनिधि का एहसास करते हुए लोकसभा चुनाव के मतगणना से पूर्व ही मानावता के ह्रास से संबंधित विस्थापित महिला की दर्द से रूबरू होने और वायरल विडियो की सत्यता की जांच करने शुक्रवार को प्रचंड गर्मी के बाबजूद ग्राउंड जीरो पर पंहुचे और संबंधित मामले की गहनता से जांच- पड़ताल की। भुक्तभोगी रैयत महिला से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली तो कई चौंकाने वाली बातें सामने आयी। विस्थापन के इस मामले को लेकर जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गंभीरता से लिया है और इसी मुद्दे के साथ जिले के केरेडारी प्रखंड के पांडू गांव पहुंचे। जहां पांडू गांव के रहने वाली भू-रैयत पीड़ित महिला मीणा देवी से मिलकर जब उनके साथ घटी घटना की जानकारी ली तो मीणा देवी ने मनीष जायसवाल से कहा कि बिना विस्थापन के बीजीआर कंपनी के द्वारा हम लोगों का घर तोड़ दिया गया। छोटे से घर में हमारा पूरा परिवार पांडू गांव में निवास करता था और बच्चे पढ़ाई करते थे लेकिन माइनिंग के कारण हमारे घर को ध्वस्त कर दिया गया। जिसके कारण हम पूरे परिवार कुछ दिनों तक तंबू में रहने के लिए मजबूर हुए। फिर बीजीआर कंपनी के लोगों के द्वारा और कंपनी के दलालों ने हमारे साथ मारपीट की, परिवार को घर से जबरन निकाल दिया और जेसीबी से 23 मई को पूरा घर को ध्वस्त कर दिया गया। जिसके विरोध में गांव के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया फिर मुआवजा दिया गया लेकिन विस्थापन अब तक नहीं मिला है। मेरे साथ घटे घटना को लेकर मैंने स्थानीय केरेडारी थाना, एसडीओ, एसपी और डीसी को आवेदन दिया बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं अन्य रैयत ग्रामीणों ने कहा कि अपनी जमीन और कृषि योग्य भूमि नहीं खोना होना चाहते हैं। लेकिन कंपनी जबरन हम लोगों की जमीन छीन रही है जिसके कारण हमलोग बेघर हो रहे हैं और आगामी दिनों में मुआवजा के पैसे खत्म होने के बाद सारे लोग सड़क पर आ जायेंगे। लोगों की समस्या सुनने के बाद मनीष जायसवाल ने कहा की एक संवेदनशील विधायक मैं इस पूरे मामले को देखते हुए महिला आयोग और मानवाधिकार आयोग में लिखित शिकायत करेंगे और हर संभव ग्रामीणों के पक्ष में खड़े होकर न्याय के लिए लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जन कल्याण के कार्यों को छोड़कर केवल बालू, कोयला तस्करी, ट्रांसफर- पोस्टिंग के उद्योग- धंधे में लगी हुई है। हेमंत सोरेन की पार्ट 2 की सरकार भी निकम्मी है। जिसके कारण आज राज्य की जनता बदहाली की जिंदगी जीने के लिए विवश हो रही हैं। किसी भी तरह से उन्हें सिर्फ अपना कमीशन लेना है। कोयला, बालू के उद्योग धंधे चलाने हैं, ग्रामीणों की जमीन हड़पने हैं, उन्हें विस्थापन नहीं करना है बल्कि उनके जायदाद को लूटना है। कोयला के निराले खेल में राज्य सरकार बीजीआर कंपनी और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से ग्रामीणों का भयादोहन हो रहा है। इस भयादोहन का जिम्मेवार केवल राज्य सरकार है। जिसके खिलाफ हम हर संभव जनहित की लड़ाई लड़ेंगे और 4 जून को लोकसभा परिणाम आने के बाद हमारी लड़ाई और तेज होगी। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि क्षेत्र के गरीब, रैयत के साथ अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मानवीय मूल्यों के प्रति हम सहज और गंभीर हैं और जनहित के हर मुद्दे को जनता की आवाज बनकर पुरजोर तरीके से उठायेंगे। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, कर्मचारी साव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, विजय कुमार, किशोरी राणा, शिवपाल यादव, जयनारायण प्रसाद, बालेश्वर कुमार, प्रीतम सिंह, कर्मचारी साहू, आदित्य सोनी, खेमलाल महतो, अमित गुप्ता, उपेंद्र सिंह, बालेश्वर महतो, बाल गोविंद सोनी, नरेश महतो, सत्येंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, बद्रीनारायण सिंह, इंद्र पंडित, मूलचंद साहू समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# डे-नाइट क्रिक्रेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**उद्घाटन मैच में सिलवार किंग्स को हराकर आइसेक्ट विश्वविद्यालय की टीम ने जीत से की शुरुआत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस मैदान में गुरुवार देर शाम से डे-नाइट क्रिक्रेट टूर्नामेंट का आगाज हो गया। मैच का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने किया। टूर्नामेंट का पहला मैच आइसेक्ट विश्वविद्यालय और सिलवार किंग्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय की टीम ने 10 ओवर में 98 रन बनाये, जिसमें अतुल के 58 रनों की शानदार पारी शामिल है। 99 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिलवार किंग्स की टीम 80 रनों पर ही ढेर हो गयी और मुकाबला 18 रनों से हार गयी। अतुल के शानदार अर्धशतकीय पारी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। बता दें कि इस नॉकआउट टूर्नामेंट में आइसेक्ट विश्वविद्यालय, सिलवार किंग्स, एक्टिव युवा समिति तरबा, महेशरा क्रिकेट क्लब, ग्रीन गैलेक्सी बड़कागांव, संत कोलंबा महाविद्यालय, गोपोलो क्रिकेट क्लब, टीम डिस्ट्रॉयर अमृत नगर, मेरू स्ट्राइकर, फ्रेंड्स क्लब डुमर, युनियन सपोर्टिंग क्लब जिनगा, एकेडमिक सुपर ज्वांट्स, पगमिल नाइट क्लब, आरके क्लब खरिका, लखय्या वॉरियर, अमृत नगर 11 सहित 16 टीमें हिस्सा ले रही है। बताते चलें कि शुक्रवार से हर दिन दो-दो मैच खेले जायेंगे, जिसमें पहला मैच शाम 5:00 बजे और दूसरा मैच शाम 7:00 बजे से शुरू होगा। पहले राउंड का आखिरी मुकाबला आगामी 03 जून को लखय्या वॉरियर और अमृत नगर 11 के बीच खेला जायेगा। पहले राउंड में जीतकर टॉप 8 में जगह बनाने वाली टीमें रैंकिंग के हिसाब से टॉप फोर के लिए चार और पांच जून को आपस में भिड़ेंगी। 6 जून को दोनों सेमिफाइनल मैच खेले जायेंगे और 8 जून की शाम खिताबी मुकाबला होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि सिर्फ विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में प्रतिभा निखारने और बेहतर खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म प्रदान करने के उद्देश्य से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मैच को सफल बनाने में आइसेक्ट विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कमिटी के चेयरमैन उदय रंजन, आदित्य कुमार, अमित कुमार, संजय दांगी, राजेश रंजन, राहुल कुमार, मुकेश कुमार साव, पंकज प्रज्ञा, आलोक कुमार सिन्हा, शिव कुमार, अजित पासवान, रितेश कुमार, डॉ सत्यप्रकाश व प्रमोद राम सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# तंबाकू निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** स्वयंसेवी संस्था समर्पण और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्त्वावधान में डोमचांच के सुदूरवर्ती गांव जानपुर के पंचायत भवन में तंबाकू निषेध दिवस और नशा मुक्ति अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया मंसूर अली ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एलएडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा, अधिवक्ता राजेन्द्र मंडल, अधिवक्ता सुमन जयसवाल, संस्था सचिव इन्द्रमणि साहू, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर शंकरलाल राणा आदि उपस्थित थे। वक्ताओं ने तंबाकू के दुष्परिणाम की चर्चा करते हुए कहा कि गंभीर और खतरनाक बीमारियों जैसे कैंसर, टीवी, हृदय रोग, दमा, लीवर की बीमारी आदि से बचना है तो तंबाकू, बीडी, सिगरेट, गुटका, खैनी की लत को छोड़ना पड़ेगा। कहा कि तंबाकू और अन्य नशा के बढ़ते उपयोग की वजह से आज युवा पीढ़ी खतरे में हैं। हमारा देश का भविष्य युवाओं और बच्चों पर टिका है और यह पीढ़ी भी यदि गलत रास्ते में चले जाये तो फिर अपना भविष्य के साथ-साथ देश का भविष्य अंधकार में चला जायेगा। संचालन समर्पण के प्रोग्रम मेनेजर आलोक कुमार सिन्हा ने किया। शिविर में मुख्य रूप से शंकर लाल राणा, नवीन कुमार, पिंकी देवी, विमला देवी, सुनीता कुमारी, राजेश कुमार, जितेंद्र सिंह, योगेश कुमार, लक्ष्मी कुमारी, सेविका सुनीता देवी आदि ने भाग लिया।




## विभिन्न गांवों में जागरूकता रैली निकली

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य तंबाकू सेवन के प्रति लोगों की बढ़ती हुई संख्या को रोकना, लोगों को जागरूक करना, नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभाव की ओर लोगों को ध्यान देना है। इसी को लेकर शुक्रवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत थाम समेत विभिन्न गांवों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान सभी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि मानव जीवन अनमोल है, इसलिए वे अपने बेहतर स्वास्थ्य और परिवार के सदस्यों की भलाई के लिए कभी धूम्रपान न करें। तंबाकू जीवन के लिए खतरनाक और जानलेवा है। इसके प्रयोग से मनुष्य कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, सास का फूलना और रक्त प्रवाह में गड़बड़ी जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो सकता है। धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से सबसे ज्यादा फेफड़ों में कैंसर होता है। मौके पर प्रखंड समन्वयक प्रकाश ठाकुर, प्रदीप साव, बिनोद शर्मा, बिनय राणा, लक्ष्मण राणा, रामचंद्र राणा, डेगलाल यादव, कंचन देवी, बैजंती देवी, जिरवा देवी, धनेश्वरी देवी, लिलिया देवी, मालती देवी, गीता देवी, शांती देवी मौजूद रहे।

## तनाव मुक्त रहने के संबंध में दिये गये कई टिप्स




**झुमरीतिलैया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में मंडल कारा कोडरमा में आज शुक्रवार को तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि बंदियों को नशा के सेवन से पूरी तरह मुक्त होना होगा तभी उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास संभव है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति अपना मानसिक संतुलन खो देता है और वह मानसिक अवसाद की स्थिति में कोई भी अपराध कारित कर देता है जिसका पश्चाताप उसे जीवन भर होता है। उन्होंने बंदियों से अपील करते हुए कहा कि नशे की लत से पूरी तरह छुटकारा पाकर व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है और समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भागीदारी निभा सकता है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के योग प्रशिक्षक देवराज पांडेय और सुनीता भगत ने उपस्थित बंदियों को नशा का सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी। उन्होंने अपने संबोधन में नशा के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। इस अवसर पर बंदियों के बीच योगाभ्यास कराया गया जिसमे अनुलोम-विलोम, कपालभाती, भ्रामरी प्राणायाम, वाह्य प्राणायाम, सुक्ष्म व्यायाम, उद्गीथ, भस्त्रिका प्राणायाम, योगासन, शीर्षासन, सहित अन्य कई प्रकार के योग और व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा योग प्रशिक्षक द्वारा आज के तनाव भरे जिंदगी में स्वस्थ रहने के और तनाव मुक्त रहने के सम्बन्ध में कई टिप्स दिये गये। कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, सहायक कारापाल अभिषेक कुमार सिंह, न्यायालयकर्मी संतोष कुमार, जेलकर्मी राजीव कुमार, मो मोईनुद्दीन, गायत्री परिवार के देवराज पाण्डेय, सुधीर यादव, गोपाल शर्मा, सुनीता भगत, शीला बर्णवाल, कलावती देवी, ममता देवी, विनोद बर्णवाल, उत्कर्ष राज, सन्नी कुमार सहित सैकड़ों बंदी मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने गाड़ी जलाने वाले आरोपियों को जेल भेजने के लिए प्रशासन को दिया धन्यवाद



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सांढ़, कांडतरी, हरली, बड़कागांव में पिछले कुछ दिनों से अपराधियों द्वारा ट्रैक्टर जलाया जा रहा था जिसमें ट्रैक्टर मालिक के साथ-साथ ग्रामीण भी भयभीत और डरे सहमे रात गुजर रहे थे। क्षेत्र में इससे भी बड़ी अनहोनी का डर गाड़ी मालिक को सता रहा था। वही ट्रैक्टर यूनियन के अध्यक्ष पंकज ठाकुर, उपाध्यक्ष रंजीत चौबे, सचिव धर्मेंद्र प्रसाद, केदार साव, उप प्रमुख वचन देव कुमार ने प्रशासन का धन्यवाद किया और कहा की गाड़ी मालिक कड़ी मेहनत करके किसी तरह जीवन यापन कर अपने परिवार और बच्चों का पढ़ाई लिखाई करते हैं। बहुत कम समय में दिन रात एक करके हजारीबाग एसपी साहब बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार, बड़ाकगांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह और पुलिस जवान ने आरोपियों को पड़कर जेल भेजा वह बहुत सराहनीय है। बड़ाकगांव के ट्रैक्टर मालिक और ग्रामीण ने खुशी जाहिर किया। मुख्य रूप से प्रकाश महतो, ऋषि कुमार, विनोद महतो, कृष्ण कुमार, गुलशन कुमार, भीम प्रकाश, छोटू महतो, लालकिशन महतो, प्रकाश प्रजापति, बैजनाथ साव, विनोद साव, अजय महतो, सुमित कुमार, रविंद्र महतो, मोहम्मद अजीम, रामदेसी महतो, उदय मेहता, मीणा महतो, मुरली महतो, महेंद्र महतो, सेवक महतो, सिकंदर महतो, कृष्ण मुरारी, बसंत कुमार, रूपेश कुमार, योगीराज, केसर महतो, शिव शंकर महतो, संतोष पांडे और सैकड़ों गाड़ी मालिक।

## केटीपीएस में स्वच्छता पखवाड़ा पर नुक्कड़ नाटक

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दामोदर घाटी निगम के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई से 31 मई तक मनाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे स्वच्छता पर सेमिनार गोष्ठी किया गया। अंजलि मल्लिक द्वारा बताया गया कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के ऊपर विशेष चर्चा किया। वहीं टाउनशिप शेड में बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया। इन सब कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह द्वारा बच्चों के उत्साह वर्धन किया। इस कार्यक्रम में डीजीएम सह सीएसआर हेड बिनोद कुमार राय स्वच्छता पखवाड़ा के निमित्त जागरूक किया गया। मौके पर डीजीएम प्रवीर चांद, मांडवी, असीम अमिताभ, आशीष कुमार अश्वनी सिन्हा, प्रभु देवेंद्र अनुपम, अमरजीत और पदाधिकारी जन मौजूद थे।

## जिप सदस्य ने बिजली की समस्याओं से कराया अवगत




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने विद्युत विभाग अधीक्षण अभियंता कोडरमा सुधांशु कुमार और कार्यपालक अभियंता झुमरीतिलैया (कोडरमा) से मुलाकात कर विद्युत संबंधी समस्याओं से अवगत कराया और समस्या का शीघ्र निष्पादन करने की मांग की। परसाबाद जल मीनार में पानी सप्लाई हेतु विद्युत समस्या को शीघ्र निष्पादन करने, परसाबाद ग्रामीण को गडगी फेज के लाइन से जोड़ने और परसाबाद ग्रामीण को अर्बन का बिजली बिल को समाप्त कर ग्रामीण बिजली बिल दिये जाने और घरमुंडा वैष्ण टोला के देवी मंडप पास नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग शामिल है। जयनगर, डंडाड़ीह, घाघडीह, बेहराडीह, योगयाटील्हा की समस्या से भी अवगत कराया गया। अधीक्षण अभियंता ने संबंधित सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को समस्या निदान हेतु आवश्यक निर्देश दिये। शिष्टमंडल में जिप सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, पंचायत समिति सदस्य धानेश्वर राणा, शिव शंकर पासवान शामिल थे।

## गर्मी में बिजली की आपूर्ति ठीक से नहीं होने से आमजन परेशान : विधायक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि प्रचंड गर्मी में बिजली की आपूर्ति ठीक से नहीं होने के कारण आम लोग परेशान हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य सरकार जो अपने जनता को पानी, बिजली सही से नहीं दे सकता। उसे सरकार में रहने की कोई अधिकार नहीं है। पूरा राज्य प्रचंड गर्मी की चपेट में है। वहीं बिजली शहर में मात्र 10-12 घंटे मिल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मात्र 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इस गर्मी में खासकर बच्चे, बुजुर्ग, किसान परेशान है। रात में बिजली नहीं रहने के कारण रात भर लोग जाग कर रात गुजार रहे हैं। गांव में भी यही हाल है कई गांव हाथी प्रभावित है, गांव के लोग घर के बाहर भी नहीं सो सकते हैं। ग्रामीण इलाकों में कई ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं। कोई सुद लेने वाला नहीं है। स्थिति इतनी खराब है कि कई गांव महीनों से अंधेरे में है। उन्होंने कहा कि कनीय अभियंता हो या सहायक अभियंता हो या बिजली बोर्ड का अधिकारी सब असहाय पड़े हुए हैं। ग्रामीणों का कोई अधिकारी फोन तक नहीं उठाते सिर्फ ऐसी चेंबर में बैठकर आश्वासन दे रहे हैं। विधायक को ट्रांसफार्मर के लिए पैरवी करना पड़ता है। वह भी समय पर नहीं मिलता, बिजली की व्यवस्था का बुरा हाल है। वही हाल पानी का है, बिजली आपूर्ति सही से नहीं होने के कारण पानी की आपूर्ति भी सही से नहीं हो पा रहा है।

## पुरस्कार वितरण और समापन समारोह




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतिम दिन सीकरी स्थित कांफ्रेन्स हॉल में पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा पुरस्कार वितरण और समापन समारोह का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत परियोजना के द्वारा पिछले 15 दिनों से कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें स्वच्छता प्रतिज्ञा से लेकर परियोजना के विभिन्न परिसर और ऑफि स की सफाई, पर्सनल हाइजीन और सैनिटेशन पर व्याख्यान, आस पास के सार्वजनिक स्थानों जैसे मंदिर, प्राथमिक उपचार केंद्र, स्कूल इत्यादि पर बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए डस्टबीन वितरण, विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये गये। स्वच्छता पखवाड़ा 2024 की शुरुआत 16 मई को भारत सरकार की दिशा निर्देश के मुताबिक देश भर की बाकी परियोजनाओं की तरह पकरी बरवाडीह में भी किया गया। जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और उनके परिजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। आज इस पखवाड़े के अंतिम दिन 15 दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कर्मचारियों और उनके परिजनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ताकि उनका हौसला अफजाई हो सके और वे आगे भी इस तरह के कार्यक्रम में सहभागिता ले। कर्मचारियों के अलावा एमएआइटीआइ के विद्यार्थियों को भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण और समापन समारोह में मुख्य अतिथि संजय कुमार दूबे महाप्रबंधक (इंफ्रा), केतन मेवाड़ एजीएम पी&एस के अलावा मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना और अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### रामगढ़ में दिनदहाड़े डकैती के क्रम में बर्बरतापूर्वक चाकू से गोदकर हुई थी सुशीला की हत्या

# सीआइडी ने घटनास्थल से जुटाये सबूत

**लूटपाट के बाद महिला की हत्या की घटना कर रहा है पुरानी रंजिश की ओर इशारा, जांच में जुटी पुलिस**



सीसीटीवी में कैद हुए अपराधी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के छोटकी मुर्राम स्थित विद्यानगर मोहल्ले में एक 60 वर्षीया महिला सुशीला देवी की हत्या बर्बरता पूर्वक चाकू से गोदकर की गयी थी। उनके शरीर पर चाकू के आधा दर्जन निशान पाये गये हैं। चाकू के गहरे निशान किसी पुरानी रंजिश की तरफ इशारा करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि पूरी सच्चाई तब सामने आयेगी जब इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले शातिर अपराधी गिरफ्तार किये जायेंगे। रामगढ़ पुलिस के अलावा फोरेंसिक विभाग की टीम और डॉग स्क्वाड ने अपराधियों को पकड़ने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। शुक्रवार को सीआइडी की टीम भी घटनास्थल का जायजा लेने पहुंची थी। सीआइडी इंस्पेक्टर रेखा चौधरी ने घटनास्थल के साथ-साथ आसपास के परिवेश, रास्ते और कई गलियों में भी झांक कर देखा है। अपराधी किस गली से आए होंगे और वारदात को अंजाम देने के बाद वह किस रास्ते से होकर निकले होंगे, इसका भी अंदाजा उन्होंने लगाया है। इस मामले में फिलहाल रामगढ़ पुलिस ने अशर्फी प्रसाद की दाई यशोदा देवी के पुत्र जीमुत करमाली को हिरासत में लिया है, और उससे पूछता जारी है।

**अपराधियों ने पहना था कैसा कपड़ा, सीसीटीवी में हुआ कैद:** सुशीला देवी की हत्याकांड में पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो कई संदिग्ध नजर आये। इसमें चार ऐसे संदिग्ध नजर आये हैं जिसका आयु वर्ग दर्ज प्राथमिक्की के अनुसार मैच करता है। 20 वर्ष से लेकर 30 वर्ष तक के बीच में चार ऐसे संदिग्ध अपराधी नजर आये हैं, जो सुबह 9:00 बजे के आसपास विद्यानगर मोहल्ले में घुसे थे। ब्लैक टी-शर्ट और टोपी पहना हुआ एक युवक, ब्लैक शर्ट और क्रीम कलर का पैंट पहना हुआ एक युवक जिसने अपना चेहरा गमछा से ढंका हुआ था, तीसरा जिंस-शर्ट और टोपी लगाया हुआ युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। इसके साथ ही लेगिंग्स और कुर्ती पहनी हुई एक लड़की भी सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध अवस्था में कैद की गयी है। लड़की और जींस शर्ट पहने हुए युवक के पास बैग और पर्स मौजूद है। बाकी दो युवकों के पास ना तो बैग था और ना ही कोई सामान। यह चारों लोग एक-एक कर अलग-अलग होकर विद्यानगर मोहल्ले में घुसे हैं।

**पति अशर्फी प्रसाद ने दी मुखाग्नि, वजह ढूंढती रही बूढी आंखें:** सुशीला देवी की लाश लेकर विद्यानगर मोहल्ले के लोग दामोदर नदी घाट पर पहुंचे। यहां रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी अशर्फी प्रसाद का पूरा परिवार और रिश्तेदार भरा पड़ा था। बेहद भारी मन से अशर्फी प्रसाद ने अपनी पत्नी सुशीला देवी को मुखाग्नी दी। इस दौरान भी उनका दिल यह मानने को तैयार नहीं था कि 24 घंटे के अंदर ऐसी क्या बात हुई कि उनका हंसता खेलता परिवार गम के समुंदर में डूब गया। उनकी बूढ़ी आंखें कई सवाल करती हुई दिख रही थी। आखिर ऐसी कौन सी दुश्मनी थी जिसकी वजह से उनके घर पर अपराधियों ने तांडव किया। जिस बर्बरता पूर्वक उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई है और जिस प्रकार सबूत मिटाने के प्रयास किये गये हैं इससे यह प्रतीत होता है कि बेहद शातिर अपराधियों का गैंग उनके घर में घुसा था। लेकिन इसकी वजह अभी तक किसी के सामने नहीं आयी है।

**बेटी अल्का पाल ने दर्ज करायी प्राथमिकी:** सुशील देवी उर्फ सुशील प्रसाद की हत्या मामले में उनकी बेटी अल्का कुमारी ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी 150/24 दर्ज करायी है। उन्होंने बताया है कि उनके पिता अशर्फी प्रसाद अपनी दोनों नतनी को छोड़ने के लिए 29 मई को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के लिए निकले थे। उनके पिता को दामाद कमल कुमार पाल ने ही बरकाकाना स्टेशन पर छोड़ा था। इसके बाद 30 मई की सुबह 7:30 बजे अल्का भी मेदांता हॉस्पिटल में ड्यूटी करने निकल गयी थी। अलका मेदांता हॉस्पिटल में बायो मेडिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। उसने बताया कि सुबह 8:30 तक उनकी बात मां सुशीला देवी से हुई और तब उन्होंने बताया था कि उनके घर में मौजूद दाई झाड़ू पोछा कर रही है। इसके बाद 10: 10 बजे मोहल्ले वालों ने बताया कि उनके घर की छत से धुआं निकल रहा है। घर में आग लग गयी है और दरवाजा खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई आवाज नहीं दे रहा है। जब अल्का अपने घर पहुंची तो देखा कि पुलिस और आमजनों का जमावड़ा वहां लगा हुआ है। आग बुझाने के लिए दमकल भी वहां मौजूद है। जब वह अपने घर में गई तो रसोई घर में उनकी मां की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी। आसपास के लोगों ने उन्हें बताया कि लगभग 20-30 वर्ष के बीच के चार अपराधी उनके घर में घुसे थे, जिसमें तीन लड़के और एक लड़की शामिल थी।

### घर के पास एक साथ दिखे चारों संदिग्ध

जब अशर्फी प्रसाद के घर "सुशीला निवास" के पास चारो लोग पहुंचे हैं तब उन्हें एक साथ मोहल्ले वालों ने भी देखा। कुछ के चेहरे पर दाढ़ी है और कुछ क्लीन सेव में भी हैं। लड़की का ड्रेस भी दो रंग में है। अब पुलिस उन अपराधियों को पकड़ने में जुटी हुई है। आसपास के लोगों ने भी उन शातिर अपराधियों को देखा है। जिस तरीके का हुलिया मोहल्ले वासियों ने पुलिस को बताया, सीसीटीवी में भी वैसा ही हुलिया पुलिस को भी नजर आया है।

### मलेशिया से घर लौटे बेटा और बहू

घटना की सूचना पाकर सुशीला देवी का इकलौता बेटा रोहित राजा मलेशिया से तत्काल वापस लौट गया। घर का दृश्य देखकर उसकी आंखें फटी की फटी रह गयी। अपनी बहन अल्का को गले लगा कर जब उसने चीत्कार करना शुरू किया तो वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गयी। मां की लाश को देख उसका कलेजा फट गया। जब अंतिम संस्कार की बारी आई तो कंधा देते वक्त भी उसकी मनोदशा यह मानने को तैयार नहीं थी कि उसकी मां की हत्या कर दी गयी है।

## प्रखंड में लू का असर, दो दिनो में पांच की मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में लू का असर तेजी से पांव पसार रहा है। दो दिनों में लू से 5 लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार उदो दिन पहले प्रखंड के औरुगेरुआ गांव में चार व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतको में औरुगेरुआ के महेश्वर साव 65 वर्ष, बाल गोविंद साव 60 वर्ष, मो इलियास 70 वर्ष, बिनेश्वर भूइयां 65 वर्ष शामिल है। दूसरी घटना कोबनी गांव में गुरुवार की देर शाम घटी है। जिसमें कोबनी गांव के कुलेश्वर ठाकुर 73 वर्ष शामिल है। परिजनों द्वारा बताया गया कि महेश्वर साव को उल्टी और दस्त हुआ था और घर से बाहर निकलते ही वह गिरकर बेहोश हो गये जब तक चिकित्सक को बुलाया जाता तब तक उनकी मौत हो गयी थी। वही बाल गोविंद साव के द्वारा बताया गया कि वह काशी केवाल गांव गये हुए थें और वहीं पर बेहोश हो कर गिर गये थें। ग्रामीणों के द्वारा उनको होश में लाकर घर भेजा गया। घर आने के बाद वह काफी बेचैनी सी हालत में थें। और जब तक चिकित्सक को बुलाया जाता तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं तीसरी घटना मो इलियास अहमद की अचानक बुखार आ गया। ग्रामीण चिकित्सक के इलाज के बाद शेरघाटी ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गयी। वही ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि लू और गर्मी के कारण सभी की मौत हुई है। इसी तरह दो अन्य लोगों की मौत होने की बात बतायी गयी। इस घटना से पूरे गांव के लोग काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि औरुगेरुआ उप स्वास्थ्य केंद्र कभी कभार खुलता है। जिसके कारण यहां के लोगों की तबीयत खराब होने के बाद भी प्राथमिक उपचार नहीं होती है। जिसके कारण भी लोगों की जान जा रही है। वहीं बिजली विभाग के मनमौजी रवैया से भी लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। इस गांव के ग्रामीणों द्वारा बताया गया की 24 घंटा में 1 से 2 घंटा बिजली दी जाती है। उसमें भी लो वोल्टेज रहता है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा और बिजली आपूर्ति सुचारू ढंग से करने की मांग की है।

## 5 जून तक रोडसेल चालू करे प्रबंधन, नहीं तो 7 से होगी अनिश्चितकालीन ट्रासपोर्टिंग ठप




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के प्रतिनिधियों की बैठक शुक्रवार को लोवर सिमाना खान परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता गिरधारी गोप और संचालन सरोज कांत झा ने किया। बैठक में रोडसेल शीघ्र चालू करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के ढुलमुल नीति के कारण अब तक रोड से चालू नहीं हो पाया है। रोड सेल समिति सभी वंचित विस्थापितों और प्रभावितों को रोड से जोड़ना चाहती है, परंतु कुछ मुट्ठी भर विस्थापित 40 वर्षों से चली आ रही रोड सेल व्यवस्था को ध्वस्त कर अपनी नयी व्यवस्था चाहते हैं। जिसे रोड सेल समिति कभी स्वीकार नहीं करेगी। कहा गया कि रोड सेल को बाधित करने वाले मुट्ठी भर लोग जिनके पास कोई मजदूर आधार नहीं है, जबकि भुरकुंडा रोड सेल का आधार मजदूर ही है। आज भी 4 हजार से ज्यादा मजदूर जुडे. हुए हैं। पिछले 10 वर्षों से पेलोडर मशीन के द्वारा कोयला लोडिंग का कार्य किया जाता रहा है। उसके बाद भी मजदूरों को वहीं मजदूरी देने का कार्य रोड सेल करते आ रही है और आगे भी जारी रखेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सीसीएल प्रबंधन 5 जून तक रोड सेल चालू करें अन्यथा 7 जून 2024 से बलकुदरा ट्रांसपोर्टिंग कार्य अनिश्चितकालीन समय के लिए बंद कर दिया गया जायेगा। साथ ही रोड सेल समिति वंचित विस्थापित-प्रभावितों से वार्ता भी जारी रखेगी और अपील करेगी कि वंचित विस्थापित-प्रभावित जो सकारात्मक रूप से रोड सेल से जुड़ना चाहते हैं उनका स्वागत है। मौके पर मनोज मांझी, विकास सोरने, रामदेव मुंडा, गोविंद करमाली, गणेश बेदिया, राजन तूरी, संतोष उरांव, संतोष पासवान, रॉवेल एक्का, रामदास बेदिया, बालेश्वर पासवान, मुकेश पासवान, जुगल पासवान, गोविंद बड़ाईक, शिवलाल बेदिया, क्यूम अंसारी, आजाद अंसारी, इस्लाम अंसारी, दर्शन गंझू, हरिशंकर चौधरी, बागेश करमाली, प्रेम कुमार साहू, रमन शर्मा, अमरेंद्र प्रसाद, अजय सिंह, रविन्द्र सिंह, संजय मिश्रा, रॉबिन मुखर्जी, सुनील बैठा, दिनेश मेहता, शंकर पासवान, द्रोपती देवी, अनिल सोनी, बबन पांडेय, अशोक तिवारी, उत्तम कुमार सहित सैकड़ों प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रामगढ़ में धूम्रपान और तंबाकू से दूर रहेंगे पुलिसकर्मी, एसपी ने दिलायी शपथ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में एसपी डॉ बिमल कुमार ने सभी पदाधिकारियों और पुलिस जवानों को धूम्रपान और तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई। एसपी ने बताया कि धूम्रपान और तंबाकू सिर्फ एक व्यक्ति का ही जीवन बर्बाद नहीं करता, बल्कि सेवन करने वाले का पूरा परिवार नशे की आग में झुलस जाता है। आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हम यह शपथ खाते हैं कि ना तो कभी धूम्रपान करेंगे और ना ही तंबाकू का सेवन करेंगे। खुद के साथ-साथ अपने किसी भी रिश्तेदार और जान-पहचान वालों को भी नशे की इस लत से दूर रखेंगे। एसपी कार्यालय के अलावा रामगढ़ पुलिस लाइन, रामगढ़ थाना परिसर सहित जिले के सभी थाना और ओपी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ है। एसपी ने बताया कि नशे से बड़ा और कोई लत नहीं है। एक पुलिस अपनी पूरी जिंदगी समाज सेवा में बीतता है और अगर वह नशे की चपेट में आता है तो समाज को सही मार्गदर्शन देना भी संभव नहीं हो पता। पुलिस हर चौक चौराहे पर, हर मौसम में मौजूद रहती है। वह आम जनता के लिए ढाल बनकर खड़ी है। अगर कोई पुलिस पदाधिकारी ही ऐसी हालत में दिखे तो फिर उसका अनुसरण आम नागरिक कैसे करेंगे। यही वजह है कि सबसे पहले सुधार अपने आप में पुलिस विभाग करेगा, तभी समाज का दूसरा वर्ग उसका अनुसरण करेगा।

### पतरातू में तंबाकू से दूर रहने की अपील



पतरातू। पतरातू थाना परिसर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता ने पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाकर तंबाकू से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों ने धूम्रपान व अन्य किसी भी प्रकार के तंबाकू सेवन न करने और अपने परिजनों या परिचितों को भी धूम्रपान का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने और अपने कार्यालय परिसर का तंबाकू मुक्त रखने की शपथ ली। इस मौके पर पतरातू थाना के कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने किया व्यापक स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन

**गतिविधियों का उद्देश्य कर्मचारियों, स्थानीय समुदायों और क्षेत्र के स्कूलों के बीच स्वच्छता और स्वच्छता को बढ़ावा देना**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के हिस्से के रूप में 16 दिनों की अवधि में स्वच्छता गतिविधियों की एक श्रृंखला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य कर्मचारियों, स्थानीय समुदायों और क्षेत्र के स्कूलों के बीच स्वच्छता और स्वच्छता को बढ़ावा देना और जागरूकता बढ़ाना था। गतिविधियों में कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों, सहित स्कूल के बच्चों को शामिल करते हुये स्वच्छ भारत शपथ दिलाना शामिल था। एनटीपीसी स्थानों के आसपास होर्डिंग, बैनर और सेल्फी बूथ के माध्यम से स्वच्छता संदेश फैलाया गया। स्थानीय समुदायों को शामिल करने और स्वच्छता के महत्व पर जोर देने के लिए जागरूकता रैलियों और प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। आसपास के स्कूलों, कार्यालयों और टाउनशिप क्षेत्रों की सफाई के प्रयास किया गया। समुदाय को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता थीम पर एक जिंगल गीत तैयार किया गया। सब्जी मंडियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के डिब्बे लगाये गये।ताकि उचित कचरा निपटान को बढ़ावा दिया जा सके। एकल-उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए एक जागरूकता अभियान शुरू किया गया और सार्वजनिक क्षेत्रों, स्कूलों और पार्कों जैसे सामान्य स्थानों पर कचरे के डिब्बे उपलब्ध कराये गये। स्वच्छता पर प्रभावशाली संदेश देने और जनता को शामिल करने के लिये बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक किये गये। चिंतित गांवों में पौधरोपण के लिए पीएवी ग्राम पंचायत को फल देने वाले पौधे प्रदान किये गये, और जनता की जागरूकता और प्रेरणा बढ़ाने के लिये प्रभात फेरी, प्लॉगिंग और वॉकथॉन का किया गया। विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान और सरकारी कॉलेजों में स्वच्छता कार्यशालाएं भी पहलों का हिस्सा थीं। ये व्यापक गतिविधियां समुदाय के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। मौके पर परियोजना प्रमुख अजय कुमार शुक्ला, एचओएचआर अनिल चावला, सीएसआर एनए सीपो, वरोय प्रबंधक एचआर रघुवीर मिना समेत कई उपस्तिथ थे।

# ऑनलाइन ब्लैकमेल कर हुई एक लाख की ठगी

**हेलो मैं मैं पुलिस बोल रहा हूं, तुम्हारा बेटा बलात्कार केस में फंस गया है**

**भूतभोगी ने बेटे को बचाने के लिए ठग के खाते में डाल दिया एक लाख दस हजार रुपया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ निवासी नवलकिशोर पांडेय के साथ ऑनलाइन भावनात्मक ब्लैकमेल कर एक लाख दस हजार रुपये की ठगी की गयी है। इस संबंध में भुक्तभोगी पांडेय ने एक आवेदन देकर रामगढ थाना में शिकायत दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि गुरूवार को उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया कि वह पुलिस है। उसका बेटा बलात्कार के एक मामले में पुलिस की गिरफ्त में है। उसके साथ काफी मारपीट की गयी है। वह गंभीर रूप से घायल है। इसके बाद उसने कहा कि आप अपने बेटा से बात करें। फोन पर उसके बेटे की आवाज में नवल पांडेय को कहा कि पापा मुझे बहुत मारा गया है। मुझे बचा लीजिये।

बेटे की स्थिति पर नवल पांडेय काफी परेशान हो गये। इसी बीच अनजान व्यक्ति ने कहा कि तत्काल एक लाख दस हजार रूपया मेरे खाता में ट्रांसफर करो। बेटे की आवाज से परेशान पांडेय ने तत्काल उसके बताये नंबर पर एक लाख दस हजार रूपया ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद उसने अपने बेटे के नंबर पर फोन किया। बेटा से पूछा कि कहां हो और कैसे हो। बेटा ने बताया कि वह हॉस्टल में है और ठीक-ठाक है। इसके बाद उसे पता चला कि उसके साथ ठगी हो गया है। इसके बाद भी उस अनजान नंबर से लगातार उसके पास फोन आता रहा। इसके बाद उसने रामगढ थाना पहुंचकर कर शिकायत दर्ज कराया है। इधर, पुलिस ने शिकायत के बाद जांच में जुट गयी है।

## भुरकुंडा में मना विश्व तंबाकू निषेध दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी, और बासल थाना में थाना में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान दोनो जगहों पर थाना प्रभारियों द्वारा थाना परिसर में जवानों के बीच तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर थाना प्रभारियों ने कहा की स्वास्थ्य के लिए तंबाकू का सेवन हानिकारक है। इसके सेवन से कैंसर, हार्ट अटैक सहित कई गंभीर बीमारी होने का खतरा बना रहता है। शपथ में जवानों को किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादो का सेवन नहीं करने की बात कही गयी। कहा गया की खुद के साथ-साथ दूसरों को भी नसीले पदार्थों का सेवन न करने के लिए प्रेरित करें। थाना प्रभारियों ने सख्त हिदायत देते हुए कहा की थाना परिसर में तंबाकू, गुटका और पान मसाला खाना निषेध है। शपथ ग्रहण में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार सहित सशस्त्र बल मौजूद थें।

## तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार विश्व तंबाकू दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी। इसके साथ ही आसपास के लोगों को तंबाकू सेवन नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा उपस्थित लोगों को टोल नालसा से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 15100 टोल फ्री नंबर के साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे लोक अदालत की जानकारी दी गयी।

## मृतक की पत्नी ने गांव के चार लोगों के विरुद्ध लगाया हत्या का आरोप

**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी विरजु यादव के मौत के मामले में उसकी पत्नी मंजू देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के चार लोगों पर हत्या करने का आरोप लगायी है। आवेदन में उसने कहा है कि मेरे पति बिरजु यादव सोनवर्षा गांव स्थित घर के छत पर सोये हुए थे। गांव के ही जवाहर यादव, जगदीश यादव, रितिक रौशन और नरेश यादव ने मेरे पति को ईंट-पत्थर से मारकर हत्या कर दी है। हत्या का शक किसी ग्रामीण को नहीं हो, इसके लिए उन लोगों ने शव को घर के बगल में फेंक दिया था। उक्त चारों लोगों द्वारा जमीन विवाद को लेकर पहले भी कई बार मारपीट हो चुका है। जिसके बाद थाना कांड संख्या 100/23 में प्राथामिकी दर्ज कराया गया था। सभी आरोपी हमेशा जान मारने की धमकी देते थे। इस संबंध में थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया की मृतक विरजु यादव की पत्नी मंजु देवी के आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 62/24 में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने आरोपियो को धड़-पकड़ के लिए अभियान लाया जायेगा। मालुम हो की सोनवर्षा गांव निवासी बिरजु यादव के शव घर के बगल में बुधवार को सुबह में संदिग्ध अवस्था में पाया गया था। जिसके बाद परिजनो ने हत्या की आशंका जताया था।

## समर कैंप के समापन पर समारोह का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ में 16 - 31 मई तक छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसके तहत शुक्रवार को समर कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। आर्मी स्कूल के प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पुस्तकों के ज्ञान के साथ-साथ जीवन के उपयोगी व्यवहारिक ज्ञान और विभिन्न कौशलों से अवगत कराना था। समर कैंप में छात्र-छात्राओं को आर्चरी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य ओर संगीत की शिक्षा दी गयी। समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएल-कॉन-आरएनसी-एसएनईसीके-24-2, दिनांक 30.05.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं। ई-निविदा नियत तिथि को दोपहर 12.00 बजे बंद की जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल में हटिया (एचटीई) में रांची छोर की ओर कोचिंग एवं गुड्स शंटिंग नेक के विस्तार के संबंध में आरसी एवं पीएसआई कार्यों के साथ 25केवी ओएचई की आपूर्ति, संरचना, जांच एवं चालू करना। **कार्य का मूल्य:** रु. 83,04,813.30; **बोली सुरक्षा:** रु. 1,66,100; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीने। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in [E-Tender → Works देख सकते हैं (फोन नं. द्वारा लॉगइन करें) तथा ऊपर उल्लेखित निविदा सं. के साथ सर्च करें] तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-209)

# आइआरडीएआइ का मास्टर सर्कुलर

इंश्योरेंस रेगुलेटर आइआरडीएआइ ने हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों से जुड़े नियमों में जो बदलाव किये हैं, वे पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिहाज से खासे अहम हैं। पिछले 55 सर्कुलरों को रद्द कर जारी किया गया मास्टर सर्कुलर प्रक्रिया संबंधी उन गड़बड़ियों को संबोधित करता है, जो देखने में आम लगती हैं, लेकिन पॉलिसीधारकों के लिए परेशानी का सबब बनी रहती हैं। आम लोगों का ध्यान खींचने वाली सबसे बड़ी बात इसमें यह है कि अब कैशलेस क्लेम को मंजूरी देने की समय सीमा एक घंटा निर्धारित हो गयी है। यही नहीं, हॉस्पिटल से डिस्चार्ज का अनुरोध मिलने के तीन घंटे के भीतर डिस्चार्ज ऑथराइजेशन से जुड़ा पूरा मामला निपटाना होगा। सबसे अहम पहलू यह है कि इसमें देर होने की वजह से अगर हॉस्पिटल का बिल बढ़ता है, तो उस अतिरिक्त राशि का भुगतान बीमा कंपनी को करना होगा। इस सर्कुलर में पॉलिसीधारकों को मिलने वाली सर्विस की क्वॉलिटी में सुधार सुनिश्चित करने वाले कई उपाय बड़ी बारीकी से शामिल किये गये हैं। खास तौर पर पॉलिसीधारक की इलाज के दौरान मौत होने की स्थिति में क्लेम सेटलमेंट तत्काल निपटाने को कहा गया है, ताकि शव अस्पताल से निकलवाने में देर न हो। ऐसे मामलों में देरी इंश्योरेंस स्कीम की उपयोगिता और संबंधित पक्षों की संवेदनशीलता पर सवाल खड़ा करती रही है। इसी तरह इंश्योरेंस कंपनियों को समयबद्ध तरीके से 100 फीसदी कैशलेस क्लेम सेटलमेंट का लक्ष्य दिया जाना भी अहम है।

**आम लोगों का ध्यान खींचने वाली सबसे बड़ी बात इसमें यह है कि अब कैशलेस क्लेम को मंजूरी देने की समय सीमा एक घंटा निर्धारित हो गयी है। यही नहीं, हॉस्पिटल से डिस्चार्ज का अनुरोध मिलने के तीन घंटे के भीतर डिस्चार्ज ऑथराइजेशन से जुड़ा पूरा मामला निपटाना होगा।**

इस मास्टर सर्कुलर की सार्थकता असल में पॉलिसीधारकों को हो रही असुविधाओं से जुड़े फीडबैक में है। आम अनुभव में तो ऐसी बातें आ ही रही थीं, निजी एजेंसी के एक हालिया सर्वे में भी यह बात स्थापित हुई थी। सर्वे के मुताबिक पिछले तीन वर्षों के दौरान 43% पॉलिसीधारकों ने इंश्योरेंस क्लेम की प्रॉसेसिंग में दिक्कतें झेलीं। उनके मुताबिक यह प्रक्रिया बेहद जटिल और लंबी होती है, जिसकी वजह से पॉलिसीधारक और उसके परिवार के सदस्यों को अस्पताल में आखिरी दिन क्लेम प्रॉसेस करवाने की भागदौड़ करते बिताना पड़ता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब यह स्थिति बदलेगी। हेल्थ इंश्योरेंस सर्विस की क्वॉलिटी सुधारने जितना ही जरूरी है, इंश्योरेंस कवरेज का दायरा बढ़ाना। ध्यान रहे, अपने देश में चाहे पब्लिक हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम की बात की जाए या प्राइवेट इंश्योरेंस की, दोनों मिलकर भी आबादी के 70% हिस्से को ही कवर कर पाते हैं। मतलब यह कि करीब 30% यानी लगभग 40 करोड़ लोग इस दायरे से बाहर हैं। इन लोगों तक हेल्थ इंश्योरेंस की सुविधा पहुंचाना प्राथमिकता में होना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**राजधानी इस्लामाबाद के ऊपर और मुर्री पर्वत के नजदीक मरगल्ला हिल्स के वन क्षेत्रों में गर्मियों की शुरुआत में ही दो बार भीषण आग लग चुकी है। मेरे बगीचे पर नजर डालने पर पता चलता है कि पानी देने के बावजूद सब कुछ मुरझा रहा है। गुलाब जैसे ज्यादातर फूल खिलने से पहले ही सूख रहे हैं। यहां तक कि गर्मियों का फूल गार्डेनिया, (जो आकार में छोटे होते हैं), भी इस भीषण गर्मी को सहन नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान के दक्षिणी इलाकों, जैसे बलूचिस्तान में भयंकर सूखे के बावजूद गर्मी सहनीय है।**

# बदहाल पाकिस्तान और सांस्कृतिक कूटनीति

**मरिआना बाबर**

कई दक्षिण एशिया में इस समय ऐसी गर्मी पड़ रही है, मानो लगता है कि हर चीज जल रही है। इस जलवायु परिवर्तन से पहले रावलपिंडी में गर्मी मई के अंत तक सहनीय होती थी और उसके बाद ही असल में गर्मियां शुरू होती थीं और शैक्षणिक संस्थानों को गर्मी की छुट्टी के लिए बंद कर दिया जाता था, लेकिन इस बार अप्रैल में लगातार बारिश और सर्द वसंत के बावजूद बढ़ते तापमान पर कोई फर्क नहीं पड़ा है।

राजधानी इस्लामाबाद के ऊपर और मुर्री पर्वत के नजदीक मरगल्ला हिल्स के वन क्षेत्रों में गर्मियों की शुरुआत में ही दो बार भीषण आग लग चुकी है। मेरे बगीचे पर नजर डालने पर पता चलता है कि पानी देने के बावजूद सब कुछ मुरझा रहा है। गुलाब जैसे ज्यादातर फूल खिलने से पहले ही सूख रहे हैं। यहां तक कि गर्मियों का फूल गार्डेनिया, (जो आकार में छोटे होते हैं), भी इस भीषण गर्मी को सहन नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान के दक्षिणी इलाकों, जैसे बलूचिस्तान में भयंकर सूखे के बावजूद गर्मी सहनीय है।

यहीं पर हम बहुत से स्थानीय एवं विदेशी पर्यटकों को धार्मिक पर्यटन पर पहुंचते देखते हैं, क्योंकि हिंदू समुदाय के लोग हिंगलाज यात्रा के लिए आते हैं। यह कोई नयी बात नहीं है, बल्कि अनुष्ठान है, जिसमें हिंदू हमारे सूफी कवि अब्दुल लतीफ भिट्टाई के समय से भाग लेते रहे हैं, जिन्होंने अपनी कविता में इसका उल्लेख किया है। पाकिस्तान के वे इलाके, जहां अब भी हिंदू शांतिपूर्वक रहते हैं, वे हैं मीरपुर खास, बादिन, संघर, उमरकोट, हैदराबाद, घोटकी और कराची। कवयित्री फहमिदा रियाज कहती हैं कि इनमें ज्यादातर गरीब तबके के किसान-मजदूर हैं।

**कट्टरपंथ के खिलाफ एक नरम विकल्प खोजने की कोशिश**



**खैबर पख्तूनख्वा में प्राचीन गांधार सभ्यता के चिह्न आधुनिक तक्षशिला, पेशावर, चारसद्दा और स्वात में हैं। यह देखना दिलचस्प था कि विदेश मंत्रालय, जो आम तौर पर मुल्क की विदेश नीति को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने में व्यस्त रहता है, ने पूरी तरह से अलग तरह के पर्यटकों को आमंत्रित किया था। परिसंवाद आयोजित करने के पीछे वैशाख पूर्णिमा का उत्सव मनाने का विचार था, जो भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और निर्वाण का दिवस है।**

दक्षिण एशिया में इतनी ज्यादा मजहबी असहिष्णुता के बीच यह वाकई सराहनीय है कि चुनौतियों के बावजूद पाकिस्तान के हिंदू समुदाय अब भी सिंध से लंबी सड़क यात्रा करके बलूचिस्तान के पहाड़ों तक पहुंचते हैं। हाल ही में कराची की मुस्लिम नारीवादी कवयित्री फहमिदा रियाज ने हिंगलाज की यात्रा की। वह कराची से आरसीडी राजमार्ग से होकर यात्रा कर रही थीं और उन्होंने बसों एवं अन्य वाहनों से पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को यात्रा करते हुए देखा।

फहमिदा रियाज कहती हैं, 'वाहनों में बैठे लोगों के हाथों में लाल और भगवा झंडे थे और उनके बाजुओं पर लाल एवं पीली पट्टियां बंधी हुई थीं। झंडों और पट्टियों पर जय माता हिंगलाज और जय माता शेरां वाली लिखा था।'

अब भारत के हिंदू समुदायों द्वारा यह आवाज उठायी जाने लगी है कि जिस तरह भारत और पाकिस्तान के बीच समझौते के कारण सिख समुदायों के लिए करतारपुर कॉरिडोर की स्थापना की गयी है, ताकि वे अपने पवित्र स्थल की यात्रा कर सकें, उसी तरह हिंदू समुदायों को भी ऐसी ही सुविधा प्रदान की जाये, क्योंकि पूरे पाकिस्तान में ऐसे कई प्राचीन हिंदू तीर्थ स्थल हैं, जहां वे जाना चाहते हैं।

इस बीच पाकिस्तान में एक अलग तरह का धार्मिक पर्यटन चल रहा है और वह भी पाकिस्तान की बौद्ध विरासत पर। मुझे याद है कि कुछ दशक पहले मैं पाकिस्तान के उत्तरी इलाके में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात घाटी की यात्रा पर गयी थी। इस प्रांत में बौद्ध विरासत के कई पवित्र स्थल हैं, जिनमें पहाड़ों में उकेरी गयी भगवान बुद्ध की विशाल प्रतिमाएं भी हैं। स्वात घाटी में स्थित प्रतिमा बहुत ऊंची नहीं थी, इसलिए मैं उस पर चढ़ कर मूर्ति की गोद में बैठ कर फोटो खिंचवा पायी थी।

इस हफ्ते पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने 'गांधार से विश्व तक' शीर्षक से एक परिसंवाद एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया था, जो दुनिया के समक्ष मौजूद कट्टरपंथ, जो शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है, के खिलाफ एक नरम विकल्प खोजने की कोशिश थी। परिसंवाद का उद्देश्य यह संदेश देना था कि दुनिया भर के लोगों को जोड़ने के लिए कई कारक हैं और बौद्ध विरासत उनमें से एक है। यह पाकिस्तान आकर बौद्ध विरासत के प्राचीन चिह्नों को देखने का एक धार्मिक पर्यटन मात्र नहीं है, बल्कि कई गैर-बौद्ध भी यहां आते हैं, क्योंकि भगवान बुद्ध का शांति का संदेश पर्यटकों को आकर्षित करता है।

खैबर पख्तूनख्वा में प्राचीन गांधार सभ्यता के चिह्न आधुनिक तक्षशिला, पेशावर, चारसद्दा और स्वात में हैं। यह देखना दिलचस्प था कि विदेश मंत्रालय, जो आम तौर पर मुल्क की विदेश नीति को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने में व्यस्त रहता है, ने पूरी तरह से अलग तरह के पर्यटकों को आमंत्रित किया था। परिसंवाद आयोजित करने के पीछे वैशाख पूर्णिमा का उत्सव मनाने का विचार था, जो भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और निर्वाण का दिवस है।

मुख्य अतिथि श्रीलंका के विदुर विक्रमनायक थे, जो वहां के धार्मिक और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री हैं। उनके अलावा, नेपाल, श्रीलंका, थाइलैंड और वियतनाम के धार्मिक नेता और विशेषज्ञ भी मौजूद थे। विदुर विक्रमनायक ने अपने सार्थक वक्तव्य में कहा कि 'आइए, हम सांस्कृतिक कूटनीति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक गांधार सेतु बनायें, ताकि लोगों और राष्ट्रों को एक साथ लाया जा सके। हमें गांधार को एक जीवंत विरासत बनाना है।' थाइलैंड के विश्व बौद्ध विश्वविद्यालय के मानद रेक्टर अनिल शाक्य ने एक वीडियो संदेश भेजा था, जिसमें कहा गया कि 'पाकिस्तान वह स्थान है, जहां बौद्ध इतिहास में पहली बार भगवान बुद्ध की प्रतिमाएं प्रकट हुईं और गांधार कला दुनिया भर के सभी बौद्धों और गैरबौद्धों के लिए बहुत प्रभावशाली रही है।'

हमारे पाठकों को यह जानकर खुशी होगी कि पाकिस्तान के संग्रहालयों में भगवान बुद्ध की कुछ बहुत ही दुर्लभ और ऐतिहासिक मूर्तियां हैं, जिनमें सबसे प्रसिद्ध उपवासरत बुद्ध की मूर्ति है। ऐसे समय में, जब नफरत, उग्रवाद और असहिष्णुता समाजों को बांट रहे हैं, अब वक्त आ गया है कि दुनिया भर के देशों के बीच गांधार सेतु का निर्माण किया जाये, जो शांति और सहिष्णुता के प्रतीक भगवान बुद्ध के संदेश का प्रसार करेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर मतगणना में शामिल अधिकारी और कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

# चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का करें अनुपालन : उपविकास आयुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निदेर्शा पर एक्सएलआरआई सभागार में मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। शुक्रवार को उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर अधिकारी और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने कहा कि मतगणना कायार्देश में सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मियों के कार्य-दायित्व का स्पष्ट उल्लेख है। सभी को उसका शतप्रतिशत अनुपालन करना होगा। किसी भी तरह की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। मौके पर उन्होंने क्रमवार जारी कायार्देश में संबंधित पदाधिकारियों व उनके साथ टैग किए गए कर्मियों को पहचान कर कार्य करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा मतगणना केंद्र में बिना परिचय पत्र के कोई प्रवेश नहीं करेंगे। उन्होंने कहा काउंटिंग में जो असिस्टेंट, सुपरवाइजर और माइक्रो ऑब्जर्वर रहेंगे। उन्हें नियुक्ति पत्र और परिचय पत्र उपलब्ध कराने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा सभी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित प्राप्त मतों के आंकड़ा को निवार्ची पदाधिकारी के टेबल में समर्पित करने से पूर्व आंकड़ों की दोबारा जांच के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग पदाधिकारी नियुक्त की गयी। उन्होंने मतगणना से पूर्व के कार्यों का निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दी। पोस्टल बैलेट को वज्र गृह से ले जाने और मतगणना हॉल में रखने, बैलेट मत पत्रों, ईटीपीबीएस की गणना में पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने, मतगणना तिथि को सभी वज्र गृह में बिजली आपूर्ति सुचारू रखने को लेकर जरूरी दिशा- निर्देश दी। उन्होंने कहा मतगणना केंद्र परिसर पूरी तरह सीसीटीवी व वीडियोग्राफी की निगरानी में रहेगा। मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन, माचीस, लाइटर, वॉटर बॉटल, तंबाकू, सिगरेट, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, च्युइंगम गम के साथ प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवसर पर पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी,एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, एडीसी रोहित सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, एसडीओ धालभूम पारुल सिंह और घाटशिला सहित एआरओ और सभी एईआरओ शामिल रहे।

## घाटशिला कॉलेज में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**घाटशिला (आजाद सिपाही)। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयोजन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं और को तंबाकू छोड़ने की प्रतिज्ञा दिलायी। प्राचार्य ने शपथ दिलवाते हुए कहा कि सिगरेट, धुआं रहित तंबाकू उत्पाद, गर्म तंबाकू उत्पाद, ई सीगरेट, निकोटीन पाउच सहित सभी प्रकार के तंबाकू और निकोटिन को जीवन में कभी सेवन नहीं करना है। इस दौरान प्राचार्य ने धूम्रपान से होने वाली हानि को भी बताया। इस मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में घाटशिला विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राजकिशोर प्रसाद ने भी तंबाकू सेवन और धूम्रपान से होने वाली समस्याओं को बताया और कहा कि इसे जीवन में उपयोग नहीं करना है। इस मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ अमरजीत प्रसाद, सीनेट सदस्य डॉक्टर पी के गुप्ता, डॉक्टर एसके सिंह, शिक्षक संघ के सचिव डॉक्टर एसपी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर अर्चना सूरीन ने किया । संचालन प्रोफेसर इंदल पासवान ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।**

# अमरप्रीत सिंह काले की मां का निधन





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रवक्ता सह शहर के समाजसेवी अमर प्रीत सिंह काले की माता और स्व सरदार हरजीत सिंह खनुजा की धर्मपत्नी बलवंत कौर खनुजा की शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे स्वर्गवास हो गया। वे एक अत्यंत धर्म परायण महिला थीं। उन्होंने अपने पीछे चार पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार को छोड़ गयी। उनकी उम्र 90 वर्ष से अधिक थी। उनके आशीर्वाद से सम्पूर्ण परिवार ही नहीं बल्कि समाज से जुड़े अनगिनत लोग लाभान्वित हुए। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को साकची कालीमाटी रोड स्थित आवास से सुबह 10 बजे स्वर्णरेखा बर्निंग घाट के लिए प्रस्थान करेगी। इसके पहले पार्थिव शरीर के साथ साकची गुरूद्वारे में संगत दर्शन किया जाएगा। श्री काले के अलावे उनके तीन पुत्र त्रिलोचन सिंह ( पम्मी ), दलजीत सिंह ( राजे ) और रणवीर सिंह( बब्बू ) हैं।

उधर निधन की खबर मिलते ही आवास में संवेदना प्रकट करने के लिए शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। विधायक सरयू राय ने आवास पहुंच कर काले और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। वही केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दूरभाष पर काले से बात कर शोक प्रकट की। वही अखबारों के संपादक, शहर के व्यवसायी व उद्योगपति , विभिन्न समाज के प्रतिनिधिगण, मिथिला संस्कृति परिषद , पुरोहित महासंघ,भाजपा और अन्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, यूनियन के नेता, सेंट्रल गुरुद्वारा के प्रधान भगवान सिंह,साकची प्रधान निशान सिंह, सरदार शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य सभी गुरुद्वारा प्रधान व सिख संगत के प्रतिनिधि उनके आवास पहुंचे। झारखण्ड स्टेट बार कॉउन्सिल के वाइस प्रेसिडेंट व वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल, गुरदीप सिंह पप्पू, कुल्विंदर सिंह,तख़्त हरमंदिर साहिब के महासचिव इंदरजीत सिंह, कुलबिंदर पन्नू, सुरेश संथालिया ने काले से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की।

# तंबाकू के दुष्परिणामों से बचाने के लिए लोगों को दिलायी गयी शपथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के दिन शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय मानवता अधिकार और मीडिया संगठन जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश ने तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाया। तंबाकू के सेवन से मुंह और फेफड़ों में कैंसर की बीमारी होती है। तंबाकू से होने वाली बीमारी नुकसान और दुष्परिणाम के प्रति यह अभियान टाटानगर रेलवे लोको कॉलोनी के विभिन्न क्षेत्रों में बैनर , पोस्टर , पंपलेट के माध्यम से बताया गया। हम सब ने ठाना है तंबाकू छुड़ाना है . छोड़ो छोड़ो बीड़ी गुटखा छोड़ो के नारे लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक कमलेश ने तंबाकू उत्पादों के उपयोग न करने के लिए शपथ दिलायी । युवाओं से अपील की धूम्रपान छोड़ने के लिए तनाव नहीं लेना चाहिए। वर्ष 2024 की थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना, इस पर जोर दिया गया। सिगरेट एंड अदर टोबेको प्रोडक्ट अधिनियम (कोटपा) सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है। कोटपा के नियमों का पालन कर तंबाकू पर नियंत्रण किया जा सकता है। अभियान में मुख्य रूप से सविता सिंह, के लक्ष्मी ,चंद्र मोहन राजू राव, नलिन रोजा , सोमा चंद्रा इत्यादि ने अपनी भागीदारी निभाई।

# संथाली ड्रामा कॉम्पिटिशन में शामिल हुए संजीव सरदार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** डुमरिया प्रखंड के कुमड़ाशोल पंचायत स्थित पड़सा ग्राम में शिव बाबा उतनाव गलांग गवंता समिति के द्वारा 10 वाँ रोहणी के शुभ अवसर पर छौऊ मेला सह संथाली ड्रामा कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा आज के टेक्नोलॉजी युग में संथाली ड्रामा के माध्यम से आदिवासी काला संस्कृति को बचाने में समाज के लिए कई चुनौतियां सामने आती हैं, लेकिन ड्रामा में एक साहित्य की झलकियां दिखती है। ड्रामा के माध्यम से अच्छे और बुराईयों को दशार्ने से समाज को एक आईना दिखती है। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य शंकर चन्द्र हेम्ब्रम, प्रमुख गंगामनी हांसदा,मिर्जा सोरेन, जयपाल सिंह मुर्मू, भगत बास्के, रामचन्द्र हेम्ब्रम,चैतन मुर्मू, भगत हांसदा, उदय मुर्मू सहित झामुमो नेता व कार्यकर्ता के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्तित रहे।

## गर्मी से हजारों की संख्या में चमगादड़ों की मौत



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय से 25 कि० मी० की दूरी पर स्थित चुतरू पंचायत के बांदू बाजार के पास एक वर्षों पुराना एक बरगद का बड़ा पेड़ है जिस पर बहुत बड़ी संख्या में चमगादड़ पहले से ही रहते हैं। लेकिन बादू चुतरू में इतनी गर्मी बढ़ गई है कि इस भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप से प्रति दिन एक हजार की संख्या में चमगादड़ जमिन पर गीर गीर कर मर रहे हैं। जमिन पर गिरे पड़े चमगादड़ के सड़ने से दुर्गंध फैल गई है। जिससे बांदू बाजार से दुसरे गाँव टोले तथा अपने रिश्तेदारों के घर जाकर रहने को लोग मजबूर है। लोगों का कहना है कि दो चार दिन और रह गया तो हैजा जैसी महामारी भी फैल सकता है।

# गढ़वा में मरे हुए चमगादड़ों को पका कर खा गये लोग

## पहुंची मेडिकल टीम तो रह गयी हैरान, रांची तक हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड में गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के सुंडीपुर में हीट वेव के चलते दो दर्जन से अधिक चमगादड़ों की मौत के बाद ग्रामीण मरे हुए चमगादड़ों को पका कर खा गये। इसके बाद तो गांव में अफरा-तफरी मच गयी। परिजनों में बेचैनी हो गयी। आनन-फानन में जिला मुख्यालय तक खबर पहुंचायी गयी। गढ़वा से बात राजधानी रांची के प्रशासनिक गलियारे तक तक पहुंच गयी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग एक्शन में आ गया। जैसे ही इसकी सूचना मिली डीसी ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट करते हुए उस गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेज कर सभी ग्रामीणों की जांच करवायी। इसको लेकर कांडी प्रखंड के



सुंडीपुर गांव में स्वास्थ्य विभाग ने एक शिविर का आयोजन किया है। दरअसल, गत 28 मई को हीट वेव के चलते कई चमगादड़ों की मौत हो गयी थी, जिसके बाद यहां के रहने वाले कुछ ग्रामीण मरे हुए चमगादड़ को घर पर ले जाकर पका कर खा गये थे। डीसी शेखर जमुवार को जानकारी मिलते ही इसकी जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट किया और उस गांव में मेडिकल कैंप स्थापित कर उन 25 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करवायी जिन्होंने चमगादड़ खा लिया था। हालांकि, सभी लोग अभी तक स्वस्थ बताये जा रहे हैं, लेकिन मृत चमगादड़ों के मांस खा लेने के बाद ग्रामीण अज्ञात बीमारी की आशंका से भयभीत हैं।

वहीं, सभी ग्रामीणों के स्वस्थ पाये जाने पर विभाग ने राहत की सांस ली है। लेकिन, चमगादड़ों के मांस खाने वाले लोगों को एहतियातन आइसोलेट करने पर भी विचार किया जा रहा है। इधर, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य जांच में सभी लोग फिलवक्त स्वस्थ पाये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग उन पर नजर रखे हुए है। सिविल सर्जन ने कहा कि जरूरत पड़ने पर अन्य एहतियाती कदम उठाये जायेंगे। निपाह वायरस फैलने की आशंका कही जा रही रही है, लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है। अगर ऐसा होगा तो हमारा कोविड वार्ड है और सभी को वहां भर्ती कराया जायेगा। कांडी थाना को भी निर्देश दिया गया है कि किसी भी आपात स्थिति पर नजर बनाये रखें।

## प्रखंड कार्यालय के सभागार में पीएम आवास अबुआ आवास तथा मनरेगा योजना संबंधित बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को गढ़वा उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने प्रखंड कर्मियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों के के मध्य पीएम आवास, अबुआ आवास तथा मनरेगा योजना संबंधित समीक्षा बैठक किया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने पंचायत वार पंचायत सचिव तथा पंचायत के मुखिया से अबुआ आवास पीएम आवास तथा मनरेगा संबंधित सभी योजनाओं की जानकारियां प्राप्त किया जिसमें 9462 प्रधानमंत्री आवास योजना, 737 अबुआ आवास योजन की स्वीकृति लाभुकों के बीच किया गया था लाभुकों द्वारा आवास निर्माण का कार्य परगति पर देखते हुवे दूसरा किस्त की राशि भुगतान करने का निर्देश कर्मियों को दिया गाय साथ ही उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि वैसे लाभुक जो पैसा लेने के बावजूद भी आवास निर्माण कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं उन्हें चिन्हित कर



पैसे की रिकवरी करने का निर्देश दिया तथा मनरेगा योजना के तहत चल रहे टीसीबी, मेड़बंदी, कूप निर्माण के कायों पर चर्चा किया गया जिसमें सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया की जून माह तक हर हाल में कूप निर्माण के लाभुकों द्वारा कूप निर्माण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में उपस्थित कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी मो अफताब आलम ने कहा कि दो माह के अंदर पीएम तथा आबुआ आवास के लाभुक हर हाल में आवास निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश विभागीय कर्मियों को दिया ताकि लंबित आवास योजना पूर्ण हो सके मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय, बीपीओ कमलेश कुमार, कनीय अभियंता योगेंद्र यादव, देव कुमार सिंह, मुखिया अमित कुमार दुबे अनिता देवी कौसल्या देवी, निजू सिंह, आरती सिंह, रीता देवी, चंदा देवी, परीखा राम, विजय राम, मुखिया प्रतिनिधि ललुयादाव, शंभूनाथ साह, पंचायत सचिव संजीव ठाकुर, सुदर्शन राम संतोष सिंह, मुकेश कुमार सहित कई कर्मी बैठक में उपस्थित थे।

## पानी की तलाश में भटक कर टाउनशिप सेल आवासीय परिसर में आया हिरण गंभीर रूप से घायल, हुई मौत



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर उत्तरी वनक्षेत्र के लहराहा सुरक्षित वन क्षेत्र से पानी की तलाश में भटक कर टाउनशिप सेल आवासीय परिसर में आया हिरण गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए ले जाए जाने के दौरान कपूर्री चौक पर उसकी मौत हो गया। वन क्षेत्र कार्यालय में पोस्टमार्टम के बाद परिसर में दफना दिया गया। भवनाथपुर उत्तरी वनक्षेत्र के लरहरा सुरक्षित वन क्षेत्र से भटक कर हीरण सेल के टाउनशिप आवासीय परिसर में आ गया था।बताया जाता है कि पानी की तलाश में भटक रहा होगा। भीड़ को देखते हुए हिरण फिर चहारदीवारी फांद कर टाउनशिप के आवासीय परिसर में भ्रमण करने लगा।

बताया गया कि आवासीय परिसर में कहीं लगे कंटिले तार से मुंह के अगल बगल कट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था।वन कमीर्यों को सुचना मिलते ही वनरक्षी दयाशंकर सिंह, ओमप्रकाश उरांव,सचित कच्छप, अनूप सिंह, कुंदन यादव, राकेश कुमार आदि पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से पकड़ कर इलाज के लिए वन क्षेत्र कार्यालय ल जा रहे थे कि कपूर्री चौक के पास उसकी मौत हो गई। उक्त हिरन नर था जिसके माथे पर बड़े बड़े सिंह थे।

## फेसबुक से प्यार करने के बाद पीड़िता से मारपीट करना युवक को पड़ा महंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी (गढ़वा)।** फेसबुक से प्यार करने के बाद शादी का झांसा देकर नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाने के बाद पीड़िता को मारपीट करना युवक को पड़ा महंगा पुलिस में गिरफ्तार कर भेजा जेल

मामला धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी गांव का है इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी गांव के आशीष कुमार पिता बाबूलाल घांसी उम्र 19 वर्ष ने मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला के एक लड़की



से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर अपने प्रेम प्रसंग में शुरू किया इसके बाद नाबालिग पीड़िता को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर घर से भागकर अपना गांव रक्सी ले आया,और कुछ दिनों तक अपने घर में रखने के बाद शारीरिक संबंध बनाया, जब पीड़िता शादी करने का दवाब बनाने लगी तो युवक पीड़िता के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया, और शादी करने से इंकार करने लगा,जिसके बाद पीड़िता किसी तरह रक्सी गांव से भाग कर धुरकी थाना पहुंची और थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई, वही थाना प्रभारी ने लिखित शिकायत के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुए धुरकी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है तथा नाबालिग पीड़िता के अभिभावक से संपर्क नही होने के कारण धुरकी पुलिस ने पीड़िता को बाल कल्याण समिति गढ़वा सौप दिया है ।

## तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी गयी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया प्रखण्ड सरइदही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को तंबाकू निषेध से संबंधित किसी प्रकार की तंबाकू उत्पाद एवं इसका सेवन नहीं करने का शपथ दिलाई गई वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विजय किशोर रजक ने तंबाकू से होने वाले रोग जैसे फेफड़े एवं मुंह का कैंसर हड्डी सांस की बीमारी और महिलाओं को कई प्रकार के समस्या का सामना करना पड़ता है इसमें गर्भाशय ग्रीवा कैंसर हृदय संबंधी जोखिम इत्यादि शामिल है इससे बचने के लिए अपने जीवन में तंबाकू का इस्तेमाल करने से बचाना है साथ ही भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र सरईडीह, कंजिया, रोदो, परो, हेसातु, मादगड़ी च, एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरगढ़ में सी एच ओ एमपीडब्ल्यू के द्वारा तंबाकू निषेध स्वास्थ्य केंद्र को शपथ दिलाया गया मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक संदीप कुमार वेद प्रकाश संगीता टोप्पो सरोज खाखा दीपक निरोलिया ,साबिर खान ,विवेकानंद चौधरी सभी स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## उपायुक्त शेखर जमुआर ने आकांक्षी प्रखंड को लेकर नीति आयोग के इंडिकेटरों के साथ समीक्षा बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड को लेकर नीति आयोग के विभिन्न इंडिकेटरों पर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से नीति आयोग के 49 प्रमुख इंडिकेटर पर समीक्षा किया। इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में विशेष कार्य करने को लेकर बिंदुवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उक्त क्षेत्र में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने गर्भवती महिलाओं का




एएनसी रजिस्ट्रेशन, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, सेक्स रेश्यो, मालन्यूट्रिशन, एमटीसी सेंटर का संचालन समेत अन्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विशेष फोकस कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने शतप्रतिशत विद्यालयों में पेयजल, विद्युतीकरण, शौचालय, सुचारू रूप से पठन-पाठन, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने समेत अन्य जरूरी इंडिकेटर पर जोर देने का निर्देश दिया। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए माइक्रो इरिगेशन, डीप इरीगेशन, फसल बीमा समेत अन्य क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। उक्त प्रखंड में भी एएनसी रजिस्ट्रेशन, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, लो बर्थ वेट बेबी, डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन समेत अन्य विषयों पर जोर देने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ० अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रमेश कुशवाहा, जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, आकांक्षी जिला और प्रखंड के पदाधिकारी/कर्मचारी व अन्य संबंधित उपस्थित थें।

## बीएलओ और पर्यवेक्षक की समीक्षा बैठक आयोजित



**रंका (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव से संबंधित बीएलओ और पर्यवेक्षक की एक समिक्षा बैठक शुक्रवार को रंका प्रखंड सभागार में हुई। जिसमें प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दिनेश कुमार एवं कंप्यूटर सहायक मुखलाल उरांव द्वारा मतदाताओं के संबंध में विशेष जानकारी दी गई। जैसे- मृत मतदाता के नाम को हटाना, स्थानांतरित मतदाता, दिव्यांग मतदाता, पच्चासी प्लस मतदाता एवं मतदाता सूची को त्रुटि रहित करने से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर बीपीआरओ दिनेश कुमार, मुखलाल उरांव सहित काफी संख्या में बीएलओ महिला पुरुष उपस्थित थे।

## विक्षिप्त युवक ने सूर्य मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त किया



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बतोकला गांव के सूर्य मंदिर में विक्षिप्त युवक ने घुसकर भगवान सूर्य की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रतिमा क्षतिग्रस्त की खबर पाते ही मंदिर कमेटी एवं आसपास के कई लोग उपस्थित हो गए एवं विक्षिप्त युवक को पकड़ कर इसकी सूचना थाने को दिया। देखते-देखते मंदिर परिसर में काफी लोग इकट्ठे हो गए। लोगो ने विक्षिप्त युवक का पहचान जोगिया वीर निवासी सिकंदर कुमार गुप्ता पिता भुनेश्वर साह के रूप में किया गया। लोगों ने बताया कि सिकंदर कुमार गुप्ता का कई वर्षों से मानसिक स्थिति खराब है।वहीं थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णमाल दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मानसिक स्थिति खराब होने के वजह से युवक पागलों की तरह हरकतें करते रहता है। परिजनों को बुलाकर इसकी उचित इलाज कराने की हिदायत दी गई है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की क्षति ना करें।

## दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच साड़ी वितरण किया गया

आजाद सिपाही संवाददता

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ग्रुप के उपाध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ के सौजन्य से अपनी माता स्वर्गीय रामपति देवी के पुण्यतिथि पर दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी साड़ी का वितरण मुख्य पथ स्थित दीपक इलेक्ट्रिक के पास किया। इस अवसर पर राकेश बाबू सर्राफ ने कहा कि मैं हर वर्ष अपनी माता के पुण्यतिथि पर इसी प्रकार जरुरतमंदो के बीच वस्त्र का वितरण करता रहूंगा। उपस्थित जायन्ट्स के पदाधिकारियों ने कहा कि पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच साडी का वितरण करना पूण्य का काम है। जायन्ट्स परिवार हर मौके पर जरूरतमंदों की सेवा में आगे रहता है। इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के फेडरेशान पादाधिकारी नन्द कुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, विजय केशरी के अलावे सत्यम बेग हाउस के मालिक दिलीप केशरी आदि उयस्थित थे।

## नल जल योजना लूट खसोट का अड्डा, काम पूरा होने के बाद भी लोगों को लाभ नहीं मिला

**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गाँवो में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल नल योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। प्रखंड में यह सिर्फ लूट की योजना बनाकर रह गई है।प्रखंड का शायद ही ऐसा कोई गांव होगा जहां से इसकी शिकायत नहीं आती है। कई स्थानों पर तो कम पानी होने के बावजूद भी वहां पर बोरिंग कर दिया जाता है।उसके अलावा कई जगहों पर पुराना चपाकल के बोरिंग में ही जलमीनार लगा दिया जा रहा है। इतना ही नहीं कई जगहों पर महज कदम भर की दूरी पर दो दो जलमीनार लगा दिया जा रहा है । कई जगह तो नल जल योजना की टंकी से पानी नहीं मिलने के कारण झगड़े तक की नौबत आ जा रही है। सरकार ने 2024 तक हर घर तक पानी पहुंचाने का वादा किया था ।लेकिन योजना पूर्ण हुवा भी नही और गर्मी 48 डिग्री अधिकतम तापमान के उफान पर आ गई। योजना पूर्ण करने के नाम पर लोगों से आधार कार्ड लिए गए। उनका कहना है क्या बरसात के लिए योजना बनाई गई है। जब वर्षा होगी तो जलस्तर बढ़ेगा उसके बाद नल से पानी आएगा गर्मी में फिर वही हाल होना है तो ऐसे में जलमीनारो का वजूद खत्म कर देना चाहिए। नल जल योजना की बात करें तो कहीं पानी की कमी तो कहीं आवश्यकता से अधिक बोरिंग के कारण योजना का हाल बेहाल है। इधर रारो गांव के पथलाही टोला के बाबा वीर कुंवर के पास व मनदीप यादव के घर के पास लगे पुराने चापाकल में हीं जलमीनार का कनेक्शन कर दिया गया है।



## हरिहरपुर बस स्टैंड के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवक बुरी तरह से घायल

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर बस स्टैंड के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवक बुरी तरह से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर में हरिहरपुर बस स्टैंड से महज कुछ ही दूरी पर एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सामने से आ रही आयशर ट्रक में जा भिड़ीं, ट्रक दारीदह स्थति एलएनटी कंपनी के पाइपलाइन याड से मझिगावां के तरफ से आ रही थी व मोटरसाइकिल मझिगावां से कांडी तरफ जा रही थी। मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार थे जो सामने से आ रही ट्रक में अनियंत्रित होकर सामने से जा भिड़े जिससे तीनो युवक बुरी तरह घायल हो गए घायलों में मझिगावां पंचायत के अस्नाखाड़ टोले निवासी योगेंद्र कुमार पिता अखिलेश राम उम्र 20 वर्ष, अमित विश्वकर्मा पिता सुदेश्वर विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष, आदित्य विश्वकर्मा पिता विद्या विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष का नाम है। उक्त घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर पुलिस व विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के प्रयास से घटना स्थल पर एम्बुलेंस आया व घायलों को त्वरित ईलाज हेतु रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा गया। तथा आयशर ट्रक को हरिहरपुर पुलिस अपने कब्जे में लेकर ओपी परिसर में ले आई। उक्त दुर्घटना से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि युवा अपनी सुरक्षा को लेकर दिन प्रतिदिन लापरवाह होते जा रहे हैं व यातायात के नियमों का पालन करना तो दूर उसे ताके पर रख कर सड़क पर चल रहे हैं। 001

## वृद्ध मां-बेटी को एक साल से राशन नहीं मिलने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रखंड प्रशासन की खुली नींद

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा गढ़वा।** विशुनपुरा पिछले दिनों आजाद सिपाही में शीर्षक झोपड़ी में रहकर गुजारा करने वाली वृद्ध महिला की जिंदगी बन गयी पहाड़, वृद्ध मां बेटी को एक साल से राशन नही मिलने कि खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रखंड प्रशासन की नींद खुल गयी है। आजाद सिपाही में छपी खबर के आलोक में विशुनपुरा अंचधिकारी सह एमओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने सरांग गांव निवासी असहाय पार्वती कुँवर के घर पहुच कर तत्काल राहत सामग्री पहुचाया है।

**सीओ ने पार्वती कुँवर से मिलकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।**



सीओ ने घर में कोइ कमाऊ व्यवक्ति नही होने पर घर की माली स्थिति बहुत ही खराब पाया। वृद्ध लाभुक पार्वती की अंगूठा मिलान नही होने के कारण राशन नही मिल रहा था. वही सीओ ने मौके पर उपस्थित डीलर शिवप्रसाद चंद्रवंशी को प्रत्येक माह राशन घर पर ही उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. सीओ ने तत्काल 10 किलो चावल व आर्थिक सहायता दिया है।

वही पानी, आवास की समस्याओं को लेकर जिला से बात कर जल्द ही सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने का आस्वासन दिया है। मालूम हो कि सरांग गांव के स्व बिफन राम की 105 वर्षीय पत्नी पार्वती कुँवर को लगभग 1 वर्ष से राशन नही मिलने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पार्वती कुँवर की बड़ी बेटी लीलावती देवी गांव में ही मजदूरी कर किसी तरह मां की भरण पोषण करती है। पार्वती कुँवर को अभी तक सरकारी आवास का लाभ नही मिला है। घर के पास चापाकल नही रहने के कारण कुवा के दुसित पानी पीने को मजबूर है। इन सभी समस्याओं से वह अपने जीवन से थक चुकी थी।

## 600 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा पुलिस के द्वारा नशा के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से 5 किलो गांजा जप्त किया था। सिमडेगा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि नशे के पदार्थ की बिकी के खिलाफ छापामारी हेतु चार टीम बनाया गया था और चारो टीम ने अलग-अलग जगहों पर छापामारी अभियान चलाया। जिसमें नीचे बाजार से राजेश कुमार साहू पिता विष्णु देव साहू को 600 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। नशे के विक्रेताओं व सेवन करने वाले अड्डों की पहचान कर लगातार छापेमारी की जा रही है। एसडीपीओ पवन कुमार आम जनता से भी अपील किया है कि सिमडेगा पुलिस के साथ जनता भी इस अभियान का हिस्सा बने। छापेमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी में विनोद कुमार पासवान पुनि सह थाना प्रभारी, सिमडेगा. पुअनि रोहित कुमार रजक, थाना प्रभारी मुफस्सिल पुअनि प्रदीप कुमार महतो, थाना प्रभारी एएचटीयू, पुअनि उपेन्द्र रविदास, थाना प्रभारी एससी/ एसटी पुअनि संजीत कुमार, सिमडेगा थाना एवं अन्य पुलिसकर्मी अभियान में शामिल रहे ।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग, जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग और सेन्टर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के द्वारा संयुक्त रूप से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किशोरों, किशोरियों एवं युवाओं के बीच तंबाकू निषेध को लेकर जागरूकता सत्र, जागरूकता रैली एवं हस्ताछर युक्त शपथ का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर युवा मैत्री केंद्र के सलाहकार, एएनएम, सहिया, सेविका, साथिया एवं सेन्टर फॉर कैटलाईजिंग चेंज की टीम के द्वारा तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर परिणामों के विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन से हमे कई प्रकार की बीमारियां होती हैं। इन बीमारियों में फेफरे का कैंसर, हाई बीपी, डॉयबिटीज आदि शामिल है। नशापान हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। इसलिए हमें तंबाकू और उससे बने उत्पाद से दूरी बना के रखनी चाहिए जिससे हम खुद भी स्वस्थ रहे और एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें और इसके लिए हमे अपनी भूमिका तय करनी होगी। विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के राज्य साधन सेवी आशीष दास द्वारा भी जानकारी दी गयी। साथी दवाब में आकर, भ्रामक विज्ञापनों से प्रभावित होकर, अपने परिवारजनों को देखकर या स्वयं उत्सुकता से प्रेरित होकर किशोर एवं युव वर्ग तंबाकू के उत्पाद का सेवन करने लगते हैं और उसके आदी बन जाते हैं। यह लत हमारा स्वास्थ्य एवं भविष्य बर्बाद करता है। यदि आप या आपका कोई परिचित नशे का आदी हो गया है तो आप युवा मैत्री केंद्र या नशा मुक्ति केंद्र आकर सलाह ले सकते है और उपचार करा सकते हैं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रखंड और अंचल कर्मियों ने ली शपथ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर घाघरा प्रखंड विकास सह अंचल कार्यालय में आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार के नेतृत्व में सभी कर्मियों ने तम्बाकू का सेवन नहीं करने का शपथ लिया। इस अवसर पर सभी प्रखंड कर्मियों ने एक शुर में शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण के दौरान बताया कि मैं आज से कभी भी धूम्रपान या किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करूंगा। साथ ही अपने रिश्तेदारों, परिचितों एवं मित्रों को भी तंबाकू से बने पदार्थों के उपयोग न करने की सलाह दूंगा। क्योंकि यह हमारे शरीर के लिए हानिकारक है। मैं पूरी कोशिश करूंगा कि वैसे लोग जो धूम्रपान अथवा किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद के आदी हैं, उन्हें इस जानलेवा लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करूंगा। इसके पूर्व तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले गंभीर रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शपथ ग्रहण समारोह में आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, कनीय अभियंता सतीश बंसल, अभियंता रंजीत कुमार, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## खाना बनाने के क्रम में महिला जलकर घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरी पाट निवासी 30 वर्षीय पंडरी असुर खाना बनाने के क्रम में जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के मुताबिक महिला को मिर्गी रोग है। गुरुवार की शाम करीब 5:00 बजे खाना बनाने के क्रम में मिर्गी आने से वह आग में गिर गई। जिसके बाद उसके साड़ी में आग लग गई। चिल्लाने पर उसकी गोतनी घर के अंदर आई जिसके बाद पड़ोसियों को बुलाया गया। इसके बाद साड़ी में लगी आग को लोगों द्वारा बुझाया गया। वही उसका पति राजेश असुर माइंस में काम करने गया हुआ था। घटना की जानकारी पर वह घर लौटा। जिसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे रात्रि 10:00 बजे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में महिला का कमर से नीचे का हिस्सा बुरी तरह से जल गया है। घटक की जानकारी पर मजदूर नेता जुम्मन खान अपने सहयोगी जावेद आलम के साथ सदर अस्पताल पहुंचे इलाज में सहयोग किया।

## धूमधाम से मनाया गया जेठ जतरा



**बोलबा (आजाद सिपाही)।** बोलबा प्रखण्ड के अवगा गाँव मे धूमधाम से मनाया गया जेठ जतरा। इस मौके पर पाहन देवेंद्र भगत के अगुवाई में सरना झण्डा गाड़कर धर्मेश की विधिवत पूजन किया गया । धर्मेश से अच्छी बारिश, अच्छी फसल, सुख -समृद्धि, गाँव से लेकर देश मे खुशहाली की कामना की गई । इसके बाद उपस्थित लोगों ने दर्शन पूजन किया गया। इस मौके पर देवेंद्र भगत ने बताया कि आदि धर्म अर्थात सरना धर्म मानने आदिवासियों को धर्मेश ने बहुत सारी चीजें दिया है और भारत देश ने निवास करने वाले आदिवासी धन्य है । उन्होंने कहा कि हुल्लु परिया से उराँव जनजाति के लोग मौसम के अनुसार अलग-अलग समय मे अलग अलग नाच -गाना करते है। फाल्गुन, सरहुल, करमा, सोहराई, जेठवारी, आसारीआदि है। उरांव आदिवासी पुरानी संस्कृति को जीवित रखने के लिए जेठ जतरा लगाकर जेठवारी नृत्य-गीत एवं मांदर की थाप पर झूमे लोग।

# चुनाव परिणाम को लेकर सट्टा का बाजार गर्म, हर तरफ हो रही सिर्फ चुनावी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** लोक सभा चुनाव 2024 के परिणाम से पहले सट्टे का बाजार गर्म हो गया है। सट्टा लगाने वाले कांग्रेस और बीजेपी की ओर से सट्टा लगा रहे हैं। कोई सट्टेबाज कांग्रेस की जीत पर सट्टा लगा रहा है तो कोई बीजेपी की जीत पर। कहीं केन्द्र में किसकी सरकार बनेगी इस बात पर सट्टा लगाया जा रहा है। चुनाव परिणाम को लेकर यूं तो हर आदमी जिज्ञासु है। हर तरफ माहौल में चुनाव परिणाम की ही बातें तैर रही हैं। अभी सातवें चरण का मतदान समाप्त भी नहीं हुआ है और गली चौराहों से लेकर सरकारी गैर सरकारी दफ्तरों में चुनाव के परिणामों की समीक्षा से की जा रही है। इस बार किस राज्य में कौन सी पार्टी कितने सीटों से विजई होगी, केंद्र में किसकी सरकार बनेगी और अपना स्थानीय सांसद कौन होगा? फिल्हाल हर तरफ इन्हीं तीन बिंदुओं पर ही चर्चा -परिचर्चा हो रही है। सुबह की चाय से लेकर रात के खाने तक हर मोड़ व हर स्टेज पर चुनावी परिणाम की चर्चा ही छाई हुई है। राजनीतिक दल से जुड़े लोग इस चर्चा में काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। कभी जातिगत आंकड़े निकाल कर परिणाम निकालने की कोशिश की जा रही है तो कभी क्षेत्रीय आंकड़े निकाल कर वोटों की समीक्षा में लोग जुटे नजर आ रहे हैं। कभी कभी तो 2014 और 2019 के मतदान में बूथ - प्रखंड - से लेकर विधानसभा तक के आंकड़े निकालने से भी लोग नही चूक रहे हैं। और कभी

तो वर्तमान में क्षेत्र के लोगों का मूड देखकर अनुमान लगाये गए नए आंकड़े पर काल्पनिक जोड़ घटाव करते हुए कोई भाजपा को जिताने पर तुला है तो कोई कांग्रेस की जीत पर अड़ा हुआ है। हालांकि 4 जून का सबको बेसब्री से इंतजार तो है लेकिन उससे पहले के एग्जिट पोल पर लोगों की आंखें जमी हुई है। हास्यास्पद बात तो यह है कि जो व्यक्ति कांग्रेस समर्थक है वह भाजपा को जिताने वाले एग्जिट पॉल को गलत साबित कर रहा है और जो व्यक्ति बीजेपी समर्थक है वह कांग्रेस की जीत वाले एग्जिट पोल को झूठा बता रहा है। मगर इन दोनों तरह के लोगों की नजरे एग्जिट पोल पर जरूर है।

## डेढ़ वर्षों से खराब पड़ी जलमीनार को बनवाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के आदर पंचायत स्थित चट्टी गांव में जिला परिषद विभाग से लगे सोलर जलमीनार डेढ़ वर्षो से खराब पड़ी हुई है। वही ग्रामीणों ने गुमला उपायुक्त से उक्त सोलर जलमीनार को बनवाने का मांग किया है। इस आशय की जानकारी ग्रामीणों ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि जिला परिषद विभाग से घाघरा मुख्यालय के एक ठेकेदार द्वारा उक्त सोलर जल मीनार को विगत ढाई वर्ष पूर्व लगाया गया था।लेकिन 1 वर्ष बाद से उक्त सोलर जलमीनार खराब पड़ी हुई है। कई बार ठेकेदार और विभाग को मौखिक तौर पर उक्त सोलर जलमीनार बनवाने की बात कही गई। वही ठेकेदार द्वारा सिर्फ झूठ बोला गया बना दिया जाएगा। लेकिन अब तक नही बना। हम सभी ग्रामीणों के लिए पानी की समस्या काफी बड़ी है। गांव में उक्त सोलर जल मीनार के अलावा पानी के लिए कोई साधन नहीं है। गांव से दूर में कुआं और दाढ़ी का पानी ग्रामीणों द्वारा लाकर उपयोग किया जाता है। वहीं ग्रामीणों ने यह भी कहा कि घर के बड़े पुरुष महिला काम के सिलसिले में गांव में या गांव से बाहर भी जाना पड़ता है। जिसमें घर के बच्चे भी कभी कभी कुआं और दाढ़ी तक जाकर पानी लाते है। जिससे हमेशा डर सताते रहता है कि कहीं कोई अनहोनी ना हो जाये। लेकिन इस ओर विभाग के लोगों ने ध्यान दिया और ना ही उक्त ठेकेदार द्वारा दिया गया। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त से सोलर जलमीनार को बनवाने की मांग की है।

## दो दिनों से लापता युवक का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बरवे नगर पंचायत के नगर परहाटोली गांव के बड़ाईक बगीचा में 2 दिन से लापता युवक विमल संदीप खलखो उम्र लगभग 34 वर्ष का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। परिजनों के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि संदीप खलखो बुधवार को शाम 6 बजे अपने घर से बैल बांधकर निकाला था परन्तु एक दिन हो जाने के बाद भी घर नहीं आने से मेरे और मेरे परिवार वालों एवं ग्रामीणों के द्वारा काफी खोजबीन की जा रही थी पर उसका कही पता नहीं चला। वही शुक्रवार की सुबह नगर परहाटोली के बड़ाईक बगीचा में आम चूनने पहुंचे बच्चों के द्वारा शव को देखा गया। जिसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों को बच्चो ने दी। सूचना मिलते ही बगीचे में लोगो की भीड़ लग गयी। लोगो ने शव को देखकर विमल संदीप खलखो के रुप में पहचान की गयी। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी। वही मृतक की पत्नी सोरेन खलखो के द्वारा बताया गया कि मेरे पति का दिमागी संतुलन ठीक नहीं रहता था जिसके कारण वह अक्सर इधर-उधर घूमते रहता था। पुलिस के द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। पुलिस ने कहा के मामले की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## करंट की चपेट में आने से पारा शिक्षक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** भरनो प्रखंड के करंज थाना के क्षेत्र अंतर्गत लौंडरा गांव में शुक्रवार को बिजली के करेंट के चपेट में आने से 40 वर्षीय पारा शिक्षक रामसेवक उरांव की मौत हो गयी। मृतक पारा शिक्षक राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लौंडरा में कार्यरत थे। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के बिषय में मृतक की पत्नी रुक्मिणी उरांव ने बताया कि वो लोग पति पत्नी घर के बगल अपने बाड़ी स्थित कुआं में नहाने गए थे। जंहा से रामसेवक नहा कर घर लौट रहा थे। तभी सिंचाई के लिए ले जाया गया विद्युत प्रवाहित बिजली का तार के संपर्क में आ गये। फलस्वरूप रामसेवक बिजली की करेंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गये। जिसके बाद उसे आनन फानन में परिजन द्वारा सिसई रेफर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो के बुरा हाल है। इधर पारा शिक्षक की मौत की सूचना पर करौंदाजोर पंचायत की मुखिया ईभा लकड़ा, लौंडरा स्कूल के एचएम झारी कुल्लू सहित कई शिक्षक मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया और गहरा शोक व्यक्त किया।

## तंबाकू निषेध दिवस पर सभी प्रखंडों में चलाये गये कार्यक्रम




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झालसा के निर्देश पर तथा जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद मिश्र के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला राम कुमार लाल गुप्ता की नेतृत्व में पीएलभीयों के द्वारा सभी प्रखंड के विभिन्न गांव में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम चलाए गये। जिसमें तंबाकू के सेवन से होने वाले बीमारियों एवं नुकसानों के विषय में लोगों को बताया गया। पान, गुटका एवं अन्य तंबाकू से निर्मित वस्तुओं से हमारे शरीर में बहुत से बीमारियां उत्पन्न होती हैं। आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर पीएलबीयों ने अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी से भी मिलकर सदर अस्पताल गुमला, संप्रेषण गृह आदि जगहों पर भी तंबाकू निषेध के लिए लोगों से अपील किया और उन्हें इनसे होने वाली हानियों से अवगत कराया।

## विज्ञान केंद्र बन रहा है वैज्ञानिक ज्ञानाधार का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से गुमला जिले में एक नई गतिवधि की शुरूआत हुई 'सिकछा कर भेंट' इस गतिवधि का मुख्य उद्देश्य है कि जिले में शिक्षा के के विभिन्न श्रोतों को दुरुस्त करना साथ की जिले में शिक्षा व्यवस्था को एक नई उड़ान देना है। इसी क्रम में गुमला में पूर्व में बने विज्ञान केंद्र के नवीनीकरण के पश्चात जिले में एक वैज्ञानिक लहर देखने को मिल रही है, जिसमें गुमला ही नहीं बल्कि अन्य जिलों से भी विद्यार्थी इस विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ज्ञानाधार का हिस्सा बन रहें हैं। नन्हें विद्यार्थियों में भी वैज्ञानिक बनने की इच्छा प्रबल देखने को मिल रही रही है।

पिछले दिनों जिले के विज्ञान केंद्र में 3 दिवसीय समर कैंप का आयोजन हुआ। इस समर कैम्प में गुमला सहित हजारीबाग, रांची, लोहरदगा सहित विभिन्न जिलों से भी 8 से 16 वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस बीच गुमला जिले के एक नन्हें वैज्ञानिक ने समर कैंप में भाग लिया एवं समर कैंप के अंतिम दिवस में उन्होंने स्वयं रोबोट का निर्माण कर उपायुक्त को दिखाया।

**गुमला जिले के कक्षा 7वीं के नन्हे वैज्ञानिक श्रींश भरद्वाज:** गुमला के ग्रामीण क्षेत्र करोंदी के निवासी अनुज कुमार मिश्रा के पुत्र श्रींश भारद्वाज ने रोबोटिक्स एवम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने वॉइस कमांड से चलने वाला रोबोट बनाया है। गुमला विज्ञान केंद्र में आयोजित समर कैंप के अंतिम दिन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के समक्ष श्रींश ने अपने रोबोट का प्रदर्शन किया जिससे उपायुक्त के साथ कैंप में भाग ले रहे सभी प्रतिभागी अत्यंत ही प्रभावित हुए।

ज्ञात हो कि श्रींश भारद्वाज डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के कक्षा सातवीं के छात्र है। पिछले 3-4 साल पहले कोरोना काल में जब सभी विद्यालय बंद थे और ऑनलाइन माध्यम से किसी तरह शिक्षण गतिविधियां कराई जा रही थी। तब मात्र 10 वर्ष से कम उम्र में इस नन्हे वैज्ञानिक का इलेक्ट्रानिक के क्षेत्र में रुझान हो गया था। इनके पिता अनुज कुमार मिश्रा ने बताया कि श्रींश भविष्य में रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं।

## अजमत ए वलीदैन्न कांफ्रेंस का आयोजन



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर में गुरुवार रात को अजीमो सानो सौकत से अजमत ए वलीदैन्न कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य रूप मध्य प्रदेश से आए हुए खानवादे रब्बानिया के सैय्यद अरसद रब्बानी साहब और बांदा सरीफ उत्तर प्रदेश से सैय्यद अमीर मसूदी का जोरदार तरीके से गोबिंदपुर के मुस्लिम भाइयों ने फुल माला और नारा से इस्तकबाल किया। जो की रात भर नात सरिफ और तकरीर किया गया। जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग मौजूद रहे और जलसा का लुत्फ उठाया। वही नेकाबत के रूप में जमाल अख्तर साहब पलामू से और सायर के रूप में अरसद राजा बनारसी जिन्होनें रात भर दीनी इस्लाम के बारे में संबोधित किया। वही मौके पर नासिर खान, नेयामत खान, जाकिर खान, नसीब खान, लालखान, हसन खान, रहीम अंसारी रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बिशुनपुर थाना प्रभारी उधेश्वर पाल के नेतृत्व में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें थाना के सभी पुलिस पदाधिकारीयो एवं कर्मियों ने शपथ ली। वह अपने जीवन में कभी भी किसी प्रकार का तंबाकू उत्पादो का उपयोग या सेवन नहीं करेंगे एवं अपने परिजनों मित्रों या परिचितों को भी तंबाकू उत्पादकों का सेवन नहीं करने की प्रेरित करेंगे इसके अलावा अपने पर्यावरण को भी तंबाकू उत्पादकों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाएं रखने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका योगदान करेंगे इस मौके पर एस आई कामू पासवान, पवन कुमार राम, गणेश मिंज, वीरूदेव कुमार सिंह साहित्य कई जवान मौजूद थे।

## लीगल एंड डिफेंस काउंसिलिंग को लेकर हुई मासिक बैठक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर तथा जिला में सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद मिश्र के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला राम कुमार लाल गुप्ता ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पैनल लॉयर के साथ मासिक बैठक किया। जिसमें उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के लिए जो भी मामले कोर्ट से भेजे जा रहे हैं उनका अच्छी तरह से मध्यस्थ की जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा मामले का निष्पादन हो सके और लोगों को भी अच्छे मध्यस्थ का लाभ मिल सके। उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों से भी कहा बचाव पक्ष के हित को ध्यान में रखते हुए त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रयास करें। इस मौके पर वुंदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे और ओम प्रकाश समेत कई उपस्थित थे।

## दस लाभुकों के बीच बकरी का वितरण




**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के कुल दस लाभुकों के बीच बकरी वितरण किया गया,जानकारी के मुताबिक सरकार के द्वारा अनुदानित पशु बकरी का वितरण कामडारा प्रखंड पशु चिकित्सालय के समीप कुल दस लाभुकों के बीच वितरण किया गया जिसमे एक लाभुक को चार बकरी और एक बकरा दिया गया साथ ही दवाइयां भी दी गयी। इसके अलावे बकरियों के रख रखाव इत्यादि की भी जानकारी दी गयी। लाभुकों में मरियम सुरीन, वृंदावती देवी, मरियम तोपनो, जयमंती देवी, ललिता देवी, अकली देवी, सुमंती देवी अन्य लाभुक उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया



**भरनो/ गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिसकमीर्यो को तंबाकू से जुड़े हुए सभी तरह के पदार्थों का सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी और साथ ही तम्बाकू से होने वाले दुस्प्रभाव के बारे में भी बताया। वहीं यह भी बताया कि तम्बाकू कैंसर जैसे जानलेवा खतरनाक बीमारी को उतपन्न करता है,जिसके वजह के रोजाना कई लोगो की जान भी चली जा रही है।इसलिए आप सभी अपने स्तर से तम्बाकू के खराब प्रभाव को लेकर लोगो को जागरूक अवश्य करें।इस मौके पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार के अलावे सब इंस्पेक्टर अर्जुन प्रसाद यादव सहित पुलिसकर्मियों उपस्थित थे।

## स्टांप उपलब्ध कराने की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के जिला संरक्षक अजित कुमार विश्वकर्मा ने उपायुक्त गुमला को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें जिला कोषागार से दस और पांच रुपये का स्टांप उपलब्ध कराने की मांग की है। कहा कि दस और पांच रुपये का स्टांप नहीं होने के कारण अधिवक्ताओं एवं लिपिकों को परेशानी हो रही है।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नशा मुक्ति अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित

# नशा सेवन से होती है आर्थिक, शारीरिक व सामाजिक क्षति : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। अस्पताल की ओर से कई स्थानों पर एक साथ जागरूकता रैली निकाली गई। जिसके माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति को लेकर जागृत किया गया। रैली में मेडिकल कॉलेज कर्मी व एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों में नशा छोड़ो परिवार जोड़ो, टीबी-कैंसर मौत की सीढ़ी, बंद करो ये गुटका-बीड़ी, गांजा-भांग शराब तंबाकू तन-मन-धन के ये सब डाकू जैसे नारे लिखी तख्तियां थामें शामिल हुए थे। इसके अलावा नशा मुक्ति पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि नशा सेवन से परिवार और समाज में बिखराव होता है। नशा सेवन से आर्थिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान होता है। इसलिए युवा पीढ़ी को नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को नशा मुक्त रहने का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसके विजयी प्रतिभागियों को कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी द्वारा पुरष्कृत किया गया। मौके पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डीन डॉ विवेक कश्यप, डॉ विजय कुमार, डॉ सुभाष तेतरवे, पांडेय रविभूषण, डॉ हरी भूषण प्रसाद, डॉ अरिहंधम गोश, डॉ राजेश जय प्रकाश, डॉ हरिमोहन प्रसाद सिन्हा, डॉ मनीष कुमार मुंडा, डॉ ओपी श्रीवास्तव और डॉ केके सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधन, छात्र-छात्राएं व अन्य।

# गिरिडीह के डॉक्टर अमित गौंड के घर पहुंचे बाबूलाल, परिजनों से मिल कर जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह के डॉक्टर अमित गौंड के निधन से पूरा शहर मर्माहत है। हैदराबाद में उनका अंतिम संस्कार करने के बाद परिजन गिरिडीह लौट आए है। परिजनों के गिरिडीह लौटने पर स्वजनों सहित अन्य लोग मिलने आ रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्व गौंड के शहर के टुंडी रोड स्थित आवास पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चुन्नूकांत, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जलान, नविन सिन्हा, मनोज संघई सहित अन्य भाजपाई पहुंचे और डॉक्टर गौंड के बड़े भाई चीकू गौंड समेत परिवार के अन्य सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर स्व गौंड के बड़े भाई ने बाबूलाल मरांडी को बताया कि डॉ अमित की हालात में काफी हद तक सुधार हो गया था, लेकिन हाल के कुछ दिनों में अचानक से उनकी तबियत बिगड़ गई और डॉ गौंड की हालात चिकित्सकों के हाथ से बाहर निकल गया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने युवा सर्जन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि गिरिडीह ने एक होनहार सर्जन को खो दिया है। उन्होंने कहा कि कई लोगों के मुंह से सर्जन डॉक्टर अमित गौंड का नाम वो खुद भी सुन चुके थे। उनके इलाज की तारीफ भी लोगों द्वारा खूब की जाती थी।

# अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में बिजली पानी की समस्या के लिए राज्य सरकार को दोषी ठहराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा की भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की चंपाई सरकार के खिलाफ तेवर तल्ख किया है। शुक्रवार को गिरिडीह में प्रेसवार्ता कर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को तुरंत बिजली-पानी की आपूर्ति को दुरुस्त करने पर जुटना चाहिए। क्योंकि इस भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहद खराब है ऐसे में चंपाई सरकार को बिजली-पानी पर खास रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने चंपाई सरकार को लूट और झूठ की सरकार बताते हुए कहा कि झामुमो-कांग्रेस और राजद के नेताओं के आंखो का पानी भले ही सूखा है। लेकिन राज्य में विपक्ष की भूमिका में भाजपा है। ऐसे में जनसमस्याओं को लेकर भाजपा गंभीर रहेगी। आंदोलन की जरूरत पड़ने पर सड़क पर उतर कर आंदोलन भी किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा, झुमरी तिलैया और गिरिडीह शहरी क्षेत्र को लेकर कहा कि लगातार पावरकट का दौर जारी है। कोई पदाधिकारी सुनने वाले नहीं। ऐसे में जनता की परेशानियों को देखेगा कौन। जब चंपाई सरकार खुद ही चुनाव प्रचार में व्यस्त रहे है। चंपाई सरकार को ढींग हांकने वाली सरकार बताते केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में बिजली और पानी के आपूर्ति का हाल सबसे खराब है।

# मतगणना को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये जरूरी निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने पलामू संसदीय क्षेत्र की मतगणना को लेकर शुक्रवार को बैठक की। डीसी कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि व विभिन्न राजनीतिक दलों के निर्वाचन अभिकर्ता शामिल रहें। डीसी ने सभी को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतगणना की गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि मतों की गिनती विधानसभा वार होगी। पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कुल छह विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए कुल 124 टेबल बनाये गये हैं। वहीं पोस्टल बैलट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना के लिए 28 टेबल बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि सुबह आठ बजे से काउंटिंग प्रक्रिया की शुरूआत होगी जिसमें सबसे पहले पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना की जाएगी। इसके बाद कंट्रोल यूनिट से प्राप्त मतों की गिनती की जायेगी। मतगणना स्थल पर गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में कर्मियों व एजेंट के आने-जाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता व उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में पड़ रही भीषण गर्मी, मतगणना स्थल पर अनावश्यक भीड़ से बचें : डीसी

**डीसी शशि रंजन ने कहा कि जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में आमजन मतगणना स्थल पर आवश्यक भीड़ से बचें। उन्होंने निर्वाचन अभिकर्ता से अपने साथ गर्मी से बचाव के लिए गिला तौलिया रखने पर बल दिया। उन्होंने सभी से प्रयाप्त मात्रा में अपने साथ पेय पदार्थ रखने की भी बात कही।**

# विश्रामपुर में लू लगने से दो महिला सहित तीन की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जिससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पारा 47 डिग्री के पार पहुंच गया है। इसी बीच शुक्रवार को लू लगने से दो महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। रेहला थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी जाकिर हुसैन (62) अपने बेटी के ससुराल शादी में आए थे। इस दिन लू लगने से अचानक अचेत होकर गिर गए और देखते ही देखते दम तोड़ दिया। वहीं, सीताराम यादव की पत्नी सुमित्रा देवी (60) की मौत भी लू लगने से हो गई। मृतिका सुमित्रा देवी विश्रामपुर से कुछ समान खरीद कर घर वापस जा रही थी। तभी रास्ते में ही वह बेहोश हो कर गिर गईं। उन्हें तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि तीसरी घटना रेहला थाना क्षेत्र के झगरुआ गांव में घटित हुई। यहां स्व सुकन राम की पत्नी यशोदा कुंवर (70) की भी मौत लू लगने से ही गई। जानकारी के अनुसार यशोदा कुंवर लू लगने से घर से कुछ दूर पहले ही अचेत होकर गिर गयी। परिजन आनन-फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले गये। जहां जांचोपरांत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सको के अनुसार उसकी मौत लू लगने से हुई है।

# एमकेडीएवी में संचालित एनसीसी शिविर का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** डालटेनगंज एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे एनसीसी के 10 दिवसीय शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान मौजूद भी थे। समापन समारोह से पूर्व व्यक्तित्व विकास पर एक अभिक्रियात्मक सत्र चला, जिसमें विषय के अनेक आयामों पर चर्चा हुई। अन्य कार्यक्रमों में कम्युनिकेशन डेवलपमेंट, जेंडर सेंसिटिविटी जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए गए। मुख्य वक्ता के रूप में एनसीसी 44वीं बटालियन पलामू के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी एवं मनोचिकित्सक डॉ जूही ने प्रदत विषयों पर प्रकाश डाला। शिविर के दौरान विशेष प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित भी किया गया। जिसमें एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के छात्र हर्ष तिवारी, आलिया अफरोज, अंकित राज, शिवम तिवारी एवं प्रीतम कुमार प्रमुख थे। उक्त कार्यक्रम में नागपुरी नृत्य, एकल नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता पाठ प्रस्तुत किया गया। कुछ कैडेट्स ने मार्शल आर्ट्स का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ जीएन खान ने कहा कि कैडेट्स यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अनुशासित आचरण व देश भक्ति विचार लेकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगे और भारत को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने में अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करेंगे। इस मौके पर सूबेदार मेजर मन्ना उरांव, दिलीप कुमार साहनी, तरुणी सेन नायक, विमलेश सिंह, नायब सूबेदार बिरसा उरांव, हवलदार लाल पूर्ति, पवन कुमार, एक हेंब्रम, स्वर्णजीत सिंह, रमेश कुमार, विजय धनवार, अमरनाथ मुंडा, राजू मुंडा, ज्योति मुंडा, ज्योति मोहन, जेबियल कुजूर आदि उपस्थित थे।

# 105 वर्षीय वृद्ध के निधन पर शोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के पारपहार गांव निवासी 105 वर्षीय बीठल यादव का निधन के बाद शुक्रवार को दाह संस्कार किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। बीठल यादव अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ गए हैं। बड़े पुत्र प्रसाद यादव ने मुखाग्नि दी। उनके परिवार में मृतक की पत्नी सोनिया देवी, जनेश्वर यादव, राजकिशोर यादव, रमेश यादव, बेटी मानमति देवी, कमली देवी, फुलमतिया देवी, सुगंती देवी, पोता मनोज यादव, सनोज यादव, गुप्ता यादव, गुलशन यादव, मनीष यादव आदि हैं। वहीं, दाह संस्कार में राजद के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, यादव महासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष इंजीनियर संजय यादव, दीपक यादव, मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र मेहता, पूर्व मुखिया जीतेंद्र मेहता, अनुज यादव, पूर्व मुखिया प्रत्याशी ललन यादव, राजेंद्र यादव, सुनील यादव, प्रभु यादव, कमलेश यादव, वीरेंद्र यादव, कइल यादव, अकलदेव यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर अवैध परिवहन के खिलाफ चला अभियान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार कीओर से अवैध परिवहन को लेकर गुरुवार की देर रात सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 4 वाहनों को जब्त किया गया जिसे पड़वा थाना एवं टीओपी - 2 थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी वाहन संचालकों से आवश्यक कागजात के साथ ही वाहनों के मूवमेंट पर बल दिया।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत बटाने नदी से शुक्रवार को पत्थरा पीकेट की पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि पत्थरा पीकेट के प्रभारी मंटु कुमार के नेतृत्व में बटाने नदी में छापामारी कर बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रतर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को अग्रसर कर दिया गया है।

## भाजपा नेता ने किया वी बाजार मॉल का उद्घाटन



मॉल का उद्घाटन करते भाजपा नेता व अन्य।

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के वनांचल ग्रामीण बैंक के समीप वी बाजार मॉल का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। हुसैनाबाद शहर में वी बाजार मॉल खुलने से लोगों को एक साथ सभी तरह के सामान खरीदने का अवसर मिलेगा। वहीं, वी बाजार मॉल के मैनेजर विजय कुमार तबरीवाल ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में सभी प्रकार के आधुनिक परिधान समेत घरेलू उपयोग की सामग्री उचित दर पर उपलब्ध हैं। ग्राहकों को बेहतर सेवा और संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। मौके पर दिना सोनी, अजित अग्रवाल, छठन राम, प्रकाश कश्यप, रामलखन गुप्ता, प्रशांत सिंह, नागेंद्र उपाध्याय, रामनाथ बैठा और रामकुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# हरिहरगंज-पीपरा में भीषण गर्मी के बीच बिजली विभाग की मनमानी, लोग हलकान






आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में भीषण गर्मी व लू ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। ना दिन को राहत ना रात को सुकून। पिछले पांच दिनों से क्षेत्र में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 40 से 45 डिग्री के बीच रह रहा है। तपिश भरी भीषण गर्मी के बीच अधिकतर लोग घर पर ही रहे हैं। सुबह 10 बजे के बाद तापमान 37 डिग्री के पार हो जाता है। वहीं, भीषण गर्मी से हांफ रहे लोगों को बिजली विभाग भी रूला रहा है। बिजली की आंख मिचौली के साथ लो वॉल्टेज से लौग त्राहीमाम कर रहे हैं। हरिहरगंज प्रखंड के सरसोत ग्राम पंचायत के ग्रामीण जितेंद्र सिंह ने बताया कि दोपहर होते होते पारा 42 डिग्री पार पहुंच जा रहा है। उपर से बिजली की समस्या के चलते लोग बेबस नजर आ रहे हैं। वहीं, पूर्व जिला परिषद सदस्य आशा कुमारी ने कहा कि चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के प्रकोप के आगे जनमानस हताश और परेशान हो गया है। सरसोत के लुकुआ मौजे में करीब 12 एकड़ भूमि में करेली, टमाटर, कद्दू सहित कई प्रकार के साग सब्जी का खेती कर रहे किसान उपेंद्र मेहता ने बताया कि भीषण गर्मी से फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। पानी के अभाव में फसल मरने लगे हैं। कुआं, तलाब एवं नदी पूरी तरह से सुखने की कगार पर है। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार रवि ने कहा कि क्षेत्र में इन दिनों हिट वेव कहर बरपा रहा है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों को जनमानस के हित में विशेष जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। जबकि हरिहरगंज सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा ने बताया कि भीषण गर्मी से लोगों की सेहत बिगड़ रही है।

## स्पोर्ट्स



**टोक्यो ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और वर्ल्ड चैंपियन जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा पेरिस ओलिंपिक का प्रशिक्षण यूरोप में करेंगें। खेल मंत्रालय ने नीरज के कोट और फिजियों को इसकी अनुमति दे दी है।**

# ओलिंपिक से पहले 4 देशों में ट्रेनिंग करेंगे नीरज चोपड़ा, खेल मंत्रालय ने दी मंजूरी

### नीरज के कोच और फिजियो भी उनके साथ रहेंगे




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और वर्ल्ड चैंपियन जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा पेरिस ओलिंपिक का प्रशिक्षण यूरोप में करेंगे। खेल मंत्रालय ने नीरज के कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह के साथ उनकी 60 दिनों के लिए यूरोप में प्रशिक्षण की योजना को अनुमति दे दी है। उनके साथ ही पहलवान विनेश फोगाट, लॉन्ग जंपर शैली सिंह और भारतीय शूटर विदेश में ओलिंपिक की तैयारी करेंगे। बतातें चलें कि ओलिंपिक्स से दो महीने पहले नीरज मांसपेशियों में परेशानी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी थी। नीरज ने लिखा था कि 'थ्रोइंग सेशन में हिस्सा लेने के बाद मैंने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। मुझे ये समस्या पहले भी रही है। इस स्टेज पर अगर मैं खुद को पुश करता हूं तो ये चोट में बदल सकती है। मैं साफ कर दे रहा हूं कि मैं चोटिल नहीं हूं, पर मैं ओलिंपिक्स से पहले कोई खतरा नहीं लेना चाहता।' वहीं, खेल मंत्रालय के मिशन ओलिंपिक के तहत शूटर राजेश्वरी कुमारी और महेश्वरी चौहान अपने पर्सनल कोच के साथ शुक्रवार से 11 जून तक इटली में होने वाली ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लेंगी। वहीं, पेरिस के लिए क्वालिफाइड विनेश फोगाट 5 से 7 जून तक मैड्रिड में होने वाले ग्रांपी में खेलेंगी। लॉन्ग जंपर शैली सिंह अपने कोच के साथ लिस्बन, पेरिस, जेनेवा और एथेंस में ट्रेनिंग करेंगी। भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने 20 जून से 22 जुलाई तक के लिए प्रशिक्षक रोहन जॉर्ज मैथ्यूज की नियुक्ति, इपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी, रेड लाइट थेरेपी के साथ रिकवरी सर्विसेज की मांग की थी, जिसे खेल मंत्रालय ने मंजूर कर दिया है।

दूसरी ओर, टॉप्स (टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम) के तहत पेरिस ओलिंपिक के मेडल फेवरेट भारतीय को मंत्रालय की ओर से तैयारी में सहायता की जाती। इसमें वित्तीय सहायता में हवाई किराया, आवास, भोजन, चिकित्सा बीमा, स्थानीय परिवहन व्यय के अलावा भारतीय खेल प्राधिकरण (रअक) के मानदंडों के अनुसार जेब से मिलने वाला भत्ता भी शामिल होगा।

## पीट पीट कर बकरियों को मार डाला, थाना में दर्ज हुआ मामला



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर सोरडिहा निवासी संजय चौधरी की चार बकरियों को शुक्रवार को लाठी डंडा से पीटपीट कर मार डाला गया। बकरियों की हत्या का आरोप सोरडीहा गांव के ही राजू साव पर लगा है। इस बाबत संजय चौधरी ने विश्रामपुर थाना में राजू राम पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार संजय चौधरी की पत्नी बकरी चराकर वापस घर आ रही थी। तभी राजू साव अपने घर के पास बकरियों को लाठी डंडे से तब तक पीटा जब तक सभी बकरियां मर नहीं गईं। वहीं, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।**

# बाघमारा और बरोरा में फिर शुरू हुआ कोयले का अवैध कारोबार

**खाकी और खादी की मिलीभगत से तस्करों का हौसला बुलंद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** कोयलांचल धनबाद में कोल माफिया एक बार फिर से सक्रिय होने लगे हैं। केसरगढ़ा के कोल माइंसों में अपना दबदबा रखने वाले डब्ल्यू ने कोयले के अवैध कारोबार को वृहद पैमाने पर शुरू कर दिया है। यह शातिर कोल माफिया बेखौफ होकर ट्रकों में अवैध कोयला लादकर गोविंदपुर, बरवाअड्डा और तोपचांची के कोयला डिपो में खपा रहा हैं। उसे ना ही प्रशासन का डर है, ना ही आम जनता की जान की चिंता।







## कौन है, डब्ल्यू

केसरगढ़ में मामूली से ट्रांसपोर्टिंग चलाने वाला यह व्यक्ति मुंशी का काम कर ट्रकों में कोयला लोड कर भेजा करता था। कोयले की दलाली करते-करते उसकी भूख इतनी बढ़ गई कि वह कोयले के अवैध कारोबार में शामिल हो गया। कथित रूप से राजनीति में कई बड़े नेता से पकड़ रखने वाला कोल माफिया केसरगढा, भीम कनाली आदि जगहों पर बेखौफ होकर कोयले का अवैध कारोबार कर चंद दिनों में ही कोल माफिया की उपाधि ले ली।

## आठ माह बाद फिर बढ़ी सक्रियता

बताते चलें कि करीब 8 माह तक कोयला का अवैध धंधा बाघमारा और बरोरा थाना क्षेत्र में लगभग बंद था। पर मई महीने से यह अवैध कारोबार फिर शुरू हो गया है। इस बार तस्करी का नया तरीका निकाला गया है। जिसमें अवैध कारोबारियों का एक बड़ा नेटवर्क शामिल है। जो रात होते ही इन इलाकों में सक्रिय हो जाते है। सूत्रों की मानें तो वर्तमान में कोयला चोरी के पीछे नामचीन कोयला तस्करों में, डब्ल्यू, तेजू और मिथुन सहित कई तस्कर शामिल है। जिनका खादी और खाकी में अच्छी पकड़ है। बाघमारा थाना क्षेत्र के केशरगढा. के जंगलों एवं बरोरा के मुराईडीह फोर 'ए' पेच समेत अन्य जगहों में फिर से कोयला तस्करी का साम्राज्य स्थापित कर चुके हैं। आरोप है कि तस्कर कोयले का उक्त कारोबार बीसीसीएल एवं फॉरेस्ट विभाग की जमीन पर जेसीबी मशीन से बड़े-बड़े सुरंग बनाकर कई किलोमीटर तक जंगल को खोखला कर यहां से बेखौफ होकर व्यापक स्तर पर कोयले की अवैध खुदाई कर रहे हैं और गरीब मजदूरों के जीवन को दांव पर लगा रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस पूरे मामले में स्थानीय कई बड़े नेता व वन विभाग, स्थानीय पुलिस, बीसीसीएल व सीआइएसएफ के कई बड़े अधिकारियों का संरक्षण कोयला तस्करों को प्राप्त है। ग्रामीण जब विरोध करते हैं तो तस्कर गोली व बम चलाने से भी नहीं डरते हैं। उधर, प्रतिदिन करोड़ रुपये की बेशकीमती कोल संपदा लूटा जा रही है और इससे संबंधित सभी विभाग के अधिकारी-पदाधिकारी चुप्पी साधे बैठी है।

# डालसा ने नशे के शिकार बच्चों के बचपन को दिया नया मोड़ : न्यायाधीश



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत धनबाद के चिरागोडा से नशे के शिकार एक और नाबालिक का रेस्क्यू सीडब्ल्यूसी के सहयोग से किया गया। बच्चों के नशे में लिप्त हो जाने की शिकायत खुद उसकी मां ने आकर अवर न्यायाधीश से की थी । उसने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है और वह छोटे-मोटे सामान बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। पर उसका बच्चा गलत संगत में आकर नशा की लत में पड़ गया था। डालसा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी उसे अखबारों व नुक्कड़ नाटक से मिली। इसके बाद उसने न्यायाधीश से संपर्क किया। पूर्व में 13, 20 और 29 मई को भी बच्चे का रेस्क्यू किया गया था। बच्चे को तुरंत इलाज के लिए धनबाद के सदर अस्पताल में लाया गया। न्यायाधीश ने डॉक्टर को बच्चों के समुचित इलाज का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने सीडब्ल्यूसी को निर्देश दिया कि बच्चे की पढ़ाई-लिखाई और उचित देखभाल के लिए तुरंत प्रबंध किया जए। नाबालिक बच्चा चिरागोडा का रहने वाला है। उसने बताया कि साथियों के साथ उसने नशा करना सीख लिया। इस बावत अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि झालसा के निर्देश पर नशाखोरी में लिप्त बच्चों को पुलिस सीडब्ल्यूसी, चाइल्ड हेल्पलाइन की सहायता से रेस्क्यू कर डॉक्टर की सहायता से उनकी लत को छुड़ाकर उनके उज्जवल एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर वात्सल्य परियोजना पूरे जिले में चलाई जा रही है। जिसके तहत आज भी एक बच्चे का रेस्क्यू हुआ है। अब तक चार बच्चों को रेस्क्यू कर उसे मुख्य धारा में लाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। इस मौके पर परियोजना के सदस्य, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, डीसीपीओ साधना कुमारी, योजना एनजीओ के संतोष विकराल, चाईल्ड हेल्पलाइन के कोऑर्जिनेटर स्मिता कुमारी, गोपाल राय, उस्मान, नितेश कुमार, कांउसलर लखी कुमारी, पीएलवी गीता कुमारी और राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हथियारों की खरीद-बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने देशी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार



**कतरास (आजाद सिपाही)।** पुलिस की गस्ती दल को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध तरीके से हथियारों की खरीद-बिक्री होने वाली है। इसके बाद बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज ने तुरंत एसआइटी गठित की। जिसने भुइयां चितरो निवासी दिलदार आलम के घर में छापामारी की। वहां दिलदार आलम की कमर से 8एमएम कारतूस से भरा देशी कट्टा बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हथियार भी जब्त कर लिया गया। उसके खिलाफ तोपचाची थाने में कांड संख्या 84/24 के आर्म्स एक्ट 1959 की भादवि की धारा 25 (1बी) एवं 26 के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई के लिए आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसकी जानकारी शुक्रवार को सिजुआ स्थित कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर बाघमारा डीएसपी ने दी। इस दौरान छापामारी दल में तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार, पुअनि कुमार नितिन पोद्दार, पुअनि सुरेश उरांव, सअनि कामेश्वर नाथ दूबे, आरक्षी सह रिजर्ब गार्ड विनय कुमार गुप्ता, आरक्षी सह रिजर्व गार्ड राज कुमार आदि शामिल थे।

### मास्टरों , ट्रेनर व काउंटिंग स्टाफ को दिया गया काउंटिंग हॉल तक सीयू पहुंचाने का प्रशिक्षण




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला निवार्ची पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को न्यू टाउन हॉल में सभी मास्टर ट्रेनर और काउंटिंग स्टाफ को काउंटिंग हॉल तक टेबूल अनुसार सीयू पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डीसी ने मास्टर ट्रेनर और काउंटिंग स्टाफ को बताया कि सभी कर्मी ध्यानपूर्वक अपने दायित्व का निर्वाहन करें, ताकि मतगणना के कार्य में कोई चूक ना हो। कर्मियों को बताया गया कि सावधानी पूर्वक आवंटित विधानसभा के काउंटिंग हॉल में संबंधित टेबल तक उन्हें सीयू पहुंचानी है। किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसका ध्यान जरूर रखें। सभी को चार जून की सुबह पांच बजे तक मतगणना स्थल पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

### विश्वकर्मा प्रोजेक्ट में पेलोडर लोडिंग के विरोध में युवा बेरोजगार मंच ने किया प्रदर्शन

**धनसार (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा कोलडंप मे पेलोडर लोडिंग के विरोध में शुक्रवार को युवा बेरोजगार मंच समर्थित संगठित मजदूरों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस कारण करीब चार घंटे तक कोयला डिस्पैच प्रभावित रहा। संगठन के अध्यक्ष गुड्डू सिंह को कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन ट्रक लोडिंग मजदूरों का रोजगार छीनने की साजिश रच रही है। फारवर्ड डीओ के नाम पर पेलोडर लोडिंग का विरोध किया जाएगा। फारवर्ड डीओ को सामान्य डीओ की तरह असंगठित मजदूरों से मैन्युअल लोडिंग कराया जाए. ताकि सैकड़ों असंगठित मजदूरों को रोजगार मिल सके। बीसीसीएल प्रबंधन ने पूर्व में युवा बेरोजगार मंच समर्थित असंगठित मजदूरों को आश्वासन दिया था कि आने वाले समय में असंगठित मजदूरों के रोजगार में वृद्धि की जाएगी। प्रबंधन इसके उलट पर पे लोडर लोडिंग को बढ़ावा देना चाह रही है, जिसका विरोध असंगठित मजदूर जारी रखेंगे। मौके पर नाथू चौधरी, बालेश्वर चौहान, प्रदीप राम, किशोर रवानी, प्रमोद यादव, रामबाबू कर्ण, गौतम दत्ता, रामचंद्र विश्वकर्मा और सुषमा देवी आदि उपस्थित थे।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, बाल बाल बचे नौनिहाल

**धनसार (आजाद सिपाही)।** एना तालाब स्थित डोम बस्ती में गुरुवार की रात शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। जिससे घर का पूरा सामान जल कर खाक हो गया। घर की मालकिन सरस्वती बाउरी ने बताया कि घर के सामने बिजली का पोल है, जिससे ऐसी घटना घटित हुई। घर में दो छोटे-छोटे बच्चे थे, उनको किसी तरह बचाया जा सका। लेकिन पूरा सामान जल कर खाक हो गया। वहीं, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश आइटी सेल प्रभारी बप्पी बाउरी ने इसकी सूचना नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को दी। इस पर अमर बाउरी ने कहा कि इस बाबत झरिया के सीओ व एना परियोजना पदाधिकारी से बात करेंगे। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सीएमडी से भी बात करेंगे। इधर, मामले को लेकर बप्पी बाउरी ने आरोप लगाया कि एना परियोजना के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से ऐसी घटना घटित हुई है।

**कार्रवाई : ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देने की कर रहे थे कोशिश**

# पूर्व टुंडी में दो साइबर ठग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** साइबर अपराध के खिलाफ धनबाद पुलिस को गुरुवार की रात एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पूर्वी टुंडी की पुलिस टीम ने साइबर अपराध से जुड़े दो शातिर अपराधियों को तकनीक की मदद से रंगे हाथ धर दबोचा। जानकारी के मुताबिक वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन को मिले गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) संदीप गुप्ता के निर्देश पर पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी मदन चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पूर्वी टुंडी के लटानी ग्राम के दास टोला में छापामारी की। इस दौरान प्रेम प्रकाश दास ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहा था, जिसे पुलिस ने रंगे हाथ दबोच लिया। पुलिस ने प्रेम के साथ ही उसके साला गोविंदपुर अपर बाजार निवासी संजय रविदास उर्फ बंटी को भी गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्थानीय निवासियों से सहयोग की अपील की पर कोई भी स्वतंत्र गवाह बनने को तैयार नहीं हुआ। जिसके बाद पुअनि राधे बाड़ा एवं पुअनि पगान मुर्मू को स्वतंत्र गवाह बनाकर जब कमरे की तलाशी ली गई तो मौके से कुल 9 मोबाइल फोन, सिम कार्ड व एक बैकअप चार्जर बरामद किया गया। लगे हाथ मौके से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद हुए जिसमे सैकड़ो बैंक खातें, मोबाइल नंबर से जुडी जानकारी दर्ज थी। दोनों आरोपी इन्हीं बैंक खातों से जुडी जानकारी के आधार पर ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। दोनों ठगों की गिरफ्तारी के बाद जांच में पता चला कि गिरफ्तार दोनों अपराधकर्मी पिछले कुछ समय से ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। दोनों अपराधियों ने साइबर ठगी की कई वारदतों को अंजाम देते हुए अब तक कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। फिलहाल गिरफ्तार दोनों अपराधियों सहित कुल तीन व्यक्तियों के खिलाफ पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी ने भादवि की धारा 413, 419, 420, 467, 468, 471, 120बी एवं 66बी, 66सी व 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



पकड़े गये साइबर ठगों की जानकारी देती पुलिस।

# तंबाकू के सेवन से होती हैं कई तरह की गंभीर बीमारियां, इससे दूरी ही बेहतर : एसपी ग्रामीण

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर धनबाद पुलिस मुख्यालय में पुलिस पदाधिकारीयों-कर्मियों को दिलाई गई शपथ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय में कार्यरत सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी। वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर जिले के सभी पुलिस थानों व ओपी परिसर में भी तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिला पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कपील चौधरी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों-कर्मचारियों से संकल्प लेकर कभी भी धूम्रपान व अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के साथ ही स्वजन व परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। पुलिस अधीक्षक ने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों एवं दुष्परिणामों की जानकारी दी। बताया कि तंबाकू के सेवन की वजह से दृष्टि को संचालित करने वाले हिस्से प्रभावित होते हैं। जिससे आंखों की रोशनी कम हो जाती है। मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और डाइबिटिक रेटीनोपैथी जैसी गंभीर बीमारियों के लक्षण पाए जाते हैं। तंबाकू सेवन से शरीर की प्रतिरोधक शक्ति कम हो जाती है। व्यस्कों में कैंसर, हृदय रोग और बच्चों में श्वांस, कान व फेफड़ें भी ठीक प्रकार से कार्य नहीं करते है। इन्हीं बीमारियों से बचाव के लिए तंबाकू का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कपील चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) संदीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।



**श्रद्धांजलि : महामानव की तरह थे योगेश्वर बाबू : जलेश्वर महतो**

# योगेश्वर प्रसाद हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत: अनुपमा सिंह

## अभिभावक की तरह थे योगेश्वर बाबू: मन्नान मल्लिक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के पूर्व सदस्य, पूर्व मंत्री सह सांसद योगेश्वर प्रसाद योगेश की 17वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के रामगोपाल भुवानियां की अध्यक्षता में कनकनी स्थित योगेश्वर प्रसाद योगेश स्मृति मंच के लाइब्रेरी भवन में समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि योगेश्वर प्रसाद योगेश सादगी, ईमानदारी और शालीनता के धनी थे। सादगी से परिपूर्ण उनके जीवन शैली महान थी। आज के युवाओं को उनके रास्ते पर चने की जरूरत है। उन्होंने संगठित-असंगठित मजदूर एवं प्रवासी मजदूरों के बारे में प्रखरता से आवाज उठाया था। दलितों-पिछड़ों एवं मजदूरों के मसीहा थे। उस वक्त श्रमिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तहत असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की लड़ाई लड़ी एवं असंगठित मजदूरों की बेहतर जिंदगी के लिए कई सुझाव केंद्र सरकार को दिए। असंगठित मजदूरों के लिए राष्ट्रीय वेतन नीति बनाया जाए, ताकि संगठित और असंगठित मजदूरों की बीच के मौजूदा जमीन-आसमान के फर्क को कम किया जा सके। संगठित क्षेत्र के महिला व पुरुष मजदूरों की मजदूरी में समानता लाई जाए। नए-नए उद्योग लगाकर श्रमिकों के पलायन वादी प्रवृत्ति को रोकना, बाल श्रमिकों को शिक्षित करने आदि का बिड़ा उठाया था। उनकी कमी ताउम्र खलती रहेगी। वहीं, पूर्व मंत्री सह झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने योगेश बाबू को महामानव बताया। कहा कि योगेश जीवन पर्यंत गरीब कमजोर शोषण की लड़ाई लड़ते रहे। वह एक सिद्धांतवादी नेता थे। जबकि पूर्व मंत्री मन्नान मलिक ने योगेश को अभिभावक कहा और उन्हें गांधीवादी नेता बताया। प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि योगेश बाबू में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं था। धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा योगेश बाबू जैसा व्यक्तित्व का धनी राजनीतिक में दुर्लभ होते हैं। धनबाद लोकसभा क्षेत्र की आइएनडीआइए गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने योगेश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा योगेश सच्चे देश भक्त एवं सादगी की मिसाल थे। वहीं, श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में शकील अहमद, सतपाल सिंह ब्रोका, लक्ष्मण तिवारी, रवि चौबे अक्षयवर प्रसाद, राजेंद्र चौहान, सिपाही चौहान और राजकुमार आदि शामिल थे।



योगेश्वर प्रसाद योगेश की तस्वीर पर माल्यार्पण करती अनुपमा सिंह व अन्य।

# अचानक आयी आंधी-बारिश से गिरा विशाल जामुन का पेड़, बाउंड्री और आवास क्षतिग्रस्त



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी से परेशान लोगों को अचानक आइ तेज आंधी-बारिश से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन तेज हवाओं और बज्रपात से नुकसान भी हुआ है। गुरुवार की शाम आये तूफान में स्वांग न्यू माइनस निवासी सीसीएल कर्मी खेमन महतो के आवास में स्थित जामुन का विशाल पेड़ जड़ से उखड़ गया। जिससे बाउंड्री व बगल में स्थित विनोद साव के आवास का एडवेस्टर शीट टूट गया। इससे घर में रखे समान को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं हजारीमोड़ के पास एक सूखे वृक्ष पर ब्रजपात होने से उसमें आग लग गई। रात भर पेड़ से आग की लपटे उठती रही और पेड़ धू-धू कर जलता रहा। वहीं, तेज हवाओं के चलते पूरे क्षेत्र में रातभर विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
सैनिक कल्याण निदेशालय,

**डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रण की सूचना**

1. सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक व्यक्तियों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह– सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के निम्नलिखित दुकानों के आवंटन के लिये आवेदन आमंत्रित करता है :–

| क्रम संख्या | दुकान संख्या | दुकान का क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| (क) | D-21/C | 298.64 वर्गफीट |
| (ख) | D-22/ A | 298.64 वर्गफीट |
| (ग) | D-22/B | 162 वर्गफीट |
| (घ) | D-23/C | 298.64 वर्गफीट |
| (ङ) | D-23/D | 162 वर्गफीट |
| (च) | F-35/A | 298.64 वर्गफीट |
| (छ) | F-35/D | 162 वर्गफीट |
| (ज) | F-37/A | 298.64 वर्गफीट |
| (झ) | F-37/D | 162 वर्गफीट |

2.निविदा/विहित आवेदन प्रपत्र (Prescribed Tender/ Application Form) में अन्य आवश्यक शर्तों का विवरण दिया गया है जो कि इस कार्यालय से 1500/– रूपये (एक हजार पाँच सौ मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट (DD) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता हैं। डिमांड ड्राफ्ट "Jawan Bhawan Fund, Sainik Kalyan Nideshalaya, Ranchi" के नाम से होगा। कोई भी कार्य दिवस में समय 10 बजे पूर्वाहन् से 05 बजे अपराहन् 13 जून 2024 तक प्राप्त कर सकते है।

3. आवेदन प्रपत्र 29 जून 2024 पाँच बजे अपराहन् तक पहुँच जाना चाहिए और लिफाके के उपरी भाग में "दुकान संख्या ........ हेतु आवेदन" अवश्य लिखा होना चाहिये। प्राप्त आवेदनों को अधिकारियों की एक समिति द्वारा 02 जुलाई 2024 को 11:00 बजे खोला जायेगा। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह– सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

निदेशक के आदेशानुसार
ह/–
(भू–सम्पदा पदाधिकारी)
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार मेन रोड, राँची

स्थान : राँची
दिनांक : 31 मई 2024

PR 325242 Home(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 जून, 2024
www.azadsipahi.in



# राज्य के नौ शहरों में तापमान 45 डिग्री

## इन सभी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य के तटीय जिलों जैसे बालेश्वर, भद्रक, केंद्रापड़ा, जगतसिंहपुर, कटक, गंजाम, गजपति, पुरी, नयागढ़ में आर्द्रता 80 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई। इन जिलों में भारी लू होने की संभावना है। हालांकि, राउरकेला में तापमान इन सभी जिलों की तुलना में काफी अधिक था। कल तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पारा कम रहा। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा महांति ने कहा कि अगर इस तरह के लू में लगातार बाहर काम करते है तो हिट वेव शिकार होने की संभावना ज्यादा है। हालांकि, अगर कोई आम आदमी दो दिन धूप में काम करता है, तो तबीयत बिगड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्रीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है, तो इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। दूसरी ओर, धूप में लगातार काम न करें। मनोरमा महांति ने कहा कि गर्मी से खुद को बचाने की जरूरत है। तटीय जिलों में कल चुनाव हैं, उन जिलों में अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है, हालांकि तापमान अधिक नहीं होगा, लेकिन गर्मी महसूस होने की संभावना है। इसलिए लोगों को सावधान रहने की जरूरत है," उन्होंने कहा। वहीं, 24 घंटों में 9 शहरों का तापमान 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। इसके अलावा, झारसुगुड़ा में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले तीन दिनों तक कुछ स्थानों पर हिट वेव की संभावना है। वे जिले हैं सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, संबलपुर, बरगढ़, सोनपुर, बौध, बलांगीर, नुआपड़ा, मालकानगिरी, कंधमाल, कलाहांडी। इसलिए इन जिलों को आज और कल के लिए ऑरेंज चेतावनी जारी की गयी है।

# राउरकेला में 16 की मौत, हीट वेव का संदेह

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सुंदरगढ़ जिले में गुरुवार को 14 लोगों की अस्वाभाविक मौत हुई है। गुरुवार शाम तक राउरकेला और इसके आसपास के इलाकों में 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इसी तरह आज दो और लोगों की मौत हो गयी। बताया गया है कि 6 लोगों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गयी और 4 लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। जबकि आज दो और लोगों की मौत हो गयी। जिले में हिट वेव कारण से मौत की आशंका किया जा रहा है। राउरकेला एडीएम और पानपोष उपजिलापाल ने अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया गया है कि गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक 25 और लोगों को हस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से पांच से छह का गंभीर हालत में राउरकेला सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जनस्वास्थ्य निदेशक नीलकंठ मिश्र ने अस्वाभाविक मौत की जांच के आदेश दिए हैं। शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता लगेगा।

### आखिरी चरण के मतदान के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी

# 36000 पुलिसकर्मियों के जिम्मे मतदान की कमान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में कल चौथे चरण का मतदान होगा। चौथे चरण यानी आखिरी चरण में कल 6 लोकसभा और 42 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पुलिस महानिदेशक अरुण षाड़ंगी ने कहा कि इस स्तर पर कहीं भी कोई माओवादी गतिविधि नहीं है, हिंसा पर नजर रखी जा रही है। उनके अनुसार, 25 वर्षों में पहली बार माओवादी क्षेत्रों में शांतिपूर्ण चुनाव हुए। इस बार 10,882 बूथ हैं। इसमें से 21 प्रतिशत बूथ संवेदनशील हैं। इस चुनाव में 36 हजार पुलिस बल नियोजित होंगे। अर्धसैनिक बलों की 126 कंपनियां, ओड़िशा सेना पुलिस की 86 प्लाटून होंगी। बूथ की निगरानी के लिए 843 मोबाइल पेट्रोलिंग पार्टियां काम कर रही हैं। पेट्रोलिंग पार्टी जीपीएस के माध्यम से कंट्रोल रूम की निगरानी करेगी। वहीं, विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी एसडीपीओ और डीएसपी होंगे। कुइक एक्सन दल संवेदनशील क्षेत्रों में काम करेंगे। संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। कानून-व्यवस्था बनाये रखने और चुनाव कराने के लिए जिला सीमाओं पर 21 सीमा चौकियों पर कड़ी जांच चल रही है। सीमा चौकियों पर सभी वाहनों की जांच की जा रही है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 255 फ्लाइंग स्क्वार्ड चकर लगा रहा है। इसके अलावा 255 स्टाटीक निगरानी टीमें घूम रहे हैं। इन 13 स्थानों पर ईवीएम स्ट्रांग रूम हैं। आंतरिक घेराबंदी के प्रभारी अर्धसैनिक बल भी होंगे। ओड़िशा पुलिस बाहरी घेराबंदी की जिम्मेदारी संभालेगी। जनवरी के पहले सप्ताह से अब तक 555 एंटी-नक्सल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। कुल 36 मामले दर्ज किये गये हैं जबकि आचार संहिता के उल्लंघन के मामले दर्ज किये गये हैं। 49 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। जनवरी के पहले सप्ताह से अब तक 34 हजार 602 वारंट जारी किये गये हैं। 4 हजार भगोड़े के विरोध में लटका लगा है। 1,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को धारा 107, 109, 110 के आधार पर दमन किया गया है। कुल मिलाकर 51,000 से अधिक कार्यवाही जारी की गयी हैं। भुवनेश्वर और कटक में 3 को तड़ीपार घोषित किया गया है। वहीं 11 लोगों पर एनएसए लगाया गया है। विशेष अभियान चलाकर 281 लोगों से अवैध हथियार बरामद किये गये हैं। बंदूक के तीन ठिकानों की पहचान की गयी है। 6 लाख लीटर शराब जब्त की गयी। 26, 000 से अधिक एनडीपीएस मामले हुए हैं। 860 कुंतल गांजा जब्त किया गया। 5 हजार एकड़ जमीन से गांजा की खेती नष्ट किया गया है। 5 किलो ब्राउन शुगर जब्त किया गया है। मादक पदार्थ जब्ती की कुल कीमत 89 करोड़ रुपये की गयी है। एसएसटी ने गाड़ी से 6.29 करोड़ से ज्यादा रुपये जब्त किए हैं। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है और आपत्तिजनक पोस्ट हटा दिए गये हैं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि ओड़िशा पुलिस स्वतंत्र, निष्पक्ष और निरपेक्ष चुनाव के लिए प्रतिबद्ध है।

# सम हॉस्पिटल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल के फुलनखरा परिसर में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के ईएनटी विभाग द्वारा आम जनता के लिए नशीली दवाओं और तंबाकू से बचने के बारे में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां विश्व में तंबाकू सेवन से कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, वहीं मानव जाति को इससे बचाने और प्रतिकार उपचार उपलब्ध कराने के लिए फुलनखरा स्थित सम हॉस्पिटल द्वारा यह जागरूकता कार्यक्रम किया गया है। इस अवसर पर तंबाकू सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूकता संदेश दिया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि जहां दुनिया में हर साल 60 से 80 लाख लोग कैंसर से मरते हैं, वहीं भारत में हर साल 10 से 12 लाख लोग इस बीमारी से पीड़ित होते हैं। गुटखा का अत्यधिक सेवन ओरल कैविटी का मुख्य कारण है। खासकर युवाओं को अब और अधिक जागरूक होने की जरूरत है और उन्हें तंबाकू के सेवन से सावधान करने की जरूरत है। इस कार्यशाला में इस वर्ष की थीम 'प्रोटेक्टिंग चिल्ड्रेन फर्म तवाको इंडस्ट्री इंटरफेस ' पर चर्चा की गयी। जागरूकता कार्यशाला में सम फुलनखरा परिसर के डीन प्रो. (डॉ.) अरक्षित स्वाइं, चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) राजेश कुमार लेंका, ईएनटी विभाग के प्रमुख डॉ खगेश्वर राउत और एनेस्थीसिया विभाग के प्रो डॉ शुकदेव नाइक के साथ-साथ मेडिसिन, सर्जिकल इकोलॉजी, ईएनटी जैसे विभिन्न विभागों के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

# स्वच्छता पर हस्ताक्षर अभियान के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कर्मचारियों और सहयोगियों के बीच स्वच्छता के लिए हस्ताक्षर अभियान के साथ एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड, रांची में स्वच्छता पखवाड़ा समारोह का समापन हो गया। हस्ताक्षर अभियान का उद्घाटन अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ (एनएमएल) ने किया, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें राम बाबू प्रसाद, एसोसिएट (खनन) नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक (एसएससी-सीएंडएम) रजनीश रस्तोगी, मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) और कर्मचारी शामिल थे। अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यालय परिसर और देश को स्वच्छ रखने की शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित करना था। स्वच्छता पखवाड़ा-2024 जो 16 मई से 31 मई, 2023 तक स्वच्छता और साफ-सफाई के बारे में जागरूकता फैलाने में समुदाय को शामिल करने पर ध्यान देने के साथ मनाया गया। इस अवधि के दौरान, विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयी, जैसे रांची रेलवे स्टेशन, सरकारी हाई स्कूल में सफाई अभियान, गृहणियों और कार्यालय कैंटीन कर्मचारियों के लिए रसोई अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशालाएं, सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, स्ट्रीट वेंडरों को डस्टबिन और हैंड सैनिटाइजर का वितरण आदि, कर्मचारियों और सहयोगियों का सहयोग रहा।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नरेंद्रपुर विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर, टाटा स्टील फाउंडेशन की रिस्ता (रीजनल इनिशिएटिव फॉर सेक्सुअल हेल्थ फॉर टुडेज एडोलेसेंट) टीम द्वारा ढेंकनाल ओडापड़ा ब्लॉक के नयाभागिरथीपुर और नरेंद्रपुर गांवों में एक जागरूकता सत्र और रैली का आयोजन किया गया है। हर साल 31 मई को मनाए जाने वाले इस दिन का उद्देश्य तंबाकू के सेवन से जुड़े स्वास्थ्य खतरों को उजागर करना और तंबाकू के सेवन को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों के लिए सिफारिशें करना है। इस वर्ष का विषय 'तंबाकू से बच्चों की बचाना' रिस्ता टीम द्वारा आयोजित प्रभावशाली कार्यक्रम के पीछे का उद्देश्य था।

जागरूकता अभियान में 10 से 19 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों और लड़कों, आंगनवाड़ी कर्मी, आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) और इलाके के जन प्रतिनिधियों सहित 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के बाद टाटा स्टील फाउंडेशन की अधिकारी कविता धल ने स्वागत भाषण दिया।

# मुख्य सतर्कता अधिकारी ने एमसीएल में कई प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) ने 16 से 22 मई 2024 तक तालचेर और इब वैली कोलफील्ड्स में कोयला परिवहन और मानसून से संबंधित कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। यह एक आवधिक निरीक्षण था, जिससे एमसीएल में पारदर्शिता और सुशासन में बढ़ोतरी होगी।

# भद्रक में भाजपा नेता पर हमला की घटना पुलिस ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को धामरा के पास करंजमल पंचायत धनकुट क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के लिए प्रचार कर रहे थे, तभी बीजू जनता दल (बीजद) कार्यकर्ताओं ने उन पर संघ बध होकर मरणात्मक आक्रमण किया। भाजपा के एक गाड़ी को भी तोड़फोड़ की गयी। इसके बाद कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं का अपहरण कर लिया गया, अब तक उनका पता नहीं चलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धमरा थाने में शिकायत की है। पुलिस ने कल चांदबाली करंजमल में भाजपा राज्य युवा मोर्चा के अध्यक्ष और उनके सहयोगी पर हमले के सिलसिले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गये सभी पांचों लोग बीजू जनता दल बीजद के कार्यकर्ता बताए जाते हैं। इस बीच बीजद ने पलटवार एतला किया है। चांदबाली बीजद ने 11 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मुताबिक गुरुवार को भाजपा के राज्य युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिलेष पंडा ने अपने कुछ पार्टी कार्यकताओं के साथ करंजमल में चुनाव प्रचार कर रहे थे, तभी करंजमल के पूर्व सरपंच और उनके साथियों ने उन पर मरणात्मक आक्रमण किया और उनके वाहन में तोड़फोड़ की। उसके साथ मौजूद अन्य लोगों पर भी हमला किया गया। उन्हें तुरंत बासुदेवपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# एसआरसी ने हिट वेव की चेतावनी दी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एसआरसी सत्यब्रत साहू ने शुक्रवार को लू की चेतावनी दी। मौसम विभाग के अनुसार, लू की लहर अगले 3 दिनों तक जारी रहेगी। पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों में 3 तारीख तक लू की लहर रहेगी। लू की लहर के कारण व्यस्त समय के दौरान बाहर न जाने की सलाह दी जाती है। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक धूप में काम करना मना है। इस समय पर काम करने पर कानून के मुताबिक कार्रवाई की जायेगी। सुंदरगढ़ जिले से 12 और झारसुगुड़ा से 6 लोगों की मौत हुई। एसआरसी ने कहा कि जांच के बाद यह स्पष्ट हो जायेगा कि हिट वेव कारण हुआ है या नहीं। एसआरसी ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से दिशानिर्देश जारी होने की जानकारी दी है जबकि कुछ स्थानों पर चुनाव हैं। राज्य में गर्मी की लहर अगले 48 घंटों तक जारी रहेगी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान विभाग ने आभ्यंतरीण ओड़िशा के कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। माइक पर सतर्क रहने की चेतावनी दी जा रही है क्योंकि राज्य में असहनीय गर्मी और आर्द्रता बना हुआ है। मौसम विभाग ने लोगों को घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

ADVERTISMENT FOR THE POST OF
REGISTRAR, F.O, CONTROLLER OF EXAMINATIONS & Dy. REGISTRAR
AT BABU DINESH SINGH UNIVERSITY, GARHWA, JHARKHAND
(A State Private University)
Applications are invited for the post of **Registrar, Finance Officer, Controller of Examinations & Deputy Registrar** for Babu Dinesh Singh University, Garhwa, Jharkhand. The details of advertisement for the above posts and application format is available at the university website https://www. bdsu.ac.in.
The application should reach in the office on or before 15th June, 2024 by post up to 05:00 PM or application can also be sent through e-mail: registrar@bdsu.ac.in/ bdsugarhwa@gmail.com, Contact No.- +91-9241998498 / +91-9471343414
Sd/-
Registrar
Babu Dinesh Singh University,
Ref. No. : BDSU/R/117/24 Farathiya, Garhwa Jharkhand- 822114

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

50% Off on Making Charge
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD SILVER DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
91 9955526560
91 9431143722

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office: 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**